* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

23 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 08, अंक 35


**उत्तरी कमान के प्रमुख का बयान :** भारतीय सेना गुलाम कश्मीर को वापस लेने को तैयार, बस आदेश का इंतजार














## समारोह : झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस का हुआ आयोजन

# मुख्यमंत्री ने कहा, गुरुजी के नेतृत्व में झारखंड मिला राज्यपाल ने कहा, अटल जी ने राज्य का निर्माण किया

- विनोद कुमार सिंह को उत्कृष्ट विधायक से किया गया सम्मानित
- शहीदों को सम्मान, तो खिलाड़ियों और छात्रों को किया गया पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का 22वां स्थापना दिवस समारोह का मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल रमेश बैस ने किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। इस मौके पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने झारखंड राज्य का निर्माण किया। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड अलग राज्य को गुरूजी यानी शिबू सोरेन के संघर्ष का प्रतिफल बताया। कार्यक्रम में माले विधायक विनोद कुमार सिंह को उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अलावा शहीदों को सम्मान दिया गया। राज्य के खिलाड़ियों और छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

### समारोह में इन्हें किया गया सम्मानित

बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक के रूप में भाकपा माले के विधायक विनोद कुमार सिंह को सम्मानित किया गया। कपिलेश्वर प्रसाद उत्कृष्ट विधान-कर्मी के रूप में संयुक्त सचिव धनेश्वर राणा, निजी सहायक अमित कुमार दास, वरीय सचिवालय सहायक अनवारूल हक अंसारी, चालक हेमंत कुमार चौरसिया और अनुसेवक अजित नारायण को सम्मानित किया गया।

राज्य और देश के लिए खेल के क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए लॉन बॉल खिलाड़ी रूपा रानी तिर्की और लवली चौबे तथा फीफा अंडर-17 विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली झारखंड की अष्टम उरांव, पूर्णिमा कुमारी, नीतू लिंडा, अंजलि मुंडा, अनिता कुमारी और सुधा अंकिता तिर्की को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। इंटरमीडिएट परीक्षा-2022 में टॉपर मानसी साहा (कला), प्रिया कुमारी (विज्ञान) और निक्की कुमारी (वाणिज्य) के साथ मैट्रिक में संयुक्त रूप से टॉपर रहे अभिजीत शर्मा, तन्नू कुमारी, तान्या साह, रिया कुमारी, निशा वर्मा और नीतू कुमारी को सम्मानित किया गया।

देश के लिए वीरगति को प्राप्त सैन्य अधिकारियों, जवानों, नक्सल अभियान में शहीद सुरक्षाबलों के जवानों और सैनिकों को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। उनके परिजनों को यह सम्मान दिया गया।

### पुस्तकों और पत्रिका का हुआ लोकार्पण

विधानसभा स्थापना दिवस समारोह में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो द्वारा लिखित पुस्तक 'संसदीय दायित्व के तीन वर्ष', विधानसभा की त्रिमासिक पत्रिका 'उड़ान' के अलावा 'राज्यपाल का अभिभाषण' और 'वित्त मंत्री का बजट भाषण' पुस्तक का मंच पर मौजूद अतिथियों ने विमोचन किया।



समारोह में शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।



माले विधायक विनोद कुमार सिंह को सम्मानित करते राज्यपाल रमेश बैस।

### आत्म-अवलोकन एवं आत्म-चिंतन का भी दिन: राज्यपाल

राज्यपाल रमेश बैस ने स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बिहार राज्य पुनर्गठन अधिनियम, 2000 के तहत झारखंड राज्य का गठन देश के 28वें राज्य के रूप में हुआ। मैं इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को स्मरण करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करता हूं, जिन्होंने जन-आकांक्षाओं को देखते हुए एवं इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से झारखंड राज्य का निर्माण किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन आप सभी के लिए आत्म-अवलोकन एवं आत्म-चिंतन का भी दिन है। लोकतंत्र के इस मंदिर ने जन-अपेक्षाओं को पूर्ण करने की दिशा में कहां तक सफलता अर्जित की है और आगे किन क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, यह देखना होगा। राज्यपाल ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की मर्यादा और विश्वसनीयता अक्षुण्ण रखना सभी जन प्रतिनिधियों का दायित्व है, क्योंकि उनके आचरण और व्यवहार पर ही प्रतिनिधि संस्थाओं की गरिमा निर्भर करती है। हमारे विधायक प्रतिनिधि संस्थाओं के सदस्य होने के नाते विधान सभा की प्रतिष्ठा और मर्यादा को और उच्च करने में योगदान दें। सदन में बैठकों की कम होती संख्या और कार्यवाही में बढ़ते अवरोध आज चिंता के विषय हैं, जिन पर सोचने और आत्मचिंतन करने की आवश्यकता है। जनता के भरोसे पर खरा उतरने के दायित्व के प्रति जन प्रतिनिधियों को हमेशा संवेदनशील रहना चाहिए।

### सत्ता पक्ष जितनी ही अहम है विपक्ष की भूमिका : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज उत्साह का दिन है। हम लोगों के लिए गौरव की बात है कि हमलोग झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस मना रहे हैं। झारखंड बिहार से अलग होने से पहले झारखंड के आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों का काफी शोषण हुआ। आदरणीय दिशोम गुरुजी के लंबे संघर्ष के बाद सन 2000 में झारखंड राज्य मिला। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च पंचायत के रूप में हम लोगों को विधानसभा मिली। हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा राज्य की सर्वोच्च पंचायत है। यहां सभी सदस्यों को एक समान मान्यता है। जितनी सत्ता पक्ष की भूमिका अहम है, उतनी ही विपक्ष की भी। दोनों के सहयोग से ही राज्य को नयी दिशा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि अलग राज्य और अलग विधानसभा गठन के बाद पिछले 22 सालों में राज्य और राज्य की जनता के लिए हमने क्या किया और आगे क्या किया जाना चाहिए, इस पर मंथन करने की जरूरत है। सभी को मिल-जुल कर कार्य करने की जरूरत है, ताकि राज्य को और बेहतर और मजबूत बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भी यहां के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा और कमजोर वर्ग अपने हक और अधिकार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। हमारी जिम्मेवारी बनती है कि इनके प्रति पूरी संवेदना के साथ कार्य करते हुए उन्हें मुख्यधारा में लाने का प्रयास करें। इन सभी के कल्याण से ही राज्य का सम्यक विकास और खुशहाली संभव है।

### विधानसभा को राष्ट्रीय पटल पर पहचान मिली : अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में झारखंड विधानसभा ने जिन संसदीय परंपराओं का निर्वहन किया है, उसे राष्ट्रीय पटल पर भी पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जिस झारखंड के नवनिर्माण का सपना देखा था, उसे पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, यह संकल्प लें।

### विधानसभा अध्यक्ष ने 27.09 लाख रुपये सीएम राहत कोष में दिये



विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने अपनी लिखित पुस्तक 'विचारों के 11 अध्याय' के रॉयल्टी के तौर पर प्राप्त 27 लाख नौ सौ रुपये की राशि का चेक मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा। वहीं, उत्कृष्ट विधायक के सम्मान से नवाजे गये विनोद कुमार सिंह ने सम्मान राशि को अपने विधानसभा क्षेत्र के महाविद्यालयों में पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराने के लिए देने की घोषणा की।

# आतंकी दाऊद ने रची मोदी को मारने की साजिश

## दो आतंकियों को हत्या की सुपारी दी : मुंबई पुलिस को मिला ह्वाट्सएप मैसेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जान को खतरा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुंबई पुलिस को एक ह्वाट्सएप मैसेज मिला है, जिसमें कहा गया है कि भगोड़े आतंकी दाऊद इब्राहिम ने प्रधानमंत्री को मारने की साजिश रची है। इस मैसेज के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गयी हैं। जानकारी के मुताबिक मुंबई ट्रैफिक पुलिस को भेजे गये ऑडियो मैसेज में कहा गया है कि दाऊद इब्राहिम ने मुश्ताक अहमद और मुश्ताक नाम के दो आतंकियों को प्रधानमंत्री मोदी को मारने की सुपारी दी है। इस मामले में वर्ली थाने में एफआइआर दर्ज करायी गयी है और पुलिस मैसेज भेजने वाले की तलाश कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इसी साल अगस्त में भी जान से मारने की धमकी मिली थी। उस समय एक इ-मेल भेजकर कहा गया था कि आतंकियों के स्लीपर सेल में शामिल 20 लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मारने के लिए तैयार हैं। इ-मेल में कहा गया था कि इस स्लीपर सेल के पास 20 किलो आरडीएक्स है। इ-मेल भेजने वाले ने यह दावा भी किया था कि उसके आतंकवादियों से संबंध हैं। इ-मेल में कहा गया कि इस साजिश के खुलासे से बचने के लिए वह सुसाइड कर रहा है।

## नौकरी : रोजगार मेला के तहत 71 हजार युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

# महामारी, युद्ध के बीच दुनिया में अवसर घटे, भारत की क्षमता साबित करने का मौका : मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रोजगार मेला के तहत 71 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। मोदी कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये शामिल हुए। कार्यक्रम में कई केंद्रीय मंत्री अलग-अलग राज्यों से जुड़े। गुजरात और हिमाचल प्रदेश को छोड़कर यह प्रोग्राम देशभर के 45 शहरों में हुआ। इस मौके पर मोदी ने कहा कि महामारी और युद्ध के बीच दुनिया भर के युवाओं के सामने नये अवसरों का संकट है। ऐसे समय में इकोनॉमिस्ट और एक्सपर्ट्स कहते हैं कि भारत के पास आर्थिक क्षमता प्रदर्शित करने और नये अवसरों को बढ़ावा देने का सुनहरा मौका है। भारत आज सर्विस एक्सपोर्ट के मामले में विश्व की एक बड़ी शक्ति बन गया है। अब एक्सपर्ट भरोसा जता रहे



हैं कि भारत विश्व का मैन्युफैक्चरिंग पावर हाउस भी बनेगा। रोजगार मेला दिखाता है, सरकार किस तरह काम कर रही

पीएम ने कहा कि आज का ये विशाल रोजगार मेला दिखाता है कि सरकार किस तरह सरकारी नौकरी देने के लिए मिशन मोड में काम कर रही है। भारत जैसे युवा देश में हमारे करोड़ों नौजवान इस राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत हैं। अपने युवाओं की प्रतिभा और ऊर्जा, राष्ट्र निर्माण में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में आये, इसे केंद्र सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए मोदी ने कहा कि इस ड्राइव के जरिये अगले साल तक 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का टारगेट है। आपको यह नयी जिम्मेदारी एक खास दौर में मिल रही है। देश अमृत काल में प्रवेश कर गया है। हम नागरिकों ने इस समय में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को प्राप्त करने के लिए आप देश के सारथी बनने जा रहे हैं।

**युवाओं के लिए ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स :** इस मौके पर 'प्रधानमंत्री कर्मयोगी भारत' मॉड्यूल भी शुरू किया गया। इस मॉड्यूल के तहत सरकारी विभागों में सभी नये नियुक्तियों के लिए एक ऑनलाइन ओरिएंटेशन कोर्स होगा। 'कर्मयोगी भारत' टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म में कई ऑनलाइन कोर्स हैं, इससे अपस्किलिंग में काफी मदद मिलेगी। इसमें सरकारी कर्मचारियों के लिए आचार संहिता, कार्यस्थल नैतिकता और अखंडता, मानव संसाधन नीतियां और अन्य लाभ शामिल होंगे, जो उन्हें नीतियों और नयी भूमिकाओं को निभाने में मदद करेंगे।

### रांची में रोजगार मेला, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बांटे नियुक्ति पत्र



**रांची। झारखंड में जनजातीय मामलों के कैबिनेट मंत्री अर्जुन मुंडा ने रांची के संेबो स्थित सीआरपीएफ कैंप में नियुक्ति पत्र वितरित किया। रांची में 170 प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें भारतीय रेलवे से 62, एसएलबीसी से 19, सीआइएसएफ से 20, इएसआइसी से छह, आइटीबीपी से आठ, एसएसबी से 39, असम राइफल से 16 प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र बांटा गया।**




आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 49,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 63,500 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 23 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# हेमंत के 1932 की काट : भाजपा का 'बाबूलाल'!

## फिलहाल झामुमो संग चल रही है पार्टी की जोर-आजमाइश

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड की राजनीति की गर्माहट को समझना है, तो झारखंड की सड़कों पर लगे बैनर, पोस्टर, झंडे, पार्टी विशेष की गाड़ियों की सरसराहट और कार्यकताओं के महाजुटान पर नजर डालना जरूरी है, खासकर झारखंड की राजधानी रांची में। फिलहाल झारखंड की राजनीति में इन दिनों झारखंड मुक्ति मोर्चा और भाजपा ज्यादा सक्रिय दिखाई पड़ रही हैं। दोनों एक-दूसरे को भगाना चाहती हैं और झारखंड को बचाना चाहती हैं। इस क्रम में कांग्रेस और राजद झामुमो की पिछलग्गू प्रतीत हो रहे हैं। चाहे वह 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीयता से संबंधित प्रस्ताव का पारित होना हो या ओबीसी आरक्षण का कोटा बढ़ाने का, दोनों मोर्चों पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ही सारी सुर्खियां और वाहवाही बटोर ली है। और आने वाले दिनों में झारखंड की राजनीति में इसका असर देखने को भी मिलेगा। इससे कांग्रेस और राजद को कितना फायदा मिलेगा या झटका लगेगा, यह तो 2024 के विधानसभा चुनाव में पता चल ही जायेगा। फिलहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा की जमीनी और काफी हद तक आक्रामक राजनीति की काट भाजपा टटोल रही है। उसके पास हथियार तो हैं, लेकिन उसे कहां इस्तेमाल करना है, वह इसका फैसला जल्द लेने वाली है। वह हथियार और कोई नहीं, वर्तमान में भाजपा विधायक दल नेता बाबूलाल मरांडी हैं। बाबूलाल मरांडी ने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में झारखंड में सबसे पहले 1932 के खतियान को आधार बनाकर स्थानीय नीति और नियोजन नीति को एक साथ लागू किया था। यह और बात है कि बाद में हाइकोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। इसी तरह 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को भी बाबूलाल मरांडी की सरकार ने पास किया था, वह भी कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। 1932 के खतियान और आरक्षण के मुद्दे पर बाबूलाल मरांडी और हेमंत सोरेन का फैसला झारखंडियों के हित में था और है। लेकिन इस मुद्दे को लेकर एक मुख्यमंत्री को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी, तो दूसरे ने वाहवाही बटोर ली। फिलहाल भाजपा हेमंत सोरेन की आक्रामक राजनीति और 2024 में लोकसभा और विधानसभा में उसके संभावित असर की काट ढूंढ़ रही है। क्या हो सकती है भाजपा की रणनीति और पार्टी के लिए बाबूलाल मरांडी की जरूरत, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

झारखंड की राजनीति इन दिनों बड़ी तेजी से करवट बदल रही है। यह करवट दो दलीय राजनीति का मंच तैयार कर रही है, जिसमें झामुमो और भाजपा ही मुख्य भूमिका में दिखाई दे रही हैं। बाकी सारे दल और संगठन अपना वजूद बचाने में लगे हैं। झामुमो और खास कर हेमंत सोरेन की आक्रामक राजनीति ने सियासत के इस मंच को जहां अपने हित में सजाने की कोशिश की है, वहीं भाजपा अब इसकी काट ढूंढ़ने में लग गयी है। ऐसे में एक बड़ा सवाल, जो लोगों के जेहन में उठ रहा है, वह यह है कि भाजपा अपने ह्यबाबूलालह्न नामक हथियार का इस्तेमाल कब करेगी। झारखंड की राजनीति में बाबूलाल मरांडी के योगदान और त्याग को कोई नकार नहीं सकता। झारखंडियों के हित के लिए पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी गंवायी, नक्सलियों से दो-दो हाथ करने में अपने पुत्र को खोया और समय-समय पर झारखंड को कई विधायक भी दिये, जिन्होंने समय आने पर उनकी पीठ में छुरा भी घोंपा। लेकिन बाबूलाल मरांडी कभी भी निराश और हताश नहीं हुए। शायद ये दोनों शब्द उनकी राजनीतिक डिक्शनरी में नहीं हैं। फिलहाल भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश संगठन में बड़ा बदलाव करने के मूड में दिखाई पड़ रहा है।

हेमंत सोरेन की आक्रामक राजनीति की काट के लिए भाजपा का ऐसा करना जरूरी है। जिस तरीके से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल के दिनों में फैसले लिये हैं, उसके लिए भाजपा का मानना है कि यह जरूरी हो गया है कि वह भी इन फैसलों को गंभीरता से ले। चाहे वह 1932 के खतियान का मुद्दा हो या ओबीसी आरक्षण का या अनधिकृत निर्माण को नियमित करने की योजना हो, हेमंत सोरेन ने अपना मास्टर स्ट्रोक चल दिया है। एक तरफ तो उन्होंने आदिवासियों, मूलवासियों और पिछड़ों को अपने पाले में करने के लिए 1932 के खतियान और आरक्षण का मास्टर स्ट्रोक लगाया है, तो दूसरी तरफ अनधिकृत निर्माण को नियमित करने की योजना से लाखों लोगों को राहत दी है, जो समाज के हर वर्ग से आते हैं। खासकर यह लाभ शहरी क्षेत्र के लोगों को होगा, जिनमें ज्यादातर भाजपा के वोटर माने जाते हैं। इन्हें भी साधने का प्रोग्राम हेमंत सोरेन ने बना लिया है। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री





हेमंत सोरेन के निर्देश पर नगर विकास एवं आवास विभाग ने राज्य के शहरी क्षेत्र में किये गये अनधिकृत आवासीय निर्माण को नियमित करने की दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग के द्वारा इसके लिए ₹अनधिकृत आवासीय निर्माण को नियमितीकरण करने के लिए योजना -2022₹ का प्रारूप तैयार कर लिया है। मुख्यमंत्री ने योजना को सहमति दे दी है। विभिन्न शहरी क्षेत्रों में 31 दिसंबर 2019 से पहले बने सभी अनाधिकृत भवन निर्माण को नियमित किया जाएगा। इससे राज्य के विभिन्न शहरों में रहने वाले लाखों शहरवासियों को बड़ी राहत मिलगी। फिलहाल भाजपा के पास हेमंत की काट ढूंढ़ने के अलावा और कोई रास्ता नहीं है।

भाजपा नेतृत्व जानता है कि महज सड़कों पर विरोध प्रदर्शन से कुछ नहीं होगा। भाजपा को नयी योजना के साथ मैदान में कूदना पड़ेगा। खुद के लोगों की पहचान करनी होगी। उन्हें वह ताकत देनी होगी, जिसकी उन्हें जरूरत है। झारखंड में भाजपा को एक ऐसे जमीनी नेता को ताकत प्रदान करनी होगी, जिसकी स्वीकार्यता हर वर्ग में हो, खासकर आदिवासियों और मूलवासियों में। झारखंड में भाजपा का मानना है कि उसके पास एक ऐसा नेता है, जिसका कद और मत दोनों ही बड़ा है। जो जमीनी भी है और जिसके कदमों की आहट झारखंड के गांव-गांव, टोलों-टोलों तक में माटी की धूर तक पहचानती है। वह और कोई नहीं, झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी हैं। बाबूलाल मरांडी आदिवासी हैं। वह हमेशा झारखंड हित की ही बात करते आये हैं। उन्होंने अपने मुख्यमंत्रित्व काल में 1932 के खतियान को सिर्फ पास ही नहीं किया था, उसे लागू भी कर दिया था। यह अलग बात है कि बाद में हाइकोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था। लेकिन यह फैसला उनके साहस को दिखाता है। आदिवासियों और मूलवासियों के प्रति उनके समर्पण को दिखाता है। वैसे झारखंड में भाजपा के पास आदिवासी नेताओं की कोई कमी नहीं है। बड़े चेहरों में अर्जुन मुंडा को ही ले लिया जाये। वह मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं और फिलहाल केंद्र में मंत्री हैं। लेकिन केंद्र में मंत्री रहने से केंद्र द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों में उनकी व्यस्तता थोड़ी बढ़ गयी है। वहीं राज्यसभा सांसद और भाजपा के एसटी मोर्चा के अध्यक्ष समीर उरांव भी पार्टी में आदिवासियों का एक बड़ा चेहरा हैं। लेकिन जो कद और हैसियत बाबूलाल मरांडी झारखंड की राजनीति में रखते हैं, उससे उनकी तुलना नहीं की जा सकती। इसका अंदाजा केंद्र को भी है। पिछले महीने गृह मंत्री अमित शाह के बुलावे पर बाबूलाल मरांडी दिल्ली गये थे। माना जाता है कि दोनों के बीच प्रदेश संगठन को लेकर लंबी चर्चा हुई थी। इस दौरान बाबूलाल और भी कई बड़े नेताओं से मिले। वहां उन्हें संकेत दिया गया कि वह प्रदेश में कोई बड़ी जिम्मेदारी के लिए तैयार रहें।

फिलहाल दीपक प्रकाश की अध्यक्षता में पार्टी अच्छा काम रही है और संगठित भी है। उनके प्रयासों से पार्टी और संगठन मजबूत भी हुआ है। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश का कार्यकाल पूरा होने वाला है। सूत्रों की मानें तो पार्टी संगठन की सोच है कि अब बड़ा जनाधार वाला आदिवासी नेता ही प्रदेश अध्यक्ष बने, जिसकी विधानसभा-लोकसभा चुनावों में स्वीकार्यता हो। इस नजर से तो बाबूलाल मरांडी फिलहाल ज्यादातर नेताओं पर भारी पड़ते दिख रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने पहले ही प्रदेश कमेटी को भी स्पष्ट किया हुआ है कि सभी बड़े निर्णयों में बाबूलाल मरांडी की सहमति शामिल हो। केंद्रीय नेतृत्व को पता है कि बाबूलाल मरांडी ही वह कड़ी हैं, जिससे गैर ईसाई आदिवासी समाज को अपने पक्ष में लामबंद किया जा सकता है। बाबूलाल मरांडी की स्वीकार्यता सिर्फ आदिवासियों तक ही सिमित नहीं है। वह समाज के अन्य वर्गों में भी लोकप्रिय हैं। फिलहाल दलबदल के आरोप में विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण में बाबूलाल मरांडी की विधायकी खत्म करने पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। बाबूलाल मरांडी ने हाइकोर्ट में आरोप लगाया है कि सुनवाई में उनका पक्ष पूरी तरह से नहीं सुना गया है। ऐसे में बगैर पक्ष सुने फैसला देने पर रोक लगायी जाये। भाजपा को लग रहा है कि यह प्रक्रिया अभी और लंबी खिंचेगी, ऐसे में वह इस मामले का पटाक्षेप करना चाहती है। पार्टी को पता है कि बाबूलाल मरांडी का पार्टी में कद जितना बढ़ेगा, भाजपा का आदिवासी क्षेत्र में जनाधार उतना ही पुख्ता होगा और संगठन भी मजबूत होगा, क्योंकि बाबूलाल के पास संगठन निर्माण की सशक्त कला है। बाबूलाल मरांडी की छवि ईमानदार और कर्मठ नेता की है। वह माटी के नेता हैं। जमीनी नेता हैं। उनके पास झारखंड के विकास के लिए दूरदर्शिता के साथ-साथ नीतियों का ज्ञान भी है। उन्हें झारखंड की जमीनी समस्याओं का बोध भी है, तो उन्हें सुलझाने का मास्टर प्लान भी। ऐसे में अगर केंद्र उन्हें महत्वपूर्ण शक्तियां और अधिकार प्रदान करता है, तो बाबूलाल मरांडी भाजपा को फिर से राज्य के शीर्ष पर बिठाने में सफल हो सकते हैं।

---

# पंकज मिश्रा की बेल पर 26 को फैसला

**फिलहाल जेल की सलाखें ही ठिकाना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** साहेबगंज जिले में अवैध खनन और टेंडर मैनेज करने के आरोप में जेल में बंद सीएम के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत पर 26 नवंबर को फैसला आयेगा। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। बता दें कि जमानत याचिका में सुनवाई के दौरान पंकज मिश्रा के वकील प्रदीप चंद्रा ने अदालत के समक्ष पंकज के मेडिकल ट्रीटमेंट से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किये थे, और खराब स्वास्थ्य के आधार पर बेल देने का आग्रह किया था। वहीं इडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस करते हुए पंकज मिश्रा के अधिवक्ता की दलीलों का पुरजोर विरोध किया, और अदालत से आग्रह किया था कि जमानत नहीं दी जाये।

### जून 2020 के टेंडर विवाद में केस दर्ज किया गया था

बता दें कि इस मामले में पंकज मिश्रा पर चार जून को केस दर्ज किया था। उनपर साहेबगंज जिले के बरहरवा थाने में वर्ष 2020 में प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इसके तहत उन्हें अभियुक्त बनाया गया है। इस मामले में इडी ने शंभु नंद कुमार का बयान भी दर्ज किया था। शंभु ने इडी को दिये अपने बयान में राज्य के कैबिनेट मंत्री आलमगीर आलम का नाम लिया था। साहेबगंज के बरहरवा में जून 2020 के टेंडर विवाद में एक केस दर्ज किया गया था। जिसे इडी ने टेकओवर किया है।

## झारखंड हाइकोर्ट की मौखिक टिप्पणी, कहा-


# जूनियर इंजीनियर बादशाह बने बैठे हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य की अदालतों की सुरक्षा को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर मंगलवार को झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान भवन निर्माण सचिव कोर्ट में उपस्थित हुए। कोर्ट ने भवन निर्माण सचिव को फटकार लगायी। मौखिक कहा कि जब प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज, घाटशिला ने एक जूनियर इंजीनियर के खिलाफ कंप्लेन किया था तो उसके खिलाफ तुरंत एक्शन क्यों नहीं लिया गया। उनका ट्रांसफर तुरंत क्यों नहीं किया गया। इस पर भवन निर्माण सचिव की ओर से बताया गया कि उसे बीते दिनों ट्रांसफर कर दिया गया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि जब हाइकोर्ट इस विषय पर सख्त हुआ है तब आनन-फानन में

**डिस्ट्रिक्ट जज की भी नहीं सुनते**

कार्रवाई की गयी है। 4 माह पहले उस जूनियर इंजीनियर के खिलाफ शिकायत की गयी थी लेकिन एक्शन लेने में इतना समय क्यों लगाया गया। इस पर कोर्ट को बताया गया कि ट्रांसफर करने से मैन पावर की कमी होती है। जिस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि ट्रांसफर के बाद नये लोग आते हैं ऐसे में मैन पावर की कमी कैसे हो सकती है? भवन निर्माण विभाग में 3 साल से अधिक समय से अभियंता एक जगह पर जमे हैं, उनका ट्रांसफर क्यों नहीं किया जा रहा है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि प्रतीत होता है कि जूनियर इंजीनियर बादशाह बन बैठे हैं, वे डिस्ट्रिक्ट जज की नहीं



सुनते हैं। हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की सुनवाई की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता हेमंत सिकरवार ने पैरवी की।

कोर्ट ने गिरिडीह सिविल कोर्ट के भवन के बारे में भी पूछा। साथ ही कहा कि गिरिडीह के भी एक अभियंता ने सटीक जवाब नहीं दिया था। उसके खिलाफ क्या कार्रवाई हुई।

### पूर्व की सुनवाई में सरकार ने दी थी जानकारी

अदालतों और न्यायिक पदाधिकारियों की सुरक्षा में 1900 जवान पदस्थापित हैं। कोर्ट को बताया गया था कि अदालतों और न्यायिक पदाधिकारियों की सुरक्षा में 1900 जवान पदस्थापित हैं। अदालतों की सुरक्षा के लिए सेना से रिटायर सैनिकों की सेवा के साथ-साथ जैप के जवानों के पदस्थापन पर विचार किया जा रहा है। इसका प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया गया है। रांची सिविल कोर्ट में सीसीटीवी कैमरे लगा दिये गये हैं। अदालतों की बाउंड्री वाल सहित सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना है।

# हजारीबाग : गार्ड को बंधक बनाकर 4 नाबालिग समेत 7 युवतियां फरार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर के कल्लू चौक-नुरा रोड स्थित स्वाधार गृह से चार नाबालिग समेत सात युवतियां फरार हो गयीं। घटना सोमवार की देर रात एक बजे की बतायी जा रही है। इस संबंध में स्वाधार गृह की अधीक्षक पूनम साहू ने लोहसिंगना थाने में आवेदन दिया है। इसकी पुष्टि थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने भी दी है। बताया जाता है कि स्वाधार गृह की महिला गार्ड कोमा कुमारी को बंधक बनाकर मुख्य दरवाजे से सातों आरोपी फरार हो गयीं। इस संबंध में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदू प्रभा खलखो ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाशी के लिए पुलिस को आवेदन दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है। फरार आरोपियों में चार नाबालिग किशोरियां और तीन बालिग युवतियां शामिल हैं। ये सभी टाटीझरिया, पतरातू, बड़कागांव, केरेडारी, बरही और दिल्ली की रहनेवाली हैं। इस स्वाधार गृह में फिलहाल 14 आरोपी रह रही हैं, जिनकी सुरक्षा में तीन महिलाएं सेवारत हैं। मिनिस्ट्री ऑफ वुमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट के तहत समर्पण संस्था स्वाधार गृह चला रही है। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु की पीड़ित युवतियों और महिलाओं के लिए पुनर्वास व आश्रम के साथ भोजन, कपड़ा, स्वास्थ्य जांच, आर्थिक मदद और सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था है। लेकिन अब नाबालिगों को भी यहां रखा जा रहा है।

## नाराजगी : झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड की कार्यशैली पर उठाया सवाल

# राज्यपाल ने लौटाया उत्पाद (संशोधन) विधेयक, कहा- पुनर्विचार करे सरकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बोले- उड़नदस्ता गठन का क्या औचित्य, जबकि यह शक्ति पहले से है**

**मानसून सत्र में- 2022 में पारित हुए था विधेयक**

**रांची।** मानसून सत्र 2022 में पारित झारखंड उत्पाद (संशोधन) विधेयक 2022 को राज्यपाल रमेश बैस ने नाराजगी के साथ सरकार को लौटा दिया है। लौटाने के साथ राज्यपाल ने विधेयक के कई प्रावधानों पर पुनर्विचार करने की बात सरकार से की है। इसमें सबसे प्रमुख विधेयक में शामिल उड़न दस्ता गठन के प्रावधान और बिवरेज कॉपोरेशन की कार्यशैली पर सवाल उठाना शामिल है। राज्यपाल ने सरकार से पूछा है कि विधेयक की धारा 7 के उपधारा- 3 में उड़नदस्ता का गठन का प्रावधान किया गया है। जबकि पहले से ही उत्पाद विभाग को आवश्यकतानुसार पदाधिकारियों के उड़नदस्ता, टास्क फोर्स, मोबाइल फोर्स आदि गठित करने की शक्ति मिली हुई है। ऐसे में फिर से धारा- 7 के उपधारा- 3 जोड़े जाने का औचित्य नहीं है। इसके अलावा झारखंड स्टेट बेवरेज कॉरपोरेशन लिमिटेड को काम दिये जाने और नये उत्पाद नीति लागू किये जाने के बाद विभाग का दावा था कि उत्पाद राजस्व में बढ़ोत्तरी होगी, पर यह दावा फेल साबित हुआ है, के दावे किये गये थे। लेकिन पहले छह माह में ही उत्पाद राजस्व में निरंतर कमी देखी जा रही है।

### राज्यपाल ने विधेयक के इन प्रावधानों पर पुनर्विचार करने की बात कही

वर्तमान में शराब की बिक्री का दुकान बिवरेज कॉपोरेशन के माध्यम से चयनित एंजेसियों के द्वारा संचालित किये जाते हैं। विधेयक में प्रावधान है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर एजेंसी के स्थानीय कर्मचारी जो शराब बेचने का काम करते हैं, उन्हें ही जवाबदेह माना जायेगा। यह व्यवस्था निगम के पदाधिकारियों को तथा एजेंसियों के उच्च पदाधिकारियों को आपराधिक व असंवैधानिक कार्यों से संरक्षण देने का प्रयास के तौर पर देखा जाता है। धारा- 52 में सजा के साथ मुआवजा भुगतान का प्रावधान किया गया है। जरूरी होगा कि सजा एवं मुआवजा के निर्धारण के लिए अलग-अलग धाराओं में प्रावधान किया जाये।

धारा- 79 (4) में 20 लीटर तक शराब जमा करने की स्थिति में स्वयं के बांड पर आरोपित को अधिकारी के विवेक के अनुसार मुक्त किया जा सकता है। मतलब कोई भी व्यक्ति अब 20 लीटर तक शराब जमा कर सकता है, जो उचित प्रतीत नहीं होता है।

उपरोक्त तथ्यों की बात करते हुए राज्यपाल रमेश बैस ने कहा है कि सरकार विधेयक के प्रावधानों पर पुनर्विचार करे। साथ ही संबंधित प्रावधानों की समीक्षा कर राजस्व पर्षद से मंतव्य लेकर विधेयक के प्रावधानों को संशोधित करने पर विचार करे।

# अभिषेक झा ने डॉलर को रुपये में किया एक्सचेंज, 3 साल में 7 बार गये ऑस्ट्रेलिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की जमानत याचिका के विरोध के दौरान जो खुलासे हुए हैं वह काफी चौंकाने वाले हैं। इडी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अदालत को बताया है कि अभिषेक झा ने ऑस्ट्रेलियन डॉलर को भी इंडियन करेंसी में एक्सचेंज किया है। अभिषेक झा ने डॉलर को रुपये में एक्सचेंज किये गये पैसों को भारतीय बैंक में जमा तो किया, लेकिन यह स्पष्ट तौर पर नहीं बताया कि पैसा आने का जरिया क्या था।

अभिषेक झा ने दावा किया है कि 2009 और 2011 के बीच उन्होंने सात बार ऑस्ट्रेलिया और भारत की ट्रिप की। इन तीन सालों में 74450 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर लाये जो उन्होंने अपनी नौकरी के दौरान अर्जित किये थे। भारतीय करेंसी में इस पैसे की वैल्यू 31.89 लाख रुपये है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

**वेदर**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 27.8 °c | 12.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.07 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 23 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



### अविलंब विद्युत आपूर्ति नहीं सुधरी तो झेलना होगा आक्रोश

# जन सरोकार से दूर हो रही सरकार सत्ता छोड़े : भाजपा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लचर विद्युत आपूर्ति के विरोध में सीएमडी के समक्ष जनप्रतिनिधियों ने जताया विरोध**

**रांची।** रांची सहित पूरे झारखंड में लचर हो चुकी विद्युत आपूर्ति को दुरुस्त करने को लेकर भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को ऊर्जा विभाग के कार्यालय में जेवीवीएनएल के एमडी केके वर्मा के समक्ष आक्रोश जताया। इस आक्रोश कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से रांची के सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू, रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया के विधायक नवीन जयसवाल, कांके के विधायक समरी लाल, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, सत्यनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो मौजूद थे। जनप्रतिनिधियों ने श्री वर्मा को स्पष्ट रुप से चेतावनी दी कि 24 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया गया है परंतु दुर्भाग्य है कि राजधानी रांची में 10-10 घंटे तक की बिजली कटौती हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति और खराब है, वहां 24 घंटे में 2 से 3 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। ना तो ट्रांसफार्मर है, ना तो पोल है और ना तार है। हर तरफ बिजली के बिना हाहाकार मचा हुआ है। जनता त्राहि-त्राहि कर रही है और पूरा महकमा सरकार के साथ सोया हुआ है।

श्री संजय सेठ ने कहा कि पढ़ने वाले विद्यार्थियों, गृहिणीयां, नौकरी पेशा वाले लोग, व्यापारी व उद्योग धंधे से जुड़े लोग, गांव में काम कर रहे मजदूर किसान सब परेशान हैं। बिजली की बदहाल स्थिति से सबकी जिंदगी प्रभावित हो रही है। सब का कामकाज प्रभावित हो रहा है। जनप्रतिनिधियों से बातचीत में सीएमडी केके वर्मा ने आश्वस्त किया कि बिजली आपूर्ति सुधार करने की दिशा में कार्य चल रहे हैं। सीएमडी की बातों से जनप्रतिनिधि संतुष्ट नहीं हुए और उनके कार्यालय के सामने ही आधे घंटे का सांकेतिक धरना दिया। धरने के दौरान सांसद आदित्य साहू ने कहा कि यदि यह सरकार अविलंब बिजली आपूर्ति दुरुस्त नहीं करती है। ट्रांसफार्मर पोल और तार उपलब्ध नहीं करवाती है तो पूरे राज्य की जनता का आक्रोश झेलना होगा।

सीपी सिंह ने कहा कि ऐसी निकम्मी सरकार आज तक इस राज्य में नहीं बनी, जिसे जनता की बिल्कुल भी परवाह नहीं है। नवीन जयसवाल ने कहा कि यदि सरकार बिजली पानी जैसी बुनियादी जरूरतें पूरी नहीं कर पाये तो ऐसी सरकार को लोकतंत्र की लाज रखते हुए सत्ता का त्याग कर देना चाहिए। समरीलाल ने कहा कि यदि यह सरकार सजग नहीं होती है तो जनता इन्हें सत्ता से इतनी दूर करेगी, ये सत्ता का सपना देखना भी भूल जायेंगे। संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि जन सरोकार से दूर रहने वाली सरकारों को जनता ने हमेशा हमेशा के लिए दूर किया है, यह भारतीय लोकतंत्र का इतिहास रहा है।

# बस हादसे में मरे सिख समुदाय के आश्रितों को सरकार ने दी 3-3 लाख की सहायता राशि



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**17 सितंबर को गिरिडीह से सिख श्रद्धालुओं को लेकर आ रही बस हजारीबाग के टाटीझरिया स्थित सिवाने नदी पुल पर हुई थी दुर्घटनाग्रस्त**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 17 सितंबर 2022 को हुए बस हादसे के मृतकों के आश्रितों को सहायता राशि प्रदान की है। सीएम ने 7 श्रद्धालुओं के आश्रितों को तीन-तीन लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा। यह हादसा उस वक्त हुआ था, जब गिरिडीह जिले से श्रद्धालुओं को लेकर आ रही बस हजारीबाग के टाटीझरिया स्थित सिवाने नदी पुल पर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी।

### इन्हें मिली सहायता राशि

मुख्यमंत्री ने दिवंगत रणवीर कौर सलूजा के आश्रित पति हरवंश सिंह, दिवंगत हरमीत सिंह के आश्रित पिता जीवन सिंह, दिवंगत भूपेंद्र सिंह सेवक की आश्रित पत्नी सुजेंद्र कौर, दिवंगत अमृतपाल सिंह की आश्रित माता राजेंद्र कौर, दिवंगत जगजीत सिंह के आश्रित पुत्र इंद्रजीत सिंह, दिवंगत कमलजीत कौर के आश्रित पति अजिंद्र सिंह और दिवंगत रविंद्र कौर के आश्रित पति अजीत सिंह को सहायता राशि प्रदान की। इस मौके पर गिरिडीह के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू मौजूद थे।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा | 9431114351**

- **मेष** — दैनिक कार्य अव्यवस्थित रहेगा, नौकरी-व्यापार में अवरोध, विविध उलझनों का सामना होगा।
- **वृष** — रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** — परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी, वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति होगी।
- **कर्क** — कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **सिंह** — रुका हुआ काम पूरा होगा, हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी, दुर्घटना की आशंका।
- **कन्या** — महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **तुला** — परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग।
- **वृश्चिक** — संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी, व्यवसाय की स्थिति में सुधार।
- **धनु** — इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी, विरोधियों पर विजय।
- **मकर** — आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।
- **कुंभ** — स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव, परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।
- **मीन** — आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# शिबू सोरेन से मिले सदस्य विनोद, योगेंद्र और फागू बेसरा

**दिशोम गुरु के प्रति आभार भी जताया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार द्वारा विकास योजनाओं में समन्वय एवं परामर्श के लिए को-ऑर्डिनेशन कमेटी का गठन किया गया है। इसके अध्यक्ष सुप्रीमो शिबू सोरेन को बनाया गया है। मंगलवार को श्री सोरेन के मोरहाबादी स्थित आवास में समिति सदस्य के रूप में दर्जा प्राप्त मंत्री सह पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय, योगेंद्र प्रसाद महतो एवं फागू बेसरा ने मुलाकात की। इस दौरान समन्वय समिति में बतौर सदस्य की जिम्मेवारी मिलने पर राज्य निर्माता दिशोम गुरु के प्रति आभार भी जताया। वहीं, अध्यक्ष शिबू सोरेन ने नवगठित समिति के सदस्यों को आशीर्वाद देते हुए राज्य के चहुंमुखी विकास में सरकार को सहयोग करने पर जोर दिया।

# अमित अग्रवाल ने गंगा में मालवाहक जहाज चलाने की बनायी थी मेगा योजना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल ने गंगा नदी में मालवाहक जहाज चलाने की मेगा योजना बनायी थी। जेल में बंद अमित अग्रवाल ने हाल ही में झारखंड के साहेबगंज और पश्चिम बंगाल के मायापुर बीच गंगा नदी में मालवाहक जहाज चलाने के लिए भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण से अनुमति प्राप्त की थी। अमित अग्रवाल जनहित याचिका मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के एक आरोपी हैं और एजेंसी ने शेल कंपनी से संबंधित जनहित याचिका को विफल करने के लिए झारखंड उच्च न्यायालय के वकील राजीव कुमार को रिश्वत देने के आरोप में उन्हें चार्जशीट किया था। वह इस समय रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं। वह साहेबगंज में अवैध पत्थर खनन घोटाले में इडी की संदिग्धों की सूची में भी हैं।

**गिरफ्तारी से कुछ दिन पहले जहाज चलने की अनुमति प्राप्त की थी :** अपनी गिरफ्तारी से कुछ दिन पहले, अमित अग्रवाल ने अपनी कंपनी राजेश ऑटो मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड के लिए परिचालन अनुमति प्राप्त की थी। जिसके वे निदेशकों में से एक हैं। यह कहा गया है कि उन्होंने अपने व्यवसाय का विस्तार करने के लिए मायापुर में जमीन भी लिया था। मायापुर, जो नदिया जिले का हिस्सा है, बांग्लादेश सीमा के निकट स्थित है। साहेबगंज वैश्विक बाजार के साथ झारखंड को जोड़ने और जलमार्ग के माध्यम से भारत-नेपाल कार्गो कनेक्टिविटी प्रदान करने वाला एक महत्वपूर्ण आकर्षक अंतरदेशीय जलमार्ग के रूप में उभरा है। गंगा पर मल्टी-मॉडल टर्मिनल ने साहेबगंज को कोलकाता, हल्दिया से जोड़ा है।

**इडी खनन घोटाले में अमित अग्रवाल के खिलाफ चार्जशीट दायर करेगी :** इससे भी बड़ी बात यह है कि इडी ने उन्हें साहेबगंज में अवैध पत्थर खनन घोटाले के प्रमुख खिलाड़ी के रूप में नामित किया है, जो कि इडी के अनुसार है 1000 करोड़ रुपये का है। इस मामले में इडी ने बीते दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी पूछताछ की थी। इडी खनन घोटाले में अमित अग्रवाल के खिलाफ चार्जशीट दायर करेगी। इडी ने अपनी पहली चार्जशीट में कहा है कि अवैध रूप से खनन किये गये स्टोन चिप्स और बोल्डर को मुख्य रूप से गंगा नदी के रास्ते मालवाहक जहाजों के माध्यम से ले जाया जाता था।

# विनोद पांडेय ने सीएम का जताया आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी नेता झारखंड युवा मोर्चा के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष वर्तमान में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य विनोद पांडेय ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा राज्य समन्वय समिति के सदस्य बनाये जाने और राज्यमंत्री का दर्जा मिलने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार प्रकट किया। इस दौरान गुरुवार को बिहार क्लब में सुबह 11 बजे विनोद पांडेय के सम्मान में आयोजित सम्मान समारोह में शामिल होने का मुख्यमंत्री को आमंत्रण दिया गया जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। निमंत्रण देने वालों में पवन जेडिया, अरुण वर्मा, लालजी रमण, विक्रम सिंह, शिवनंदन मिश्रा, सुजीत कुजूर, संजय ठाकुर, निजामुद्दीन अंसारी, जितेंद्र गुप्ता, मुन्ना यादव, पिंटू आदि शामिल रहे।

# एमएलए समरी पर हाइकोर्ट ने फिर जतायी नाराजगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गवाहों की लिस्ट छोटी करने का निर्देश**

**रांची।** 2019 विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रहे सुरेश बैठा की इलेक्शन पिटीशन पर हाइकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक समरी लाल की ओर से उपस्थित गवाह कृष्णा राम का बयान दर्ज किया गया। कृष्णा राम ने भी कोर्ट को यही बताया कि समरी लाल का परिवार आजादी से पहले से रांची में रह रहा है लेकिन इसका कोई दस्तावेजी प्रमाण नहीं है। अदालत ने एक बार फिर समरी लाल पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि गवाहों सूची छोटी की जाये। अदालत इस मामले में 23 नवंबर को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से हाइकोर्ट के अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, विभास सिन्हा और अविनाश अखौरी ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। वहीं समरी लाल की ओर से अधिवक्ता अमर कुमार सिन्हा ने पक्ष रखा। बता दें कि वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में कांके विधानसभा की आरक्षित सीट से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार सुरेश बैठा और बीजेपी के प्रत्याशी समरी लाल चुनाव लड़े थे। मतगणना के बाद भाजपा के प्रत्याशी समरी लाल को निर्वाचित घोषित किया गया। जिसके बाद सुरेश बैठा ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर समरी लाल के निर्वाचन को रद्द करने की मांग की है। इसके पीछे उन्होंने आधार दिया है कि समरी लाल द्वारा चुनाव के दौरान दिया गया जाति प्रमाण पत्र गलत है।

### झारखंड के उत्तर-पश्चिम इलाकों में कोल्ड वेव की स्थिति

# तीन दिनों में और बढ़ेगी ठंड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के उत्तर पश्चिम इलाकों (पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा) में कोल्ड वेव (शीतलहरी) की स्थिति बनी हुई है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो अगले तीन दिनों में और ठंड बढ़ेगी। मौसम वभिाग के अनुसार अगले तीन दिनों में राज्य के इन इलाकों में तापमान में और गिरावट दर्ज की जायेगी। शीतलहर की वजह से इन इलाकों में रहनेवाले लोगों की परेशानी बढ़ गयी है। वहीं पशुपालकों को भी परेशानी हो रही है। उनके सामने पशुओं को ठंड से बचाने की चुनौती है।



**सबसे ठंड रहा डाल्टनगंज**

मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक तापमान 31.8 डिग्री चाईबासा में, जबकि सबसे कम तापमान 09.3 डाल्टनगंज में दर्ज किया गया। बता दें कि बीते 24 घंटे के दौरान राजधानी रांची का मौसम पूरे दिन शुष्क रहा। अधिकतम तापमान 28.8 एवं न्यूनतम तापमान 12.0 दर्ज किया गया।

# विशिष्ट सेवा के लिए रिम्स के डॉ भूपेंद्र सिंह को मिला सम्मान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** इंडियन सोसायटी ऑफ टॉक्सिकोलॉजी ने रिम्स के डॉ भूपेंद्र सिंह को फॉरेंसिक टॉक्सिकोलॉजी (विष विज्ञान) में विशिष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया है। डॉ भूपेंद्र सिंह रिम्स विष विज्ञान के प्राध्यापक और विष विज्ञान केंद्र के प्रभारी हैं। ये सम्मान पाने वाले वे भारत के एकमात्र विष विज्ञानी हैं।

डॉ भूपेंद्र सिंह ने इस बारे में कहा कि सोसायटी की स्थापना जून 2004 में अमृता आयुर्विज्ञान संस्थान, एरनाकुलम में हुई थी। डॉ. वीवी पिल्लई सोसायटी के प्रध्यापक व विभागाध्यक्ष फॉरेंसिक मेडिसिन, टॉक्सिकोलॉजी व जहर नियंत्रण केंद्र, अमृता आयुर्विज्ञान संस्थान, एरनाकुलम प्रथम संस्थापक अध्यक्ष बने।

**दुनियाभर के लोग जहर से हो रहे हैं प्रभावित**

वर्तमान में इंडियन सोसायटी ऑफ टॉक्सिकोलॉजी दुनिया की सबसे बड़ी विष विज्ञान सोसायटी में से एक है। जिसमें संपूर्ण भारत और विदेशों से विष विशेषज्ञ जुड़े हुए हैं।

दुनियाभर में बड़ी संख्या में आबादी विभिन्न प्रकार के जहरों से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हो रही है। इससे लाखों लोगों की अकारण मौत हो जाती है। यह सोसायटी विभिन्न प्रकार की जहरखोरी, सर्पदंश के इलाज से संबंधित गतिविधियों को नियंत्रित करती है। इस महत्वपूर्ण विशेषता को विकसित करने का उद्देश्य स्पष्ट है। विष विज्ञान पर शोध करने वाले छात्रों को एक मंच पर लाने की भी योजना है।

## हेमंत कैबिनेट की बैठक 28 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक आगामी 28 नवंबर को बुलायी गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में यह बैठक प्रोजेक्ट भवन में होगी। इसे लेकर मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग ने एक अधिसूचना जारी कर दी है। बता दें कि इससे पहले 10 नवंबर को हुई कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री सारथी योजना - श्रम विभाग की योजना, मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना-उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग की योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना, एकलव्य स्कीम समेत कई प्रस्तावों को मंजूरी मिली थी।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी शुरू




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता की तैयारी शुरू हो गयी है। इसको लेकर रांची जिला प्रशासन एक्शन में आ गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को खेल की सामग्री उपलब्ध कराया जाना है। इसे देखते हुए रांची डीसी राहुल सिन्हा द्वारा टेंडर निकाला गया है। रांची डीसी के आदेश पर जिला खेल पदाधिकारी रांची के द्वारा टेंडर निकाला गया है। इसमें कहा गया है कि पूर्व की भांति वित्तीय वर्ष 2022-23 में भी रांची जिला में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन का निर्णय लिया गया है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को खेल किट उपलब्ध कराया जाना है। इस खेल किट की खरीदारी जैम पोर्टल के माध्यम से करने के लिए टेंडर आमंत्रित की गयी है। 91 लाख 57 हजार रुपये की लागत से खेल सामग्री की खरीदारी की जायेगी। टेंडर मिलने के 7 दिन के अंदर इनकी सप्लाई करना अनिवार्य है। टेंडर भरने की तिथि 21 नवंबर से लेकर 2 दिसंबर तक है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



# सीएम से तमिलनाडु की पंचायत प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को वेल्लोर जिले (तमिलनाडु) की सबसे बड़ी पंचायत विरिंचिपुरम की प्रमुख बी. गुणासुंदरी, पंचायत सचिव जे सिलवक और एक्स आर्मी मैन एवं सामाजिक कार्यकर्ता बालचंद्रन ने मुलाकात की।

उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि झारखंड के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने के लिए सीएमसी, वेल्लोर आते हैं। इनमें गंभीर बीमारी से ग्रसित गरीब मरीजों की संख्या बहुत होती है। इलाज के सिलसिले में उन्हें लंबे समय तक यहां रहना पड़ता है। ऐसे में इन मरीजों को रहने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अगर राज्य सरकार वहां भवन बना दे तो उसका काफी फायदा इस राज्य के मरीजों को होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री को कहा कि वेल्लोर में भवन बनाने के लिए वे सरकार को निःशुल्क जमीन उपलब्ध करायेंगे। मुख्यमंत्री ने इस पर सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिया।

**वेल्लोर में झारखंड के मरीजों के लिए भवन बनाने का किया आग्रह, सीएम ने दिया भरोसा**

# टेंडर हार्ट बच्चों की खुशियों के लिए संकल्पित: संजय सेठ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टेंडर हार्ट विद्यालय ने समाज में एक और मिसाल कायम करते हुए विद्यालय प्रांगण में जॉय ऑफ गिविंग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। जॉय ऑफ गिविंग कार्यक्रम के तहत विगत माह से विद्यालय के बच्चों ने अपने पुराने और अप्रयुक्त खिलौनों का संग्रहण विद्यालय प्रांगण में किया। टेंडर हार्ट विद्यालय ने हमेशा की तरह समाज के प्रति जिम्मेवारियों का निर्वहन करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में संचालित नमो टॉय बैंक में लगभग 1500 खिलौने का सहयोग किया। कार्यक्रम में रांची के सांसद संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। विद्यालय प्रांगण में उनका स्वागत विद्यार्थियों के द्वारा पारंपरिक नृत्य से किया गया। विद्यालय के जूनियर विंग के विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये और सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि संजय सेठ ने कहा कि उनकी योजना है कि रांची क्षेत्र के हर सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक खिलौने पहुंचे जहां के बच्चे खिलौने से महरूम रह जाते हैं। संजय सेठ ने नमो टॉय बैंक में सहयोग के लिए विद्यालय के निदेशक सुधीर तिवारी सहित पूरे विद्यालय का धन्यवाद किया। विद्यालय की प्राचार्या उषा किरण झा ने कहा कि टेंडर हार्ट विद्यालय विगत 33 वर्षों से समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारियों का वहन कर रहा है और विद्यालय का प्रयास है जॉय ऑफ गिविंग कार्यक्रम के अंतर्गत सभी बच्चे अपने जिम्मेदारी को समझें और समाज के प्रति अपनी भूमिका तय करें और समाज के सभी बच्चों का मानसिक और बौद्धिक विकास हो। उन्होंने विद्यालय की ओर से नमो टॉय बैंक को हरसंभव सहोयग का आश्वासन दिया और सभी बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

## हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम

# भाजपा ने राज्य बनाया है, विकास भी भाजपा करेगी: बाबूलाल मरांडी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा ने झारखंड राज्य बनाया है। विकास भी भाजपा करेगी। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र में भाजपा की सरकार नहीं बनती तो आज भी अलग झारखंड राज्य बनाने के लिए हम सब डुगडुगी बजा रहे होते।

मरांडी मंगलवार को पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में भाजपा की हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ आक्रोश प्रदर्शन सभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तब भाजपा ने ही झारखंड के लोगों के सपनों को साकार किया और 2000 में एक अलग राज्य का निर्माण किया वरना ये झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस वाले हमेशा झारखंड के आंदोलन को खरीदने और बेचने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज संसाधन होने के बावजूद भी तीन साल से झारखंड में कहीं विकास नजर नहीं आ रहा है। क्योंकि. सत्ता में बैठा राजनीतिक दल सिर्फ पैसा कमाने के लिए सरकार चला रहा है। जब से राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी है तब से इस राज्य को सिर्फ लूटने का काम किया जा रहा है। राज्य की कानून व्यवस्था चरमरा गयी है।

**कहा- जेएमएम और कांग्रेस ने हमेशा झारखंड के आंदोलन को खरीदने और बेचने का काम किया**

# मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र में आरक्षण के साथ नगर निकाय का चुनाव हुआ तो झारखंड में बिना आरक्षण का क्यों : राजेश

**आजाद सिपाही सवाददाता**

**रांची।** जब मध्य प्रदेश महाराष्ट्र की सरकार ओबीसी समुदाय को नगर निकाय और पंचायत चुनाव में आरक्षण देकर चुनाव करा सकती है और बिहार सरकार ओबीसी का आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट में गयी है, तो फिर हेमंत सरकार बिना ओबीसी के आरक्षण के चुनाव कराने पर क्यों तूली है? हेमंत सरकार से यह उम्मीद नहीं थी। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने आक्रोश रथ को गुलाबी झंडी दिखाने के पश्चात कही। उन्होंने कहा कि बिना आरक्षण के नगर निकाय चुनाव कराये जाने से प्रदेश के ओबीसी समुदाय में भारी आक्रोश है। प्रदेश उपाध्यक्ष सूबेदार एसएन सिंह कुशवाहा ने कहा नगर निकाय चुनाव में आरक्षण न देकर ओबीसी समुदाय के विश्वास तोड़ा है। प्रदेश महासचिव प्रभात शर्मा ने कहा कि सरकार को हर हालत में ओबीसी का आरक्षण बहाल करना होगा। इस मौके पर वरिष्ठ समाजसेवी हीरालाल साहा प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश जयसवाल प्रदेश सचिव सुरेश ठाकुर कार्यालय प्रभारी अभय प्रसाद फुलेश्वर ठाकुर मोहम्मद जहांगीर अंसारी अमन ठाकुर जगदीश साहू ऋषभ राज विनोद ठाकुर योगेंद्र ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे। आक्रोश रथ महानगर के 53 वार्ड में जायेगा और समाज को जागरूक करके 26 नवंबर को विशाल आक्रोश मार्च को सफल बनाया जायेगा।



# 3 आइएएस गुजरात चुनाव में प्रेक्षक बने, 3 को अतिरिक्त प्रभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** गुजरात विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रेक्षक के कार्य के लिए जाने की वजह से तीन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के स्थान पर दूसरे आइएएस अधिकारियों को अपने कार्यों का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। विशेष सचिव गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग, अतिरिक्त प्रभार निदेशक प्राथमिक शिक्षा, निबंधन महानिरीक्षक झारखंड चंद्रशेखर के गुजरात विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रेक्षक कार्य के लिए प्रस्थान करने के कारण मुख्यालय से बाहर रहने की अवधि तक के लिए मिशन निदेशक सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड कौशल विकास मिशन सोसायटी रांची के पद पर पदस्थापित सुनील कुमार को अपने कार्यों के साथ निदेशक प्राथमिक शिक्षा झारखंड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

कार्यपालक पदाधिकारी जेएसएलपीएस, अतिरिक्त प्रभार नागरिक सुरक्षा आयुक्त झारखंड, निदेशक उच्च शिक्षा झारखंड सूरज कुमार गुजरात विधानसभा चुनाव में चुनाव प्रेक्षक कार्य के लिए प्रस्थान करने के कारण इनके मुख्यालय से बाहर रहने तक के लिए मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी को अपने कार्यों के साथ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी रांची तथा निदेशक उच्च शिक्षा झारखंड रांची का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। निदेशक हथकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प झारखंड रांची, अतिरिक्त प्रभार प्रबंध निदेशक झारखंड अन्वेषणम खनन निगम लिमिटेड रांची का प्रबंध निदेशक झारक्राफ्ट के पद पर पदस्थापित आकांक्षा रंजन को गुजरात चुनाव में चुनाव प्रेक्षक के रूप में जाने के कारण उनके मुख्यालय से बाहर रहने की अवधि तक क्षेत्रीय निदेशक झारखंड क्षेत्र विकास प्राधिकार रांची अजय कुमार सिंह को अपने कार्यों के साथ निदेशक हथकरघा रेशम एवं हस्तशिल्प झारखंड रांची तथा प्रबंध निदेशक झारक्राफ्ट रांची का भी अतिरिक्त प्रभार दिया गया। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। गुजरात चुनाव 2 चरणों में 1 दिसंबर और 5 दिसंबर को होना है। सभी अधिकारी मतगणना सहित अन्य कार्य पूरा करने के बाद ही झारखंड लौटेंगे।

# पांच साल पुराने लंबित मामलों के निष्पादन के लिए होगा रिव्यू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के कई जिलों में पांच वर्षों से अधिक समय से लंबित कांडों के निष्पादन के लिए एडीजी अभियान 23 नवंबर को रिव्यू बैठक करेंगे। इसको लेकर सीआइडी के आइजी ने सभी जिले के एसएसपी, एसपी और सभी रेंज के डीआइजी को पत्र लिखा है। लिखे पत्र में कहा गया है कि जिलों में पांच साल पुराने लंबित कांडों के निष्पादन के लिए एडीजी अभियान की अध्यक्षता में 23 नवंबर को दिन के 11:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की जायेगी। सभी डीआइजी और जिले के एसपी, एसएसपी निर्धारित तिथि को ससमय आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे। इससे पहले एडीजी अभियान ने राज्य के सभी रेंज का भ्रमण कर पांच वर्षों से पुराने लंबित मामले और अभियोजन स्वीकृत्यादेश के लिए लंबित कांडों की समीक्षा किये थे।

## श्री श्याम मंदिर में होने वाले सभी कार्यक्रम भक्तजनों के सहयोग से किये जाते हैं : विश्वनाथ

# श्री श्याम मंदिर में 25वां श्री सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 25वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ का संगीतमय पाठ का भव्य आयोजन हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने महाबली श्री हनुमान जी महाराज की पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित कर केसरिया पेड़ा चना गुड़ सेवफल अनारफल का भोग अर्पित कर केसर इत्र चढ़ाया।

मंदिर के आचार्य संजय ने ज्योति पूजन नारनौली से विधि विधान से करवाया। इस अवसर पर मधुश्री ने प्रसाद व फल श्रवण ने चना गुड़ प्रसाद, प्रवीन मंगल ने घी, संतोष पोद्दार ने गिरी गोला की सेवा निवेदित की। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि श्री श्याम मंदिर में होने वाले सभी कार्यक्रम भक्तजनों के सहयोग से किये जाते हैं। प्रसिद्ध पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा व अन्य ने श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का संगीतमय पाठ प्रारंभ किया। बजरंग बली की जय जयकारों से श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। पुनः श्री हनुमान चालीसा पाठ करके श्री हनुमान जी की महाआरती करके भगतजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण जी गौरव अग्रवाल मोनू अनिल नारनौल पंकज गाड़ोदिया कमल लोहिया संजय सराफ अरविंद सोमानी रौनक पोद्दार ने व्यवस्था तथा प्रसाद वितरण में सहयोग किया।

### आज खाटू नरेश का महास्नान होगा

मार्गशीर्ष के अमावस्या के अवसर पर 23 नवंबर बुधवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में खाटू नरेश का महास्नान अनुष्ठान होगा। इस अवसर पर विशेष श्रृंगार किया जायेगा। नवीन वस्त्र सभी देवी देवताओं को पहना जायेगा। प्रातः 8: 30बजे बाबा के श्यामल रूप के श्रृंगार दर्शन व श्रृंगार आरती कर पंचमेवा का भोग अर्पित किया जायेगा। महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया खाटूधाम के श्री श्याम मंदिर के अनुसार महास्नान अनुष्ठान संपन्न होगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची विवि के रजिस्ट्रार डॉ एमसी मेहता को एक्सटेंशन



रांची (आजाद सिपाही)। राज्यपाल सह कुलाधिपति रमेश बैस ने रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ मुकुंद चंद्र मेहता को एक साल या जेपीएससी द्वारा इस पद पर नियुक्ति होने में जो भी पहले हो, का विस्तार दिया है। यह जानकारी राज्यपाल के ओएसडी (न्यायिक) मुकुलेश चंद्र नारायण ने 22 नवंबर को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति को भेजे पत्र में दी है। डॉ मेहता रांची विश्वविद्यालय में वाणिज्य और बिजनेस मैनेजमेंट विभाग में सह प्राध्यापक हैं।

### रांची मेयर का पद एससी के लिए आरक्षित करने के खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दाखिल

रांची (आजाद सिपाही)। रांची नगर निगम के मेयर का पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किये जाने के खिलाफ झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी है। लक्ष्मीनारायण मुंडा ने याचिका दायर कर कहा है कि पांचवीं अनुसूची के तहत अनुसूचित जिले में मेयर या अध्यक्ष का पद एसटी के लिए ही आरक्षित करने का प्रावधान है, लेकिन चुनाव आयोग ने नियमों का उल्लंघन करते हुए इस बार एससी के लिए मेयर का पद आरक्षित कर दिया है। याचिका में कहा गया है झारखंड पांचवीं अनुसूची में आता है। इसके तहत 13 अनुसूचित जिले हैं। इसमें रांची भी शामिल है। अनुसूचित जिलों में मेयर, अध्यक्ष का पद आदिवासी के लिए आरक्षित किया जाता है। झारखंड में पेसा कानून भी लागू है। इस कानून के तहत राज्य सरकार ने अनुसूचित जिलों में मुखिया और अन्य पदों को एसटी के लिए आरक्षित किया है। पूर्व में सरकार ने अन्य नीतियों में भी इसका पालन किया है, लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने रोटेशन के आधार पर अनुसूचित जिलों के पद को एससी के लिए आरक्षित कर दिया है, जो गलत है। याचिका में सरकार से रांची नगर निगम में मेयर का पद एसटी के लिए ही रिजर्व रखने का निर्देश देने का आग्रह किया गया है।

### प्रतिभागियों के उत्साह ने नयी ऊर्जा का संचार किया है : कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य



रांची (आजाद सिपाही)।उद्घाटन के दूसरे दिन डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची द्वारा आयोजित युवा महोत्सव स्पंदन में पुनः प्रतिभागियों ने अपनी कला और संस्कृति से संबंधित प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा महोत्सव स्पंदन के दूसरे दिन आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं और उनमें शामिल हुए प्रतिभागियों की कुल संख्या लगभग 250 रही। इनमें फोक और जनजातीय नृत्य में 5, क्लासिकल डांस में, 17, क्विज में, 62, इलोक्यूशन 32, वाद विवाद में 55, स्पॉट फोटोग्राफी में 25, क्ले मॉडलिंग में 18, कोलाज में 14 और कार्टूनिंग में 8 प्रतिभागी शामिल हुए। कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि इन प्रतिभागियों के उत्साह ने पूरे विश्वविद्यालय में नयी ऊर्जा का संचार किया है।

### स्वास्थ मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की



रांची (आजाद सिपाही)। आल इंडिया एसोसिएशन ऑफ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर झारखंड की टीम ने स्वास्थ मंत्री बन्ना गुप्ता से शिष्टाचार मुलाकात की। साथ ही एसोसिएशन ने प्रदेश में सामुदायिक स्वास्थय अधिकारियों को आ रही समस्याओं से अवगत कराया जिसमें ट्रांसफर पॉलिसी ( जो विगत 2 सालों से अवरुद्ध ), नियमितिकरण-राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भारत सरकार के पत्र के आलोक में सामुदायिक स्वास्थय अधिकारियों को नियमित करने एवं उनका कैडर बनाने को लेकर मांग रखी गयी। प्रोत्साहन राशि को मानदेय के साथ जोड़ दिया जाये जैसा की अन्य राज्यों में दिया जा रहा है। मंत्री ने आश्वासन दिया कि जल्द ही आपकी मांगों पर गंभीरता से विचार किया जायेगा। टीम में झारखंड एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, प्रदेश संयोजक मुशर्रफ हुसैन, राष्ट्रीय संयोजक आरुषि वंदना, शब्बा करीम का भी आभार प्रकट किया, एआइएसीएचओ झारखंड टीम से प्रदेश महामंत्री डॉक्टर निवेदिता कुमारी, प्रदेश सचिव महेश बुनकर, प्रदेश संयुक्त सचिव अलका रानी तिग्गा, प्रदेश संयोजक मुनमुन अंसारी, पिंकी टोप्पो और शेफाली कुरे आदि मौजूद रहे।

### सीएमपीडीआइ और करुणा एनएमओ के बीच समझौता




रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ रांची के निगमित सामाजिक दायित्व के तहत करुणा एनएमओ, रांची को 7.43 लाख के एक 5 सीटर इको सीएनजी वाहन उपलब्ध कराने के निमित्त सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक (एचआरडी/सीएसआर) आर के महापात्रो तथा करुणा एनएमओ की सचिव डॉ कुमकुम विद्यार्थी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस एमओए का उद्देश्य करुणा एनएमओ के छोटे-छोटे अनाथ बच्चों को उचित समय पर अस्पताल में इलाज उपलब्ध करवाने एवं अन्य जरूरतों को पूरा करना है।

### विद्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। सीएमपीडीआइ और क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची की वीमेन इन पब्लिक सेक्टर, शाखा के तत्वावधान में बिरसा उच्च विद्यालय, डैम साइड, कांके रोड, रांची में विभिन्न विषयों पर छात्राओं के लिए ड्राविंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीएमपीडीआइ के उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक-सह-विप्स की समन्वयक डॉ शिल्पी स्वरूप और विद्यालय की प्राचार्या सुषमा तिवारी की उपस्थिति में यह प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस मौके पर मुख्य प्रबंधक (वित्त) स्वप्नाली बसु, वरीय प्रबंधक संगीत विश्वास और अमिता मेहता उपस्थित थीं। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में सतीश कुमार केशरी और अमित कुमार की भूमिका अहम रहीं।

### निर्धन कन्या के विवाह के लिए सहायता की




रांची (आजाद सिपाही)। श्री कृष्ण प्रणामी सेवा संस्था के द्वारा मंगलवार को निर्धन कन्या के विवाह हेतु सहायता प्रदान की गयी। लड़की अनामिका कुमारी, माता जयंती देवी, पिता मिथिलेश कुमार न्यू एजी कॉलोनी, कडरू की निवासी हैं। लड़की के पिता ने संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव से संपर्क करके उनसे अपनी कन्या के विवाह हेतु सहायता प्रदान करने का आग्रह किया। लड़की के पिता के आग्रह पर संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव ने संस्था के सदस्यों की बैठक बुलायी। संस्था के सदस्यों ने सर्वसम्मति से सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया। संस्था ने लड़की की माता को संस्था के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी एवं विष्णु सोनी विवाह हेतु लगभग 11000 रुपये का सामान दिया गया। इसमें 1पीस साड़ी, दुल्हन की साड़ी का जोडा, कंबल, मच्छरदानी, तौलिया, दूल्हे के लिए शूट का कपड़ा, दूल्हे की शादी का कुर्ता-पायजामा गठजोड़ा, चांदी की पायल, बिछिया एवं चांदी का मंगलसूत्र, गले का सेट और श्रृंगार का समान भेट स्वरूप दिये गये। इस महान कार्य संस्था के सह संरक्षक बंसत कुमार गौतम, अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव मनोज कुमार चौधरी, ओमप्रकाश सरावगी, नंद किशोर चौधरी, शिवभगवान अग्रवाल, बिष्णु सोनी उपस्थिति थे। यह सभी जनकारी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजू अग्रवाल) ने दी।

### इरफान अंसारी को सरयू राय की सलाह

# तुम जिस प्रकार दहाड़ते हो वैसे ही दहाड़ते रहो

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी की मंगलवार को सरयू राय से मुलाकात हुई। उन्होंने इस मुलाकात पर खुशी जाहिर की है। इरफान अंसारी ने कहा कि आज अपने अभिभावक सरयू राय जी से मिला। उन्होंने मुझे देखते ही गले लगा लिया और कहा कि तुम निर्दोष हो और तुम्हारे साथ गलत कभी नहीं हो सकता। राजनीति में आपसी द्वेष नहीं होनी चाहिए। यह सही परिपाटी नहीं है। लेकिन एक बात कहूंगा कि तुम जिस प्रकार दहाड़ते हो वैसे ही दहाड़ते रहो। गौरतलब है कि इसफान अंसारी को कोलकाता कैश कांड में आरोपी माना गया है। फिलहाल उन्हें कोलकाता हाइकोर्ट ने रेगुलर बेल दे दिया है। इरफान अंसारी के साथ नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को कोलकाता पुलिस ने 30 जुलाई को करीब 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के थोड़ी देर बाद इस मामले की जांच बंगाल सीआइडी को सौंप दी गयी थी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### पांच इंजीनियरों का तबादला

रांची (आजाद सिपाही)। पथ निर्माण विभाग ने पांच इंजीनियरों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया है। मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी गयी है। पदस्थापन की प्रतीक्षारत मुख्य अभियंता रासबिहारी सिंह को मुख्य अभियंता मुख्यालय अनुश्रवण एवं गुण नियंत्रण भवन निर्माण विभाग रांची के पद पर पदस्थापित किया है। नव प्रोन्नत मुख्य अभियंता संप्रति अधीक्षण अभियंता केंद्रीय निरूपण संगठन पथ निर्माण विभाग सिंगराय टूटी की सेवा अगले आदेश तक के लिए मुख्य अभियंता के पद पर पदस्थापन के लिए ग्रामीण कार्य विभाग रांची को दी गयी है। पदस्थापन की प्रतीक्षा में कार्यपालक अभियंता राजीव कुमार सिंह को कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल सिमडेगा के पद पर पदस्थापित किया गया है। पदस्थापन की प्रतीक्षा में सहायक अभियंता अरुण कुमार भारती को अगले आदेश तक सहायक अभियंता पथ अवर प्रमंडल संख्या एक, पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल देवघर के पद पर पदस्थापित किया गया है। पथ अवर प्रमंडल गुमला अजय कुमार को अपने कार्यों के अतिरिक्त अवर प्रमंडल संख्या एक राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल गुमला के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### कैंसर को हराना है, खुद हारना नहीं : पूजा




रांची (आजाद सिपाही)। मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा ने मंगलवार को वेंडर मार्केट के सामने नि:शुल्क कैन्सर जांच शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव विजयवर्गीय थे। डिप्टी मेयर ने कहा कि समर्पण शाखा जन सेवा के लिए हर समय तत्पर रहती है। चाहे स्वस्थ हो या सफाई। उन्होंने शाखा को बहुत बहुत शुभकामनाएं दी। मंडलीय उपाध्यक्ष सचिन मोतिका एवं मुख्यालय उपाध्यक्ष विशाल पाड़िया भी उपस्थित हुए। शाखा अध्यक्ष पुजा सरावगी ने कहा कि यहां कैंसर जांच के साथ फ्री नेत्र जांच शिविर भी लगा है। लोग आर्थिक तंगी के कारण जांच नहीं करवा पाते है। इसलिए ये फ्री कैम्प लगाया गया। कार्यक्रम की संयोजिका ममता बोड़ा, राधा ड्रोलिया, कृष्णा अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल ने इस कार्यक्रम की व्यवस्था की। संयोजिका ममता एवं राधा ने कहा कि करीब 125 लोगों ने जांच करवायी। कैंसर को जड़ से खत्म करने की समर्पण शाखा ने कोशिश की है। आने वाले दिनों में भी संस्था जन हित के लिए तत्पर रहेगी। उन्होने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सभी मेंबर्स का भी सहयोग रहा। मोके पर संस्थापक सुमिता लाठ, पूर्व अध्यक्ष कंचन सोमानी, सुमन जालान, ज्योति अग्रवाल, वर्तमान अध्यक्ष पुजा सरावगी, सचिव स्वेता भाला, कोषाध्यक्ष विनीता सिंघानिया, संयोजिका ममता बोड़ा, राधा ड्रोलिया, प्रीति अग्रवाल, कृष्णा अग्रवाल, दीपिका मोतिका मौजूद थे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### पुलिस मुख्यालय ने 77 में से सिर्फ 10 इंस्पेक्टरों के तबादले के लिए आवेदन किया स्वीकृत

रांची (आजाद सिपाही)। पुलिस मुख्यालय ने 77 में से सिर्फ दस इंस्पेक्टरों का ही दूसरे जगह तबादले के लिए आवेदन स्वीकृत किया है। गौरतलब है कि विभिन्न जिला, इकाई में पदस्थापित इंस्पेक्टर रैंक के पुलिस पदाधिकारी द्वारा स्थानांतरण के लिए आवेदन दिया गया था। सोमवार को झारखंड पुलिस मुख्यालय में आयोजित पुलिस स्थापना परिषद 70 इंस्पेक्टर में से सिर्फ दस इंस्पेक्टर का आवेदन को स्वीकृत किया गया और उनका दूसरे जगह तबादला किया गया। इन इंस्पेक्टर का हुआ तबादला : विशेष शाखा में पदस्थापित मनोज कुमार तिवारी का जमशेदपुर जिला, सिमडेगा जिला में पदस्थापित सुरेश लिंडा का रामगढ़ जिला, एसीबी में पदस्थापित रविंद्र नाथ सिंह का रांची जिला, विशेष शाखा में पदस्थापित महेश कुमार सिंह का बोकारो जिला, झारखंड जगुआर में पदस्थापित शंकर कामती का बोकारो जिला, विशेष शाखा में पदस्थापित योगेंद्र सिंह का रामगढ़ जिला, सीआइडी में पदस्थापित राजेश कुमार का विशेष शाखा, गढ़वा जिला में पदस्थापित राजेश का एटीएस, देवघर जिला में पदस्थापित मनोज मलिक का जमशेदपुर और जमशेदपुर जिला में पदस्थापित राजेश सिंह का सरायकेला जिला में तबादला किया गया है।

### शिवम ने यूएस की प्रतियोगिता में जीता 10 हजार डॉलर का इनाम

रांची (आजाद सिपाही)। रांची से ताल्लुक रखने वाले और आईआईटी बांबे से पीएचडी कर रहे शिवम और उनकी टीम ने सौर ऊर्जा पर हुए एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाया है। यह प्रतियोगिता अपने आप में यूनिक प्रतियोगिता थी, जिसमें 15 विभिन्न देशों की 141 टीमों ने हिस्सा लिया था। तीन चरण की इस प्रतियोगिता में 15 देशों की टीम को पछाड़ते हुए शिवम के नेतृत्व में काम कर रही आईआइटी बांबे की टीम ने पहला स्थान पाया। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मंच पर आईआईटी बांबे के साथ देश का नाम रोशन किया है। आइआइटी बांबे से सौर ऊर्जा में पीएचडी कर रहे और रांची में जन्में शिवम ने बातचीत के क्रम में बताया कि उन्होंने कपिलदेव डीएवी कडरू से 10 वीं की पढ़ाई की है। वहीं 12वीं की पढ़ाई गढ़वा के आरके पब्लिक स्कूल से ही है। इसके बाद मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक की पढ़ाई एमवीआइटी बेंगलुरु से की। आईआईटी बांबे से एमटेक करने के बाद यहीं से सोलर एनर्जी में पीएचडी कर रहे हैं। शिवम और उनका परिवार मुंबई में ही रहता है।

### तैयारी : वित्त सचिव ने विभागों को दिया निर्देश

# सीमित संसाधन को ध्यान में रख कर बनाया जाये बजट प्राक्कलन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** अगले वित्त वर्ष के बजट 2023-24 के लिए तैयारियां शुरू हो रही हैं। झारखंड वित्त सचिव अजय कुमार सिंह विभागों को पत्र लिखकर बजट प्राक्कलन तैयार करने को कहा है। वित्त सचिव ने कहा है कि कोरोना महामारी से भले ही हम बाहर निकल गये हैं लेकिन अभी भी हमारे पास सीमित संसाधन ही है। इसलिए इस बात को ध्यान में रखते हुई ही बजट प्राक्कलन बनाया जाये। राज्य सरकार की प्राथमिकताओं पर फोकस रखन को कहा गया है। जीवन, आजीविका, सुरक्षा, विकास हर पहलू को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया जाएगा। सचिव ने कहा है कि इसका जरूर ध्यान रखा जाए कि जिन योजनाओं ने लक्ष्य प्राप्त कर लिया है, उनके स्थान वर्तमान में प्रासांगिक योजनाएं तैयार की जायेगी तो अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर तैयार होगा।

#### चार वर्गों में विभाजित कर तैयार होगा बजट

वित्त वर्ष 2017-18 से झारखंड में बजट चार वर्ग में विभाजित कर तैयार किया जा रहा है। स्थापना प्रात्तियां, स्थापना व्यय. केंद्रीय सहायता अंतर्गत स्कीम में केंद्रीय सेक्टर स्कीम, केंद्र प्रायोजित स्कीम व राज्य स्कीम के तहत वर्त्तमान वित्तीय वर्ष में चल रही योजनाएं तथा नयी स्कीम, राजस्व प्राप्ति में आय-व्यय पर फोकस होगा। ट्रांसपोर्ट, लैंड रेवेन्यू, उत्पाद कर आदि है। रॉयल्टी, सार्वजनिक उपक्रमों से अर्जित लाभांश, सरकारी उधारों पर ब्याज तथा अन्य स्त्रोतों से विभागों की आय आदि शामिल होगी। बजट में स्वीकृत पद के विरुद्ध कार्यरत कर्मियों के वेतन आदि के लिए बजट भी तैयार होगा। वेतन राशि की गणना दिनांक 1 सितंबर 2022 से की जायेगी।

#### पिछड़े क्षेत्रों को ध्यान में रखा जायेगा

वित्त सचिव ने कहा है कि बजट बनाते समय विभागों से ऐसी उम्मीद है कि वह ऐसे पिछड़े क्षेत्रों के विकास लिए सुसंगत योजनाओं का निर्माण करेंगे। बजट प्राकलन स्वीकृत पद और कार्यरत बल के आधार पर होगा। मालूम हो कि योजना सह वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित वित्तीय वर्ष 2021-22 के आर्थिक सर्वेक्षण का संदर्भ लेते हुए विभाग द्वारा ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित किए जाने की आवश्यकता है जो अब तक विकास की दृष्टि से पिछड़े हुए हैं, ऐसा सचिव ने विभागों को निर्देश दिया है।

## जेसीआइ रांची ने एक्सपो उत्सव को लेकर निकाली बाइक रैली

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जेसीआई रांची ने अपने एक्सपो की तैयारी के बीच एक जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया। रैली मोराबादी मैदान से निकल कर रांची के सभी प्रमुख स्थान होते हुए मोराबादी को लौटी। ज्ञात है की एक्सपो शहर में पिछले 24 वर्षो से लगता आ रहा है और यह पूर्वी भारत का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर है। इस वर्ष एक्सपो 24 नवंबर से 28 नवंबर को मोराबादी मैदान में लगेगा। बाइक रैली में मेमबेर्स ने बढ़ चध कर हिस्सा लिया। उनका एक्स्पो के लिए उत्साह देखने के लिए था। मेम्बर हाथ में बैनर पोस्टर लिए ढोल नगाड़ों के साथ शहर की रोड से गुजरते हुए एक्स्पो का प्रचार कर रहे थे और लोगों को इस राँची के त्योहार में आमन्त्रित कर रहे थे। इस वर्ष भी एक्सपो कुछ नया लेके आ रहा है जो पहले कभी नहीं आया था। जेसीआइ रांची के अध्यक्ष सौरव साह ने बताया की इस वर्ष वो पूरे मोराबादी को वाईफाई जोन में परिवर्तित कर देंगे। 300 से अधिक स्टॉल देश विदेश से एक्सपो में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। इसके अतिरिक्त इस वर्ष एक्सपो में नए व्यंजनों का भी खूब लुफ्त उठा सकेंगे शहरवासी क्युकी इस वर्ष कई तरह के नए व्यंजन के भी काउंटर्स आयेंगे। इसके अतिरिक्त ऑटो जोन, मिडनाइट बाजार, स्टार्टअप जोन, होम डेकोर, रियल एस्टेट, लेडीज कॉर्नर, फर्नीचर जोन और भी कई नये सेक्शन आयेंगे। एक्सपो चीफ अभिषेक केडिया ने आगे बताया की इस वर्ष एक्सपो में ब्रिस्टों कैफे भी नयी आ रही है। पांचों दिन निशुल्क परामर्श एवं जांच शिविर डिवाइन हॉस्पिटल के द्वारा लगाया जायेगा। एंट्री टिकट के साथ 36 डिस्काउंट कूपन रहेंगे। हर दिन कुछ इवेंट रहेंगे जैसे की फैशन शो,वाइस ऑफ एक्सपो, डॉग शो, ट्रेजर हंट इत्यादि। बाइक रैली की जिम्मेवारी अंकित जैन, शुभम बुधिया और सुमित केडिया ने संभाला है।

## लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करें : ग्रामीण विकास सचिव

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** ग्रामीण विकास सचिव प्रशांत कुमार ने रूर्बन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा सभी उप विकास आयुक्त के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की। बैठक में रूर्बन के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, पीएम आवास, जलछाजन व अन्य योजनाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में सचिव द्वारा रूर्बन के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को सभी जिलों में गति देकर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में योजनाओं के लक्ष्य प्राप्ति की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिये गये। सचिव ने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में लंबित आवासों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही बचे हुए योग्य लाभुकों को स्वीकृति देने का निर्देश दिया। इसके अलावा सचिव ने रूर्बन मिशन और अन्य योजना के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित जिलों के डीडीसी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सुव्यवस्थित ढंग से ग्रामीण कलस्टरों का सृजन करते हुए ग्रामीण कलस्टरों में व्यापक बदलाव लाने की जरूरत है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित करते हुए एकीकृत और समावेशी ग्रामीण विकास को बढ़ाया जा सकें।

इस अवसर पर मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने रूर्बन मिशन अंतर्गत क्लस्टर लेवल स्टेडियम योजना व अन्य विकास योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन अन्तर्गत सरकार द्वारा स्वीकृत ग्रामीण क्षेत्र आर्थिक गतिविधियों के तहत सभी जिलों के प्रखण्डों के पंचायत में विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। रुर्बन योजना की प्रगति की समीक्षात्मक बैठक को लेकर ग्रामीण विकास विभाग सचिव प्रशांत कुमार की अध्यक्षता में राज्य के तमाम उप विकास आयुक्त संग संपन्न वीडियो कांफ्रेंसिंग में राजेश्वरी बी, मनरेगा आयुक्त, राम कुमार सिन्हा, विशेष सचिव ग्रामीण विकास विभाग व अन्य शामिल थे।

## अयोध्या में जन रामायण काव्यार्चन कर लौटी साहित्योदय की टीम

### साहित्यकारों का लगा रहा महाकुंभ, जन रामायण सहित दो दर्जन पुस्तकों का विमोचन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** साहित्योदय के बैनर तले राजधानी रांची समेत देश भर के सैकड़ों साहित्यकार मीठी यादें लेकर वापस लौट आये हैं। 18 से 21 नवम्बर तक पूरी अयोध्या जन रामायण काव्यार्चन में झूमती रही। साहित्योदय के बैनर तले आयोजित श्री राम लला अंतरराष्ट्रीय साहित्योत्सव जन रामायण काव्यार्चन में देशभर के दो सौ से अधिक दिग्गज साहित्यकार, कलाकार, साहित्य प्रेमी और रामभक्तों का महाकुंभ लगा। 18 नवम्बर को राम की पैड़ी में दीपोत्सव से प्रारंभ जन रामायण महोत्सव का समापन 20 नवम्बर की देर रात को हुआ। अगले दिन 21 नवम्बर को साहित्योदय की टीम रामलला का दर्शन और भ्रमण करने निकली। कार्यक्रम का भव्य समापन हनुमान गढ़ी के महंत राजदास और अयोध्या राजपरिवार के उत्तराधिकारी वरिष्ठ साहित्यकार यतींद्र मिश्र, डॉ बुद्धिनाथ मिश्र, अजय अंजाम, अयोध्या विधायक वेद प्रताप गुप्ता, उपजिलाधिकारी संदीप श्रीवास्तव और आचार्य भागवत पाठक की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस मौके पर सभी रचनाकारों को साहित्योदय सम्मनित किया गया। संस्थापक अध्यक्ष पंकज प्रियम ने जन रामायण को परिभाषित करती रचना सुनाते हुए सभी रचनाकारों और अतिथियों का आभार प्रकट किया। काव्यार्चन का समापन डॉ बुद्धिनाथ मिश्र ने अपनी बहुचर्चित रचना एक बार और जाल फेंक रे मछेरे से किया। उनसे पहले प्रख्यात कवि अजय अंजाम ने अपनी ओज पूर्ण वाणी से चेतक पर रचना सुना कर पूरे प्रशाल में नव जोश और ऊर्जा का संचार किया। चेतक और भारत माता की जय के नारे से वातावरण गुंजायमान हो गया। धन्यवाद ज्ञापन से पूर्व किशोरी भूषण ने भागवत पाठक की अवध पर रचना पढ़कर आयोजन हेतु अयोध्या नगरी के प्रति कृतज्ञता समर्पित की। जानकी महल में तीन दिनों तक चले इस महाकुंभ का उद्घाटन महंत कमलनयन दास जी ने किया। वहीं विमोचन पद्मश्री मालिनी अवस्थी और डॉ उदयप्रताप सिंह ने किया। मालिनी अवस्थी ने राम और सीता सोहर से सबको झूमने पर मजबूर कर दिया। उसके बाद देशभर में रचनाकारों ने काव्यपाठ किया। शाम में विजया भारती की संगीतमय प्रस्तुति हुई।

अयोध्या के जानकी महल में आयोजित इस जन रामायण उत्सव में दुनियाभर के कवि, लेखक, साहित्यकार और कलाकारों ने भाग लिया। इस भव्य आयोजन में 11 सत्रों में 111 नामचीन कवियों द्वारा प्रभु श्रीराम की चरणों में काव्यपुष्प समर्पित किया गया। आयोजन में शामिल सभी रचना कारों को महंत राम दास जी तथा साहित्यकार यतींद्र मिश्र व बुद्धिनाथ मिश्र के कर कमलों से साहित्योदय रामरत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। जन रामायण की रचना हेतु पंकज प्रियम को महंत राजू दास ने आधुनिक तुलसी की उपाधि प्रदान की। आधुनिक साहित्योदय रामरत्न सम्मान भागवत भूषण पाठक, किशोरी भूषण, ऋतु गर्ग, साधना मिश्र लखनवी, रजनी शर्मा चंदा, डॉ. आरती उपाध्याय, नंदिता माजी शर्मा, राम मणि यादव, सीमा निगम, नीता झा, शुभा शुक्ला, हेमलता मिश्र, राकेश रमण, रश्मि लता मिश्रा सहित 111 रचनाकारों को सम्मानित किया गया। साहित्योदय के संस्थापक अध्यक्ष पंकज भूषण पाठक ने बताया कि नवोदित रचनाकारों को लेकर आरम्भ हुई साहित्योदय की यह यात्रा आज सबके सहयोग विश्व कीर्तिमान बनाती हुई आगे बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स द्वारा जन रामायण महाकाव्य और महोत्सव को किया गया नामित किया गया है। साहित्योदय द्वारा गत वर्ष 5-6 दिसम्बर को जन रामायण पर साढ़े 26 घण्टे का ऑनलाइन कवि सम्मेलन कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया जा चुका है। साहित्योदय की टीम जन रामायण की अपार सफलता के बाद जन कृष्णायन पर कार्य कर रही है जिसका भव्य विमोचन अगले वर्ष वृंदावन में होगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### रांची शहर नागरिक मंच ने जनसमस्याओं को लेकर किया विरोध प्रदर्शन, निकाली पदयात्रा

रांची (आजाद सिपाही)। रांची शहर नागरिक मंच के बैनर तले लगातार बाधित बिजली आपूर्ति, गली मोहल्ले की खुदाई से बर्बाद सड़क, अनियमित और गंदे पानी की आपूर्ति समेत कई जन समस्याओं को लेकर पिस्का मोड़ चौक पर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन करने के बाद पिस्का मोड़ से गैलेक्सिया मॉल तक पदयात्रा सह जन जागरूकता अभियान भी चलाया गया। संयोजक अमृतेश पाठक ने कहा कि जिस प्रकार से राजधानी में बिजली की आपूर्ति होती है, सड़कों की हालत, नाली, पेयजल आदि की हालत दयनीय है। रांची नगर निगम, नगर विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, बिजली विभाग, सड़क एवं परिवहन विभाग ने समन्वय के अभाव में रांची का जो हाल किया है वह देखने लायक है। उन्होंने कहा कि रांची में घूम घूम कर लोगों को सच्चाई बतायी जायेगी। यह बताया जायेगा कि कैसे हमने अपने घटिया सोच और अल्प दृष्टि जनप्रतिनिधियों को चुना है। कैसे सरकारी अधिकारी, इंजीनियर, ठेकेदार रांची को बर्बाद करने में लगे है। मौके पर डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, महेश प्रसाद, एडवोकेट सियाराम सिंह, प्रवीण ओझा, मनोज कुमार पुटू, प्रमोद सिंह, प्रमिला उरांव, बबलू मुंडा, सूरज नायक, सोनू लकड़ा, प्रदीप कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

### रांची में 'जेड ट्रेजर हंट' शुरू : डॉ जाकिर



रांची (आजाद सिपाही)। फेमस अमेरिकन बायरॉन प्राइस के 'दा सीक्रेट : ए ट्रेजर हंट' की तर्ज पर झारखंड में पहली बार एक मैंने 'जेड ट्रेजर हंट' शुरू किया है। डॉ जाकिर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कोई भी भाग ले सकता है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को आउटडोर भ्रमण की तरफ आकर्षित करना, झारखंड में पायी जानेवाली प्रकृति का अनुपम देन, पर्यटक स्थलों का प्रचार-प्रसार करना, मेंटल एनालिसिस एबिलिटी को बढ़ावा देना और जीवन में जोखिम उठाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता का इस संस्करण में जिन 10 स्थलों का चयन किया गया है, वह सभी रांची जिला में हैं। इसमें जंगल, तालाब, हिल्स, घाटी, जलप्रपात और पार्क शामिल हैं। इन स्थलों में छुपाये गये क्यूब तक पहुंचने के लिए संकेत (क्लूज) दिये जायेंगे, जो क्रिप्टिक (गुप्त) हमें होंगे। उन्होंने बताया कि इन दिये गये संकेतों के आधार पर कोई भी उस क्यूब तक पहुंच सकता है। उस क्यूब में एक स्टीकर होगा, जिसमे एक नंबर अंकित होगा और मेरा पता तथा मोबाइल नंबर दिया हुआ है, जो कोई उसे ढूंढ़ कर दिये गये पते पर व्यक्तिगत रूप से लेकर आयेगा, उसे मोमेंटो और गिफ्ट हैंपर दिया जायेगा।

### असिस्टेंट इंजीनियर नियुक्ति केस में हाइकोर्ट ने सरकार पर लगाया दस हजार का जुर्माना

रांची (आजाद सिपाही)। असिस्टेंट इंजीनियर नियुक्ति मामले में झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ रविरंजन और जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद की बेंच में सुनवाई हुई। अदालत ने जवाब दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकार को दस हजार का कॉस्ट (जुर्माना) लगाया है। अब इस केस की अगली सुनवाई 29 नवंबर को होगी। कोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। असिस्टेंट इंजीनियर नियुक्ति में पीटी में रिजर्वेशन देने के खिलाफ याचिका दायर की गयी थी। बता दें कि असिस्टेंट इंजीनियर नियुक्ति में पीटी में आरक्षण के खिलाफ दायर याचिका को हाइकोर्ट की एकल पीठ खारिज कर चुका है। जिसके खिलाफ प्रार्थी भास्कर एवं अन्य ने एलपीए दाखिल की है।

### स्कूली बच्चों से भरी ऑटो को कार ने मारी टक्कर, कई बच्चे घायल

रांची (आजाद सिपाही)। जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के हटिया चांदनी चौक स्थित टोनको रोड में कार ने एक ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो स्कूली बच्चों को लेकर स्कूल जा रहा थी तभी तेज रफ्तार से आ रही कार ने टक्कर मार दी। जिसमें कई बच्चे घायल हो गये। कुछ बच्चों को हल्की चोट आयी है तो कुछ बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गये।

### संत जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल के विद्यार्थियों ने जैव विविधता पार्क का किया भ्रमण



रांची (आजाद सिपाही)। संत जॉन इंग्लिश मीडियम स्कूल रांची के कक्षा सातवीं एवं आठवीं के विद्यार्थियों ने जैव विविधता पार्क मंगलवार को भ्रमण किया। प्रकृति और औषधीय पौधों के बारे में छात्रों को जानकारी के उद्देश्य से प्रधानाचार्य फादर एंथनी एक्का ने इस शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। छात्रों ने विभिन्न प्रकार के गुलाब, कमल, कैक्टस, पेड़ पौधों और कई औषधीय पौधों को देखकर जानकारी लिया। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम में कक्षा केजी से आठवीं तक के छात्रों को विभिन्न जगहों का भ्रमण करवाया। इसका मंगलवार को समापन हो गया। छात्रों के साथ वाइस प्रिंसिपल फादर अजीत सारस, प्रीफेक्ट ब्रदर संजीत कुल्लू और टीचर मिस पेट्रीसिया नाग, सुजाता, निशिमा, शशि, आराधना, अरविंद, विजय, शम्मी, रवि मौजूद थे।

### रिम्स में घायलों से मिले हरिनाथ साहू



रांची (आजाद सिपाही)। कांके, कुडू प्रखंड के लक्ष्मी नगर गुरु में पिछले दिनों किसी अज्ञात अपराधी के द्वारा 30 वर्षीय विकास साहू को गोली मार कर निर्मम हत्या कर दिया गया एवं उनकी पत्नी प्रतिमा देवी, चाचा राजेश साहू को भी गोली एवं चाकू मार कर बुरी तरह जख्मी कर दिया गया था। वर्तमान में रांची के रिम्स में जिंदगी और मौत से दोनों जूझ रहे हैं। हत्यारा अभी तक पुलिस की पकड़ से दूर है। आरती एसएम के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष हरिनाथ साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल रिम्स प्रबंधक से फोन पर बात कर उनके बेहतर देख-रेख के साथ इलाज के विषय पर बात किए। प्रतिनिधिमंडल में आरटीएसएम के महानगर अध्यक्ष पंकज कश्यप, महानगर प्रभारी हजारी प्रसाद मोदी, रांची ग्रामीण के प्रभारी कुंज बिहारी लाल,कांके के जिला परिषद सदस्य किरण देवी, होचर के उप मुखिया जितेंद्र साहू, रांची जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर धनेश्वर साहू, मंत्री कपिल साहू, गुड्डू एवं यशवंत शामिल हुए।

# एकजुटता का संदेश

इजिप्ट के शर्म-अल-शेख में संपन्न हुए यूएन क्लाइमेट कॉन्फ्रेंस कॉप 27 ने जलवायु और पर्यावरण की कसौटियों पर पृथ्वी के भविष्य को लेकर आशा जगायी है। जिस शिद्दत से इस सम्मेलन में शामिल देशों के प्रतिनिधियों ने आखिरी पलों तक लगे रह कर लॉस एंड डैमेज फंड बनाने पर सहमति हासिल की, वह कई वजहों से ऐतिहासिक है। और हां, ये आखिरी पल भी सम्मेलन की तय मियाद बीत जाने के बाद 40 घंटे तक जारी रहे, तब जाकर यह सहमति बन सकी। वैसे, भरपाई के लिए कोष बनाने का विचार अपने आप में नया नहीं है। 2015 के बहुचर्चित पेरिस जलवायु समझौते में भी इसका जिक्र है। बावजूद इसके यह सहमति हासिल कर लेना बड़ी बात है, क्योंकि एक तो यह कि इसके जरिए दुनिया के तमाम बड़े कार्बन उत्सर्जक देशों ने यह स्वीकार किया है कि पर्यावरण को निर्णायक तौर पर बिगाड़ने में उनकी भूमिका रही है और दूसरे, यह इक्का-दुक्का राष्ट्रों की बात नहीं है। कॉप 27 में फैसले सर्वसम्मति के आधार पर होते हैं। इसका मतलब यह है कि जलवायु परिवर्तन के कारण हो रहे नुकसान से निपटने के सामूहिक प्रयासों को लेकर दुनिया भर के निर्णयकर्ताओं में एक आम सहमति बन गयी है। फिर भी यह नहीं मानना चाहिए कि आगे की राह आसान है। कारण एक तो यह है कि इस सहमति को लेकर भी अहम व्यावहारिक पहलुओं पर बातचीत होनी अभी बाकी है। इसके लिए एक ट्रांजिशनल कमिटी बनायी गयी है, जो इस सहमति को अमल में लाने के तरीके सुझायेगी। दूसरी बात यह है कि अमीर देश आर्थिक योगदान पर किये जाने वाले बड़े-बड़े वादों को निभाने के मामले में अभी तक खास भरोसेमंद नहीं साबित हुए हैं। बहरहाल, इस सम्मेलन की एक और उपलब्धि रही हर तरह के फॉसिल फ्यूल (जीवाश्म ईंधन) का उपयोग कम करने और बंद करने पर बनी सहमति। ध्यान रहे, ग्लासगो में पिछले साल हुए सम्मेलन में भी कोयले का इस्तेमाल कम करने पर सभी देश राजी हुए थे, लेकिन तेल और गैस पर तब चुप्पी साधे रखी गयी थी। भारत के सक्रिय हस्तक्षेप की बदौलत इस बार सभी जीवाश्म ईंधनों को प्रतिबद्धता के दायरे में शामिल कर लिया गया। आगे की चुनौतियों का जहां तक सवाल है, तो इस एक तथ्य पर नजर डालना भी इसकी जटिलता स्पष्ट कर देता है कि कॉप 27 के ही बयान के मुताबिक लो-कार्बन इकॉनमी में वैश्विक रूपांतरण तभी संभव है, जब इस मद में 4-6 लाख करोड़ डॉलर सालाना निवेश किया जाये। ध्यान रहे पिछले साल जापान का जीडीपी 4.9 लाख करोड़ डॉलर था। जाहिर है, कॉप 27 की सफलता का पैमाना यह नहीं हो सकता कि इसके जरिये हम कितना आगे बढ़े। इससे सिर्फ इतना पता चलता है कि हमने सही दिशा में कदम बढ़ाने का संकल्प ले लिया है और मौजूदा हालात में यह कोई छोटी बात नहीं है, बशर्ते कि हम इस संकल्प से पीछे न हटें।

**आगे की चुनौतियों का जहां तक सवाल है, तो इस एक तथ्य पर नजर डालना भी इसकी जटिलता स्पष्ट कर देता है कि कॉप 27 के ही बयान के मुताबिक लो-कार्बन इकॉनमी में वैश्विक रूपांतरण तभी संभव है, जब इस मद में 4-6 लाख करोड़ डॉलर सालाना निवेश किया जाये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**2023 में जी-20 का शिखर सम्मेलन भारत की पवित्र सरजमीन पर होने का भी फैसला किया गया है। इसकी मेजबानी से भारत का विश्व में राजनीतिक कद में मजीद इजाफा होगा जिसे भारत एशिया में सुपर पावर बन कर सबके सामने आयेगा। विश्व के महान चिंतक एवं दार्शनिक महात्मा बुद्ध और हिंसा के मसीहा महात्मा गांधी की धरती को सम्मान मिलेगा।**

# विश्व की क्या तस्वीर बनेगी, यह जिम्मेदारी हमारे कंधों पर

**प्रो दरबारी लाल**




**विश्व में शाश्वत शांति और सद्भावना स्थापित करने के लिए जी-20 को अपनी भूमिका को आगे होकर निभाना चाहिए। भविष्य में विश्व की क्या तस्वीर बनेगी, यह जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है और हम सब को अपनी जिम्मेदारी को निभाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़नी चाहिए।**

भारत को विश्व के जी-20 शक्तिशाली देशों की 2022-23 में अध्यक्षता की पदवी पर सुशोभित होने का सुनहरी अवसर मिला है। यह 1 अरब 40 करोड़ लोगों के लिए फख्र का मुकाम है और गौरव का विषय है, क्योंकि इन देशों के राष्ट्र अध्यक्षों ने नयी वैश्विक व्यवस्था की जिम्मेदारी भारतीयों के कंधों पर डाली है। जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़े खूबसूरत तरीके से सरअंजाम देने में कामयाबी हासिल करेंगे। 2023 में जी-20 का शिखर सम्मेलन भारत की पवित्र सरजमीन पर होने का भी फैसला किया गया है। इसकी मेजबानी से भारत का विश्व में राजनीतिक कद में मजीद इजाफा होगा जिसे भारत एशिया में सुपर पावर बन कर सबके सामने आयेगा। विश्व के महान चिंतक एवं दार्शनिक महात्मा बुद्ध और हिंसा के मसीहा महात्मा गांधी की धरती को सम्मान मिलेगा। भारत में इससे पहले भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गुटनिरपेक्ष देशों का सम्मेलन और कॉमनवेल्थ हैडज ऑफ गवर्नमेंट के सम्मेलन भी संपन्न हुए हैं। जी-20 राष्ट्र विश्व के 85 प्रतिशत जीडीपी, 75 प्रतिशत व्यापार और 66 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। जी-20 के उद्देश्य को जानने के लिए इसके पिछले इतिहास पर दृष्टि डालना अति आवश्यक है।

**विश्व में शाश्वत शांति और सद्भावना स्थापित करने के लिए जी-20 को अपनी भूमिका को आगे होकर निभाना चाहिए।**

विश्व की अर्थव्यवस्था में सुधार लाने में जी-7 के असफल होने पर जी-20 को अस्तित्व में 1999 में लाया गया, जिसका मुख्य लक्ष्य विश्व के देशों में अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार लाकर लोगों के जीवन में सुख और सुविधाएं मुहैया करना है। यह विकसित और विकासशील देशों का समागम है। जहां एक अति नयी वैश्विक व्यवस्था के बारे में गंभीरता से विचार-विमर्श करके एक नयी दुनिया का निर्माण करना है। इस संगठन में जी-20 देशों के वित्तमंत्री, सेंट्रल बैंक के गवर्नर, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के मैनेजिंग डायरेक्टर, विश्व बैंक के प्रेसीडेंट तथा जी-20 देशों में 19 देशों के राष्ट्रीय अध्यक्ष और एक यूरोपियन यूनियन का सदस्य होगा।

इस संगठन का मुख्य लक्ष्य अर्थव्यवस्था से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श करना, व्यापार, संसाधन, निवेश, एनर्जी, रोजगार, भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन, कृषि टेक्नोलॉजी में विकास, अन्वेशन और डिजिटल आर्थिकी का निर्माण करना है। इसको सुचारू रूप से चलाने के लिए त्रिमूर्ति को जिम्मेदारी दी गयी है, जिसमें संगठन का पिछला अध्यक्ष, वर्तमान अध्यक्ष और भविष्य का अध्यक्ष होगा। रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान अमेरिका द्वारा रूस और कई अन्य देशों पर प्रतिबंध लगाने से विश्व के कई देशों में एनर्जी और खाद्य संकट पैदा हो गया है। क्योंकि वर्तमान युग में सभी देश तेल पर निर्भर हैं, तेल न मिलने के कारण इन देशों में बड़ी तीव्र गति से महंगाई हो रही है और बाकी भी कई कामकाज ठप हो रहे हैं। उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति को यह सुझाव दिया कि ऐसे प्रतिबंध विश्व के हित में नहीं हैं, जो अमेरिका और पश्चिमी देशों ने लगाये हैं।

क्योंकि पिछले 8 महीने से गेहूं, तेल और खाद्यान्न जो रूस और यूक्रेन से दूसरे देश आयात करते थे, युद्ध और बंदिशों के कारण वह सब कुछ बंद हो चुका है, जिससे करीब-करीब सभी देशों में महंगाई बढ़ती जा रही है।

खाद्य की भारी किल्लत कृषि क्षेत्र में भारी नुकसान कर रही है। अगर युद्ध बंद करके खाद्य संकट को दूर न किया गया, तो फिर भविष्य में परेशानी पैदा हो सकती है, जिससे लाखों लोग भुखमरी का शिकार हो सकते हैं। ग्रीन हाऊस गैसेस से पर्यावरण में लगातार परिवर्तन आ रहा है। मौसम में लगातार गर्मी बढ़ने से ग्लेशियर बुरी तरह पिघल रहे हैं और समुद्र के पानी में प्रतिदिन इजाफा हो रहा है। सैंकड़ों वर्ष पहले ही कई शहर पानी में डूब चुके हैं। यदि बढ़ती हुई गर्मी को रोका न गया, तो वह दिन दूर नहीं, जब समुद्र के किनारों पर बसे शहर और कई टापू डूब जायेंगे।

पर्यावरण के कारण ही इस वर्ष पाकिस्तान को भयंकर बाढ़ का सामना करना पड़ा, जिससे साढ़े तीन करोड़ लोग प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए और इसका असर पाकिस्तान के 40 प्रतिशत लोगों पर भी हुआ। इसलिए पर्यावरण को सुधारने के लिए बड़े ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है, जिसके लिए भारत प्रतिबद्ध है। विश्व में शाश्वत शांति और सद्भावना स्थापित करने के लिए जी-20 को अपनी भूमिका को आगे होकर निभाना चाहिए। भविष्य में विश्व की क्या तस्वीर बनेगी, यह जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है और हम सब को अपनी जिम्मेदारी को निभाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़नी चाहिए। हकीकत में प्रधानमंत्री के इस संदेश ने राष्ट्र अध्यक्षों को मंत्रमुग्ध कर दिया और भारत की 'वासुदेव कुटुंबकम' की नीति के कायल हो गये।

**(लेखक : पूर्व डिप्टी स्पीकर, पंजाब विधानसभा हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### जमशेदपुर पुलिस की नशीली पदार्थ के खिलाफ करवाई

# 154 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तीन सप्लायर गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर में वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार के निर्देश पर सिटी एसपी के विजय शंकर के नेतृत्व में जमशेदपुर पुलिस को नशीली पदार्थ के खिलाफ लगातार सफलता मिल रही है। बीते दिन पुलिस टीम ने मानगो थाना क्षेत्र से 320 पुरिया ब्राउन शुगर के साथ दो सप्लायर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। वही दूसरे दिन मंगलवार को परसुडीह पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ तीन सप्लायर को कीताडीह में छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियो में परसुडीह के कीताडीह मसजिद रोड के रहने वाले जावेद खान, कीताडीह गाड़ीवान पट्टी के रहने वाले शकील अहमद और परसुडीह मनसा मंदिर निवासी सुरेश यादव उर्फ सन्नी यादव शामिल है। मंगलवार को सिटी एसपी के विजय शंकर ने बताया गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने करवाई करते हुए 154 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ तीन सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया तीनों ने ब्राउन शुगर का सप्लाइ करने का काम करता था। पूछताछ के दौरान उन्होंने गिरोह के अन्य साथियों का भी जानकारी दी है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। सिटी एसपी के विजय शंकर ने बताया तीनों आरोपी के द्वारा बाहर से ब्राउन शुगर लाकर शहर में सप्लाई किया जाता था। फिलहाल पुलिस मुख सरगना को गिरफ्तार करने की प्रयास कर रही है। मौके पर सीसीआर डीएसपी अनिमेष गुप्ता, परसुडीह थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा मौजूद रहे।

### आदिवासियों ने नया साल धूमधाम से मनाने के लिए की बैठक

# शहर के ग्रामीण क्षेत्र में 27 नवंबर को मनाया जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित गदड़ा गांव में पूर्ति टोला के आदिवासियों ने महिला नेत्री सरिता बारदा के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया। मंगलवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से 27 नवंबर को आदिवासियों का नया वर्ष मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान निर्णय लिया गया नया साल के उपलक्ष में सभी आदिवासी के घरों में दीपावली की तरह दिए जलाए जायेंगे। साथ ही आदिवासी अखाड़ा में आदिवासी पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम और बच्चों का खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्र को नव वर्ष की तरह सजाया जायेगा। जिसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। बैठक में दलमा राजा राकेश हेमरोम, समाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष सह मजदूर नेता राजेश सामंत, हिंदू मजदूर सभा के जिलाध्यक्ष अमित दास, झारखंड आंदोलनकारी नेता छोटे सरदार, मजदूर नेता राजेश मुंडा, विजय पूर्ति,सरिता बारदा, लक्ष्मी बारदा, जीरा पूर्ति, सुरमी पूर्ति, गीता पूर्ति, मुक्ता पूर्ति, सीता देवगम, सोमबारी हेंब्रम, सोनापति कुकंल, राधा हेंब्रम, सेवाली भुमिज, लक्ष्मण बारदा, रामाय देवगम, सुनील कुकंल, लक्ष्मण पूर्ति मौजूद रहे।

# सरायकेला पुलिस एक्शन मोड में, शराब पीकर वाहन चलाने वाले के खिलाफ चलाया अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला की सड़कों पर आए दिन हो रहे सड़क हादसों के बाद सरायकेला पुलिस एक्शन में नजर आयी। मंगलवार को सरायकेला थाना पुलिस ने वरीय पदाधिकारी के निर्देश के बाद शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ अभियान चलाया और देर शाम करीब 70 से अधिक लोगों का जांच किया। सरायकेला थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरायकेला-चाइबासा मार्ग पर यह अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर गाड़ी चलाने या शराब पीकर चलनेवाले 70 लोगों की जांच की। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने कहा कि इस तरह का अभियान नियमित रूप से चलाया जायेगा। उन्होंने कहा करीब 70 लोगों की जांच की गई जिसमें एक भी लोग शराब पिए नहीं पाये गये। सरायकेला थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने लोगों से अपील की कि शराब पीकर वाहन न चलाएं अन्यथा उनपर कानूनी कार्रवाई भी की जायेगी।

# जिला विकास समन्वय और अनुश्रवण समिति की बैठक में लिये कई महत्वपूर्ण निर्णय



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** दिशा की बैठक उपायुक्त समाहरणालय सभागार में सांसद विद्युत वरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त विजया जाधव, वन प्रमंडल पदाधिकारी ममता प्रियदर्शी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर नंदकिशोर लाल, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनइपी श्रीमती ज्योत्सना सिंह,जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव रंजन, डीसीएलआर रविंद्र गागराई, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला सत्यवीर रजक समेत जिला स्तर के अन्य विभागीय पदाधिकारी सहित जनप्रतिनिधियों में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बारी मुर्मू, उपाध्यक्ष पंकज सिंहा एवं सभी प्रखंडों के प्रमुख शामिल हुए। मंगलवार को आयोजित बैठक में जिला योजना पदाधिकारी अरूण द्विवेदी ने पूर्व में दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपना फीडबैक दिया। बैठक में बरसात के दिनों या आंधी तूफान के दौरान जर्जर बिजली व्यवस्था को लेकर ध्यान आकृष्ट कराते हुए ठोस पहल करने का सुझाव विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को दी गई। बहरागोड़ा विधायक ने कहा गिरे हुए बिजली का तार हटाने के लिए 4-5 दिन का समय लग जाता है। ऐसे में समय को देखते हुए तत्काल 2-4 घंटे में व्यवस्था बहाल करने की जरूरत है। वहीं खराब ट्रांस्फॉर्मर बदलने के लिए बिजली विभाग द्वारा वर्तमान में दिए गए 7 दिनों के समय पर बदलने की जनप्रतिनिधियों ने मांग की। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ 3-4 महीने का बिजली बिल देने का मामला संज्ञान में लाया गया। उपायुक्त ने विद्युत विभाग के पदाधिकारियों को निदेशित किया सभी मुखियागण को ऊर्जा मित्र की सूची उपलब्ध करायें ताकि उन्हें ससमय बिजली बिल लेने में परस्पर सहयोग मिल सके।वही जनप्रतिनिधियों द्वारा कुछ विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में पेयजल सुविधा की अनुपलब्धता पर ध्यान आकृष्ट कराया। उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को तत्काल सूची बनाते हुए 15वें वित्त की राशि से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया वैसे सभी आंगनबाड़ी केंद्रों को सूचीबद्ध करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं एवं इससे संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया है। खराब चापाकल बदलने के मामले में उपायुक्त ने फोरम को जानकारी दी। नियमित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई की जाती है तथा उनके स्तर से इसका दैनिक अनुश्रवण भी किया जाता है। बैठक के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के स्वास्थ्य में बल देते हुए चिकित्सक एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों का नियमित एवं ससमय सीएचसी व पीएचसी में उपस्थिति सुनिश्चित करने की मांग की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा पुतरू टोल प्लाजा में जमीन अधिग्रहण पर ग्रामीणों की भावनाओं से अवगत कराया गया।

## हाथियों के उपद्रव और जानमाल की क्षति पर ध्यान आकृष्ट कराया

**ग्रामीणों की मांग है वर्तमान में जो बाजार दर है उसके अनुसार उनका मुआवजा भुगतान किया जाना चाहिए। जिला प्रशासन द्वारा न्यायोचित कदम उठाने को लेकर आश्वस्त किया गया। सांसद एवं विधायक ने चाकुलिया, पटमदा के क्षेत्र में हाथियों के उपद्रव तथा होने वाले जानमाल की क्षति पर ध्यान आकृष्ट कराया। जिसपर वन प्रमंडल पदाधिकारी ने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। बैठक में एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ रजनीकांत मिश्रा, एडीएसएस निशा कुमारी, सभी तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता तथा अन्य विभागीय पदाधिकारी मौजूद रहे।**

# काशी साहू कॉलेज में एमएससी की पढ़ाई शुरू करने को लेकर आमरण अनशन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** सरायकेला के काशी साहू महाविद्यालय में एमएससी की पढ़ाई शुरू करने सहित पठन- पाठन संबंधित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार को छात्रों ने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। मंगलवार से महाविद्यालय परिसर में ही छात्र संघ अध्यक्ष प्रकाश महतो के नेतृत्व में कुल आठ छात्र आमरण अनशन पर बैठ गये हैं। संघ के सदस्यों का कहना है कि जिले में एमएससी की पढ़ाई की सुविधा नहीं है। विगत चार वर्षों में कई बार कोल्हान विश्वविद्यालय के अंगीभूत काशी साहू महाविद्यालय में एमएससी की पढ़ाई शुरू करने सहित दस सूत्री मांग पत्र केयू प्रबंधन को सौंपा गया है। इस पर कोई पहल नही किये जाने के कारण अब बाध्य होकर अमारण अनशन पर छात्रों को बैठना पड़ा। मांग पूरी नहीं होने तक अनशन जारी रहेगा। इस अनशन में छात्र संघ के अध्यक्ष प्रकाश महतो, उप सचिव लक्ष्मण महतो ,रोशन महतो, शंकर महतो ,निशांत साहू, जगरनाथ महतो, भास्कर महतो एवं कौशल कुंभकार बैठे हैं।


## महत्वपूर्ण न्यूज

### भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने की जन आक्रोश प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा द्वारा आयोजित जिला मुख्यालय पर जन आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भाजपा के पूर्व विधान सभा प्रत्याशी सह प्रदेश कार्य समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने युवाओं सहित बुद्धिजीवियों, सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त आम लोगों से अपील करते हुए कहा है कि झामुमो सरकार ने गढ़वा पलामू के युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया है। जिस तरह से हिंदी भाषा को झारखंड से खत्म कर दिया गया है उससे स्थानीय युवा नौकरी से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने युवाओं को हर साल पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकिन सभी वायदे झूठे साबित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए इस प्रकार का आंदोलन जरूरी है। उन्होंने कहा कि भाजपा का आंदोलन हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने की ताकत रखता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता त्राहिमाम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनता से लेकर अफसर तक भय के माहौल में जी रहे हैं। इससे निजात पाने के लिए सबों को एकजुट होकर सामने आना होगा।

### भवनाथपुर के सरकारी शराब दुकानों पर की जा रही 10 से 20 रु. अधिक उगाही




**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** भवनाथपुर के सरकारी शराब दुकान पर लूट मची हुई है। उत्पाद विभाग के पदाधिकारी एवं ठेकेदार की मिलीभगत से खुलेआम प्रति बोतल 10 से 20 रु. अधिक उगाही की जा रही है। इनकी निडरता इतनी बढ़ गयी है कि ग्राहक द्वारा बिल मांगने पर सेल्समैन शराब के बोतल पर अंकित मूल्य, कितना नगद लिया और उसमें कमीशन कितना लिया इन सभी विवरण को हस्ताक्षरयुक्त चुटके पर दे रहे हैं। ग्राहकों की ओर से मूल्य से अधिक कीमत चुकाने में आनाकानी करने पर कंपनी के कर्मी उन्हें दुकान से बैरंग वापस लौटा देते हैं। स्थानीय लोगों को नकली शराब से मुक्ति दिलाने व सरकार द्वारा तय मूल्य पर शराब उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शराब दुकान निजी से सरकारी किया गया लेकिन सरकारी शराब दुकान में फिर से वही मनमानी शुरू हो चुकी है। बता दें कि उक्त मामले को लेकर पूर्व में भी अंग्रेजी शराब में तय मूल्य से अधिक राशि वसूली करने के मामले सामने आए किन्तु विभागीय उदासीनता के कारण मामलों की लीपापोती कर दी जाती है एवं इनकी मनमानी पुनः बढ़ जाती है।इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक गढ़वा निर्मल कुमार ने मामले को देखने की बात कही।

### रंका में खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन



**रंका (आजाद सिपाही)।** राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रंका के मैदान में खेलो झारखंड का उद्घाटन रंका बीडीओ देवानंद राम, बीइइओ सच्चिदानंद सिंह, प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी, बीपीओ संतोष कुमार दुबे, सांसद प्रतिनिधि कमलेश नंदन सिन्हा, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। मौक पर विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रदर्शन किया गया। मौके पर कंचनपुर पंचायत के बीडीसी शंकर राम, हाई स्कूल के अध्यक्ष उत्तम पांडेय, सीआरपी देवेंद्र उपाध्याय, जन्मेजय शुक्ला, शिक्षक धीरज सिंह, अरविंद कुमार ठाकुर, परवेज आलम, शमशाद अहमद, सत्येंद्र यादव, संजीव कुमार, आयुष गुप्ता, प्रताप पांडेय, तिवारी रीता कुमारी, सविता सिंह, कल्पना कुमारी, शोभा कुमारी, आरती कुमारी सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### सगमा में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का उद्घाटन



**सगमा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित भैया रुंद्र प्रताप देव हाई स्कूल के प्रंगण में प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बीडीओ सत्यम कुमार, प्रखंड प्रमुख अजय साव, पूर्व जिप सदस्य नंदगोपाल यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष रेयाज अंसारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। जिसमें 100 मीटर दौड़, कब्बडी, ऊंची दौड़, लम्बी कूद, रिले दौड़, गोला फेक प्रतियोगिता सहित विभिन्न खेल का आयोजन किया गया। मौके पर पुतुर मवि के प्रधानाध्यापक सचिदानन्द यादव, दुसैया मवि के प्रधानाध्यापक पंकज रॉय, शिक्षक सुनय राम, ताराचंद यादव, रामजन्म गुप्ता, धर्मेंद्र साह, सक्रिय सदस्य बीपीएम कविता कुमारी, सीआरपी सत्येन्द्र यादव, एमडियम अनुश्रवण उपस्थित थे।

## बैठक : भाजयुमो गोवावल मंडल की बैठक में पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने कहा

# जिला मुख्यालय पर हजारों कार्यकर्ता आज करेंगे ऐतिहासिक जन आक्रोश प्रदर्शन

**बैठक में दर्जन भर युवाओं ने पूर्व विधायक के समक्ष थामा भाजपा का दामन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो गोवावल मंडल की बैठक में भाजपा द्वारा आयोजित जिला मुख्यालय पर जन आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर गोवावल मंडल के झुरा में गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के समक्ष अनेकों युवाओं ने पार्टी का दामन थामा।

मौके पर पूर्व भाजपा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि झामुमो सरकार ने गढ़वा पलामू के युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया। जिस तरह से हिंदी भाषा को झारखंड से खत्म कर दिया गया है उससे स्थानीय युवा नौकरी से वंचित हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने युवाओं को हर साल पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था। बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकिन सत्ता मिलते ही सभी वादे धरे के धरे रह गये। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता समर्थक अब मौन नहीं बैठेंगे। गढ़वा जिला सहित पूरे झारखंड को बचाने के लिए भाजपा के हजारों कार्यकर्ता 23 नवंबर को जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक जन आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का आंदोलन हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने तक अनवरत जारी रहेगा। जिस तरह से गढ़वा जिला में लूट, हत्या, बलात्कार, माफिया राज, महिलाओं के ऊपर अत्याचार बढ़ा है जनता त्राहिमाम कर रही है। गढ़वा जिले में माफिया राज चरम पर है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में जनता से लेकर अफसर तक भय के माहौल में जी रहे हैं। हेमंत सरकार में गुंडाराज माफिया राज की खुली छूट है। भाजपा कार्यकर्ता जनता के समर्थन से हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार में युवा, किसान, महिला, मजदूर, गरीब सभी लोग भ्रष्ट व्यवस्था से लाचार हो चुके हैं, लेकिन आनेवाले समय में बहुत जल्द भाजपा ऐसी भ्रष्ट सरकार को उखाड़ में कामयाब होगी। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से दिलीप चौहान, नितीश चौधरी, अभिषेक तिवारी, प्रेमचंद बिंद, पंकज चौधरी, रोहित तिवारी, शिवम दुबे, श्रीकांत पटेल, ऋषि चौहान, ब्रह्देव उरांव, प्रिंस तिवारी सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, गोवावल मंडल उपाध्यक्ष रुपेश दूबे, महामंत्री अनित तिवारी, नीतीश पटेल, अशोक तिवारी, नितीश तिवारी, चंद्रमा तिवारी, देवाशीष चौबे, आशीष वर्मा आदि मौजूद थे।

## गढ़वा जिला की सैकड़ों जल सहिया राजभवन के समक्ष चल रहे धरना प्रदर्शन में हुई शामिल



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड राज्य जल सहिया संघ के द्वारा अपने पांच सूत्री मांगों को लेकर पिछले दो सप्ताह से राजभवन रांची के समक्ष चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मंगलवार को गढ़वा जिला के सैकड़ों जल सहिया उपस्थित होकर अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारे लगाये तथा अपने हक की आवाज बुलंद किया। जल सहिया समिति के जिला अध्यक्ष मालती देवी के नेतृत्व में राजभवन पहुंची जल सहियाओं को संबोधित करते हुए संघ के प्रधान संरक्षक सह भाजपा नेता सूरज प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जल सहिया की सभी मांगें जायज हैं, इनकी मांगों पर हेमंत सोरेन सरकार को संवेदनशीलता दिखाते हुए सकारात्मक कार्रवाई करनी चाहिए अन्यथा यह महिलाएं अपने हक की आवाज दिल्ली तक पहुंचाने को मजबूर होंगी। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार के समय लागू मानदेय को बढ़ाने के बजाय हेमंत सरकार जलसहियाओं को ही हटाने की राह चल रही है। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एतवारी महतो ने की जबकि संचालन गढ़वा जिला महासचिव संयुक्ता देवी ने किया।

मौके पर सुनीता देवी, रेखा देवी, कौशल्या देवी, संध्या देवी, कुलदेवी, श्रीमती देवी, नीलम देवी, लीलावती देवी, पूनम देवी, कुंती देवी, आरती देवी, पुष्पा देवी, पूनम देवी, चंचला देवी, सविता देवी, रेखा देवी, प्रियंका देवी सहित बड़ी संख्या में जल सहिया उपस्थित थीं। इनकी प्रमुख मांगों में सभी जलसहिया की नौकरी स्थायी करते हुए 13000 मानदेय देने, जलसहिया ओं को पांच लाख का दुर्घटना बीमा कराने, पूरे राज्य के जलसहियाओं का बकाया मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि का अविलंब भुगतान करने आदि मांगें शामिल हैं।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में कमजोर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करें : के. रवि कुमार

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की मतदाता सूची कार्यों की प्रगति की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सोमवार को देर शाम गढ़वा प्रवास के दौरान के. रवि कुमार, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग, झारखंड के द्वारा एनआइसी, गढ़वा से झारखण्ड के सभी विधानसभा अंतर्गत इआरओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की गयी। मतदाता सूची कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के उद्देश्य से सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचन में संबद्ध सभी कंप्यूटर ऑपरेटर के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से कुल 10 एजेंडों यथा- फॉर्म्स पेंडिंग ड्यूरिंग लास्ट कंटीन्यूअस अपडेशन, फॉर्म स्टेटस ऑफ (स्पेशल समरी रिवीजन) एसएसआर 2023, आधार ऑथेंटिकेशन, आइडेंटिफिकेशन ऑफ लो परफॉर्मिंग पोलिंग स्टेशंस, डीएसई एंड लॉजिकल एरर, स्विफ्ट एक्टिविटीज वीकली कैम्पेनिंग, इंक्लूसिव वीक (कंप्लेनिंग फॉर एनरोलमेंट ऑफ टीजी, पीवीटीजी, पीडब्ल्यूडी, 80+ एंड सेक्स वर्कर्स), रिकॉर्ड कीपिंग तथा एनी अदर इश्यूज जैसे एजेंडों पर आवश्यक दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन दिया। तत्पश्चात मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी -सह- सचिव मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड रांची, के० रवि कुमार की अध्यक्षता में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 80- गढ़वा एवं 81- भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र तथा गढ़वा जिला के सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी एवं कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ स्पेशल समरी रिवीजन 2023 के संदर्भ में एक समीक्षात्मक बैठक का भी आयोजन समाहरणालय के सभाकक्ष में किया गया। नए मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़ने एवं मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत मतदाता सूची में निबंधन, सुधार, स्थानांतरण या नाम विलोपन के कार्य जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। एसएसआर 2023 की प्रगति की समीक्षा बारी-बारी से सभी प्रखंडों के सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारियों के साथ की। कमजोर प्रदर्शन करने वाले बूथ के बीएलओ को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में डीडीसी राजेश कुमार राय, एसडीओ गढ़वा सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 80- गढ़वा राज महेश्वरम, एसडीओ नगर उंटारी -सह- निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 81- भवनाथपुर आलोक कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण उरांव आदि सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थें।

### कार्यालय में बैठकर पूर्ण लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता

के. रवि कुमार ने सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी से कहा कि कार्यालय में बैठकर पूर्ण लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता। बीएलओ के साथ सभी सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य शिविर लगाकर करने को कहा एवं आवश्यकता पड़ने पर डोर टू डोर जाकर करने को कहा। उन्होंने सभी से अपने दायित्व को समझते हुए कार्य में प्रगति लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की बात कही। निर्वाचन संबंधी अपने द्वारा किए गए कार्यों का रिकॉर्ड मेंटेन करने की बात कही। उन्होंने बताया कि 30 से 40 दिन शेष हैं, कार्य प्रणाली में तेजी लाते हुए कार्य को पूर्ण करें।

### ग्रामीणों ने बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**सगमा (आजाद सिपाही)।** अवैध बालू उत्खनन रोके जाने को लेकर सरकार के द्वारा सख्त निर्देश के बावजूद धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव के रास्ते झारखंड छत्तीसगढ़ के माध्य बहने वाली कनहर नदी से बालू उठाव कर बालू लदे ट्रैक्टर को घघरी गांव के ग्रामीणों ने पकड़कर धुरकी पुलिस के हवाले किया है। बताते चलें कि इन दिनों बालू तस्करों के लिए नवनिर्मित बिलासपुर धुरकी पथ सेफ जोन बना हुआ है। उक्त सड़क पर रात्रि दस बजे से सुबह चार बजे के बीच कनहर नदी से बालू लदे ट्रैक्टर की आवाज गूंजती रहती है। इसी क्रम में मंगलवार को लगभग आठ बजे सुबह बालू लदा ट्रैक्टर घघरी मध्य विद्यालय के समीप पहुंचा ही था कि ग्रामीणों ने चारों तरफ से ट्रैक्टर को घेर लिया। मगर ट्रैक्टर चालक ग्रामीणों को चकमा देकर भागने में सफल हो गया। इसी बीच कुछ ही समय में ट्रैक्टर मालिक रकसी गांव निवासी संतोष जयसवाल घटनास्थल पर आकर ग्रामीणों से गरमा गरम बहस शुरू कर दी, पर ग्रामीणों ने पुलिस को आने तक ट्रैक्टर को घेर कर रखा। लगभग एक घंटे बाद धुरकी थाने के एएसआई राजबल्लभ कुमार दल बल के साथ घघरी गांव पहुंचे व इससे संबंधित करवाई पूरी कर बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लेकर चले गये।

### रंका बाजार में हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन



**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका बाजार स्थित यात्री शेड के पास झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से लगाया गया हाई मास्ट लाईट का विधिवत उद्घाटन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता, बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, प्रमुख हेमंत लकड़ा, युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी, रंकाकला मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार मद्धेशिया ने फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर किया। हाई मास्ट लाईट के लगने से रंका के व्यावसायिक भाइयों के साथ-साथ सभी लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई और मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को बधाई दी है। इस अवसर पर झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम, युवा सचिव सह खरडीहा पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव, बनारसी सोनी, रंका पंचायत अध्यक्ष अजय प्रसाद, राजेश साव, सीता राम दूबे, राजकिशोर रवि, संतोष कुमार रवि सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**OFFICE OF THE CIVIL SURGEON CUM CHIEF MEDICAL OFFICER, GUMLA**

Letter No. 3108/ Gumla, Dated - 22.11.2022

**Very Short Notice Towards request for proposal for appointment of Concurrent Auditor for the F.Y 2022-23**

District Health Society (DHS), Gumla seeks to invite proposal from CA firms meeting the minimum eligibility criteria for the concurrent audit of District Health Society and all Blocks thereunder implementing various programme under the National Health Mission, Jharkhand for th FY 2022-23

Intereted eligible bidders can submit the proposal with the officers of Civil Surgeon-cum-Chief Medical officer of the District Gumla. The technical & Financial evaluation and slection process shall be done by Civil Surgeon, Gumla.

**Important Dates for Selection process**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Last date of submission of proposal to DHS, Gumla | 30.11.2022 |
| 2 | Date of opening of Technical bid at DHS, Gumla | 01.12.2022 |
| 3 | Date of opening of Financial bid at DHS, Gumla | Later on after technical evaluation |
| 4 | Contact person for clarification | Civil Surgeon, Gumla and District Account Manager, NHM, Gumla. |

Note – RFP document and other details can be downloaded from https://gumla.nic.in

**Civil Surgeon-CUM-CMO Gumla**

PR283082 (Health Med Edu and Family Welfare)22-23*D

# प्रेस कांफ्रेंस : गढ़वा जिला के प्रवासियों को दिया जाएगा एसआइएस में रोजगार

# भर्ती शिविर का 23 से 29 नवंबर तक होगा आयोजन : सतीश कुमार

**सभी चयनित उम्मीदवारों को सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में दिया जायेगा एक माह का प्रशिक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया एवं सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड द्वारा गढ़वा जिला में निम्नलिखित स्थानों पर दिनांक- 23.11.2022 से 29.11.2022 तक एसआईएस भर्ती शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भर्ती शिविर में 300 सुरक्षा जवान एवं 150 सुरक्षा सुपरवाइजर का चयन किया जाएगा। सभी चयनित उम्मीदवारों को सेंट्रल ट्रेनिंग एकेडमी गढ़वा में एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिसमें पीटी ड्रिल एवं थ्योरी औद्योगिक सुरक्षा, वीआईपी सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, फायर फाइटिंग, कंप्यूटर, बैंक सिक्योरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा, सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा इत्यादि का प्रशिक्षण प्रदान करके सिक्योरिटी इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड में 5000 कार्य स्थलों पर नौकरी उपलब्ध करायी जाएगी। भर्ती शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए भर्ती अधिकारी सतीश कुमार और प्रदीप शर्मा ने बताया कि भर्ती होने के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य सुरक्षा जवान की उम्र 21 वर्ष से 37 वर्ष व उंचाई 168 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलो से ऊपर होना चाहिए तथा सुरक्षा सुपरवाइजर के लिए उम्र 21 से 37 वर्ष उंचाई 170 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलो होना अनिवार्य है।

भर्ती अधिकारी ने बताया कि देश भर में अनेक प्रकार के पाठ्यक्रम का संचालन किया जाता है तथा सुरक्षा के क्षेत्र में बढ़ते प्रभाव को देखते हुए गढ़वा जिला के नवयुवकों को चयन करके उन्हें प्रशिक्षण एवं रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रशिक्षण के उपरांत सभी जवानों को एसआईएस इंडिया लिमिटेड जो आईएसओ 2008 मानव विभाग में रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। सिक्योरिटी एंड इंटेलिजेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड के मुख्य कार्य स्थल लाल किला, कुतुब मीनार, फतेहपुर सीकरी, खजुराहो, सांची स्तूप, स्टेट बैंक, एटीएम, बैंक ऑफ बड़ौदा, सीआईडी, बिरला ग्रुप, हिंडालको, विप्रो, म्यूजियम वर्ल्ड, एयरपोर्ट, चेकनाका इत्यादि जगहों पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण के उपरांत उम्मीदवारों को एसआईएस के द्वारा प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा।

भर्ती अधिकारी ने बताया कि उन्हें जहां पर तैनात किया जाएगा, राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम एक्ट 1984 के अंतर्गत अन्य भत्ता योग्यता अनुसार सरकारी पेंशन, विधवा पेंशन, बोनस ग्रेविटी, ईएसआई, ग्रुप इंश्योरेंस, मेडिकल, आवास एवं दो बच्चों को आईपीएस देहरादून में पढ़ाने की व्यवस्था तथा स्थानांतरण के दौरान यात्रा भत्ता एवं खाने की सुविधा दी जाती है। भर्ती अधिकारी ने बताया कि देश में बढ़ती बेरोजगारी को देखते हुए विभाग द्वारा इस क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को भर्ती कर रोजगार उपलब्ध कराकर क्षेत्र की बेरोजगारी दूर करने के उद्देश्य से इस तरह का शिविर का आयोजन किया गया है।

### गढ़वा जिला के थाना परिसरों में ली जायेगी परीक्षा

गढ़वा जिला के थाना परिसरों में दिनांक 23.11.2022 को डंडा/रमना थाना परिसर, 24.11.2022 को बिशुनपुरा मझिआंव थाना परिसर, 25.11.2022 को बरडीहा/भवनाथपुर थाना परिसर, 26.11.2022 को खरौंधी/केतार थाना परिसर, 27.11.2022 को नगर उंटारी/रमकंडा थाना परिसर, 28.11.2022 को मेराल/रंका थाना परिसर, 29.11.2022 को भंडरिया/कांडी थाना परिसर में शारीरिक मापदंड एवं लिखित परीक्षा ली जाएगी तथा उम्मीदवार को प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

### उचित इलाज के अभाव में महिला की मौत

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के चौबे मझिगावां गांव निवासी सुभाष रजवार की 22 वर्षीय पत्नी कलींदा देवी की मौत सोमवार की रात्रि में उचित इलाज के अभाव में हो गई। कलींदा लगभग दो माह पूर्व एक बच्ची को जन्म दी थी। सोमवार को जब कलींदा को सांस लेने में दिक्कत होने लगी तो परिजनों ने उसे कांडी स्थित निजी क्लिनिक में दिखाया। जहां समुचित इलाज नहीं होने पर उसे एम्बुलेंस से गढ़वा ले जाया जा रहा था कि रस्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका का मायके बरडीहा थाना क्षेत्र के लावा चंपा गांव में है। मृतका के पिता विनोद राम ने बताया कि यदि समय पर मेरी बेटी का इलाज होता तो उसकी जान बच सकती थी। बताते चलें कि अति गरीब सुभाष रजवार परिवार के भरण पोषण के लिए मजदूरी करने चेन्नई गया हुआ है। इधर इलाज के अभाव में पत्नी की मौत से सुभाष पूरी तरह टूट चुका है।

ई-प्रोक्योरमेंट सेल

**अधीक्षण अभियंता का कार्यालय**

भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/CHATRA/12/2022-23

दिनांकः– 22.11.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Development of Karpuri Thakur Bhawan (Paver Block, Approach Road, Boundary Wall, Library, Karpuri Bhawan and Installation of Chair, Almirah) at Chatra. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | Rs. 63,17,200/- (Sixty Three Lac Seventeen Thousand Two Hundred ) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 04 (Four) Month |
| 4. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि / समय | 06.12.2022 12.30 अपराह्न तक |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 28.11.2022 |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546–222640 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग

PR 283092 Building (22-23)_D

## सेक्रेटरी के पद पर चुने जाने पर रेलवे कर्मचारियों ने किया स्वागत

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुरी रेलवे कर्मचारी पीडी तिवारी को गार्डन रीच एसइआर एमसी ऑफिस में गार्डनरीच के जनरल सेक्रेटरी शशि रंजन मिश्रा के नेतृत्व में पीडी तिवारी को मुरी रेलवे मेंस कांग्रेस यूनियन सेक्रेटरी के पद पर चुना गया। इसके पूर्व सेक्रेटरी के पद पर पीके साहू थे। पीडी तिवारी को, सेक्रेटरी के पद पर चुने जाने पर मुरी एवं हटिया के रेलवे अधिकारियों द्वारा मुरी स्टेशन पर उनका जोरदार स्वागत कर बुके देकर माला पहनाया गया। मुरी स्टेशन से नारा लगाते हुए एसइआरएमसी ऑफिस तक गए एवं वहां पर सभी को बधाई दिए। तिवारी ने कहा कि आज हम यहां तक आप ही लोग के सहयोग से पहुंचे हैं और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभायेंगे। साथ ही एक दूसरे को मिठाई खिलाकर धन्यवाद दिया। इस मौके पर हटिया के सेक्रेटरी मनोज कुमार राय, सच्चिदानंद, शिव शंकर प्रसाद, नीतीश कुमार सिंह, राजू चौबे, एलिजा जोसेफ, प्रकाश महतो, उदय , भूषण यादव, आर के गुप्ता, पीके साहू, समेत काफी संख्या में रेल कर्मचारी समेत लोग मौजूद थे।

### जिलास्तरीय आक्रोश प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा ने राज्य सरकार पर बोला हमला

# झारखंड में जनहित की नहीं, अली बाबा चालीस चोर की सरकार है : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** राज्य सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों, भ्रष्टाचार और महिलाओं के प्रति बढ़ती हिंसा को लेकर भाजपा ने मंगलवार को जिला स्तरीय आक्रोश रैली के माध्यम से सरकार पर जोरदार हमला बोला। राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन के दूसरे चरण में मंगलवार को खूंटी में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उपायुक्त कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन में मुख्य रूप से रांची के सांसद संजय सेठ, खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा सहित जिला स्तरीय कई नेता शामिल हुए। रांची के सांसद संजय सेठ ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि



झारखंड में जनहित की नहीं, बल्कि अली बाबा चालीस चोर वाली सरकार चल रही है। उन्होंने कहा कि तीन वर्षों के शासनकाल में राज्य सरकार भ्रष्टाचार के सारे कीर्तिमान ध्वस्त करने में लगी है। पांच लाख युवाओं को नौकरी देने और बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने सहित अन्य लोकलुभावन वादों द्वारा जनता को भ्रमित कर सत्ता प्राप्त करने वाली हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार अपने वादों को भूलकर राज्य के संसाधनों को लूटने में लगी है।

### राज्य में विधि व्यवस्था पूरी तरह चौपट: नीलकंठ सिंह मुंडा

विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार के तीन वर्षों के शासनकाल में राज्य के सभी क्षेत्रों में लूट-खसोट और भय का माहौल है। राज्य की विधि व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। महिला उत्पीड़न सहित अन्य आपराधिक घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। इस सरकार में अपराधियों, दुराचारियों और भ्रष्टाचारियों का मनोबल काफी बढ़ गया है। तीन वर्षों के अंतराल में राज्य में छह हजार से अधिक महिला उत्पीड़न की घटना राज्य में गिरती विधि व्यवस्था का परिचायक है। राज्य की जनता के विश्वास को चूर-चूर कर सिर्फ लूट-खसोट और अपराधियों का मनोबल बढ़ाने में लगी राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान उन्होंने लोगों से किया। आक्रोश रैली को किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो, प्रदेश भाजपा मंत्री और कार्यक्रम प्रभारी मुनेश्वर साहू, जिला प्रभारी सत्यनारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। आक्रोश प्रदर्शन के बाद राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा गया। इससे पूर्व पार्टी कार्यकर्ता बिरसा कॉलेज स्थित हॉकी मैदान में एकत्रित हुए। यहां से पार्टी कार्यकर्ता पार्टी के झंडा बैनर के साथ जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचे। आक्रोश प्रदर्शन में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जयकारे और राज्य सरकार के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे। धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री बिनोद नाग ने किया। मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल और राजेंद्र केसरी, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी, विनोद सिंह, पुरेंद्र मांझी, निखिल कंडुलना, विनय गुप्ता सहित काफी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सांसद जयंत सिन्हा ने रेल मंत्री से की मुलाकात राय रेलवे स्टेशन में ओवरब्रिज निर्माण की मांग



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग लोकसभा के सांसद जयंत सिन्हा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से नयी दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राय रेलवे स्टेशन और हेंदेगीर स्टेशन के पास रेलवे ओवरब्रिज निर्माण की मांग को प्रमुखता के साथ उठाया। उन्होंने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र का घनी आबादी वाले लोग गुफानुमा अंडर ग्राउंड पुल से आवागमन करने को मजबूर है, जिसके कारण आये दिन यहां दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में कोयलांचल के लोगों की भावना को समझते हुए यहां रेलवे ओवरब्रिज निर्माण होने से स्थानीय लोगों को आवागमन करने में काफी राहत मिलेगी। सांसद श्री सिन्हा ने झारखंड के कई रेलवे स्टेशनों में विभिन्न ट्रेनों के ठहराव, प्लेटफार्म बनाने, रेलवे ओवरब्रिज बनाने सहित अन्य बातों को लेकर विचार विमर्श किया। रेल मंत्री ने उक्त समस्याओं पर सकारात्मक आशवासन भी दिया। यह जानकारी सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दराद ने दिया है।

## सीसीएल प्रबंधन और विस्थापित रैयतों की बैठक संपन्न

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में मंगलवार को सीसीएल प्रबंधन और बिजैन गांव के विस्थापित प्रभावित रैयतो की बैठक जीएम सीबी सहाय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में कोयला खदान के विस्तारीकरण को लेकर भूमि उपलब्ध कराने, ग्राम बिजैन में बचे हुए विस्थापित रैयतो को जमीन के बदले नौकरी, मुआवजा, पुर्नवास देने और पूर्नवास केंद्र न्यू बिजैन में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर विचार विमर्श किया गया। स्थानीय प्रबंधन के द्वारा कोयला खदान के विस्तारीकरण में विस्थापित रेयतो से सहयोग की अपील की। वही उपस्थित रैयतो ने भी शेष बचे हुए लोगों को जल्द नौकरी और मुआवजा देने की मांग की। प्रबंधन के द्वारा इस पर सकारात्मक आशवासन दिया गया। इस बैठक में जीएम सीबी सहाय,एजीएम निरंजन सेनापति, अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो,पीके सिंह के अलावा स्थानीय विस्थापित ग्रामीणों की ओर से शत्रुघन पाहन, पच्चु गंझू, वकील गंझू, रंथु गंझू, झरी गंझू, नकुल गंझू, सनु साव, मक्खन गंझू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## तेजस्विनी की किशोरियों के लिए मुरहू में कार्यशाला

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू प्रखण्ड के सभाकक्ष में मंगलवार को तेजस्विनी परियोजना की किशोरीयो और युवतियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। भूमि सुधार उप-समाहर्ता जितेंद्र मुंडा और प्रखंड विकास पदाधिकारी मिथलेश कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में किशोरियो एवं युवतियों को स्वास्थ्य एवं पोषण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मुरहू की सोनम कुमारी साहू ने बताया कि माहवारी हर किशोरी को आना ही मातृत्व की पहचान है। माहवारी आने पर सही तरीके से साफ-सफाई अपनाने और समय-समय पैड को बदलना आवश्यक होता है। मौके पर विभिन्न बीमारियों के लक्षण सफेद पानी का निकलना एव शारीरिक कमजोरी और अन्य लक्षणों के बारे में विशेष जानकारी दी गई।

## 171 दिव्यांगों के बीच सहायक उपकरणों का वितरण

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डीआइपी योजना के तहत मंगलवार को रनिया प्रखंड मुख्यालय में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगों व वृद्धजनों के बीच नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण का वितरण किया गया। शिविर के दौरान 171 दिव्यांग जनों एवं वरिष्ठ जनों के बीच नि:शुल्क सहायक उपकरण बांटे गये। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित आंगनबाड़ी केंद्रों के सुपरवाइजर, सेविका और अन्य उपस्थित थे।

## मोहननगर में हाइ-मास्क टावर लाइट का एनके महाप्रबंधक संजय कुमार ने किया उद्घाटन



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया द्वारा मोहननगर बाजार में लगे हाई-मास्क टावर लाइट का मंगलवार की उदघाटन किया गया। एनके एरिया महाप्रबंधक संजय कुमार ने मोहन नगर साप्ताहिक बाजार में हाई-मास्क लाइट का उद्घाटन फीता काटकर किया। जिसके बाद महाप्रबंधक संजय कुमार सहित उपस्थित सभी श्रमिक प्रतिनिधियों ने मोहननगर आवासीय कॉलोनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कॉलोनी में पानी और बिजली की समस्या से कॉलोनीवासियों ने महाप्रबंधक को अवगत कराया। जिसके बाद महाप्रबंधक ने समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिये। इस मौके पर सीसीएल सयुंक्त सलाहकार सदस्य ललन प्रसाद सिंह, सीसीएल सलहाकार समिति सदस्सय कमलेश कुमार सिंह, जेसीएससी सदस्य मनोज कुमार रजक, आरकेएमयू क्षेत्रीय सचिव सुनील कुमार सिंह, देवपाल मुंडा, एस चटोपाध्याय, एसओसी सुजीत रंजन, आलोक जोजवार, सुरेंद्र चैहान सहित कई लोग मौजूद थे।

## दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से खेलो झारखंड के तहत मंगलवार को दिल्ली स्टेडियम परिसर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न हो गई। प्रतियोगिता में प्रखंड के 58 स्कूल कॉलेजों के करीब 300 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के पहले दिन छठी से आठवीं तक के बच्चे एवं दूसरे दिन नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान फुटबॉल, तीरंदाजी, कुश्ती, कबड्डी, जैवलिन थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद, विभिन्न दूरी के दौड़ समेत 18 प्रतियोगिताओं में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए अलग-अलग खेल कराये गये। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने पुरस्कृत किया। इसके अलावा जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि डॉ. अखिल महतो, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन आशीष लाकड़ सीओ धर्मेंद्र दुबे, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बीके झा, बीपीओ मनोज कुमार समेत अन्य लोगों ने भी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर काफी संख्या में विद्यार्थीएवं अभिभावक मौजूद थे।

## तमाड़ में महिला ने की आत्महत्या

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ के रायडीह गांव में वैशाखी देवी 25 वर्ष गले में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली तमाड़ में डेरा लेकर भाई-बहन रहते थे मृतक कुरकुट्टा गांव की रहने वाली थी उनके पति हड़िया महतो हैं कल उसका भाई भी गांव गया हुआ था पति भी अलग रहते थे कल रात वह गले में रस्सी का फंदा लगाकर घर के अंदर आत्महत्या कर ली।

## मृतक की पत्नी को एसबीइ प्रबंधक ने सौंपा चेक




**सिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारतीय स्टेट बैंक पतराहातु में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा के तहत दो लाख रू का चेक रोहाणी देवी को शाखा प्रबंधक अनिल कुमार साहू के द्वारा सौंपा गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रोहिणी देवी के पति त्रिवेणी मुंडा कमलामाइल दोवारु निवासी का पिछले दिनों देहांत हो गया था। देश के हर आदमी तक जीवन बीमा का लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र की मोदी सरकार ने 9 मई 2015 को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना शुरू की थी। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में बीमा खरीदने के लिए किसी मेडिकल जांच की जरूरत नहीं है । इस योजना के तहत, किसी भी कारणवश बीमाकृत व्यक्ति के मृत्यु के मामले में जोखिम सुरक्षा 2 लाख रुपये का है। प्रीमियम की राशि प्रति वर्ष 436 रुपये है। जिसे हर उपभोक्ताओं को इस योजना से जुड़ना चाहिए ।इस मौके पर भावना भारती,नवीन कुमार रमेश कुमार, सीएसपी संचालक प्रदीप कुमार मांझी, भीमसेन महतो,गजेन्द्र महतो,जयंत महतो सुधाकर साहू आदि उपस्थित थे।

## 15वां बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट में एसटी ब्वायज की टीम ने सेमीफाइनल मैच जीता, मैन ऑफ द मैच सुमित गंझू रहे



**खलारी (आजाद सिपाही)।** गुलजारबाग खलारी में खेले जा रहे 15वां बिरसा मुंडा फुटबॉल टूर्नामेंट में मंगलवार को टूर्नामेंट का पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया। एसटी ब्यॉज एवं गुलजारबाग टीम के बीच खेले गए सेमीफाइनल मैच में 3-1 गोल के अंतर से एसटी ब्यॉज की ने जीत दर्ज करते हुए टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनायी। मैच के मैन ऑफ द मैच एसटी ब्यॉज टीम के सुमित गंझू रहे। जिन्हे पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी सह क्लब के सदस्य जोगेंद्र राम ने मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया। मैच में रेफरी की भूमिका में रामा भुइयां तथा लाइन मैन के रूप में अजय गंझू एवं दीपक उरांव थे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में क्लब के संस्थापक सागर गोप के अलावा रविशंकर उरांव, पंकज मिश्रा, रोहित मुंडा, राजेष गोप, अंशु गोप, मोती रहमान, यश थापा, जीतु वर्मा, समीर वर्मा, कौशल गोप, राम बोदरा, अतलफ अंसारी, विक्रम बोदरा, विशाल राम सहित अन्यों का सरहानीय योगदान दिया जा रहा है।

## झामुमो के दिन पूरे हुए, इचागढ़ में आजसू ही आयेगी : सुदेश कुमार महतो



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ प्रखंड के पिलीद स्टेडियम में आजसू पार्टी का मिलन समारोह आयोजित हुआ। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। इसके अलावा समारोह में केंद्रीय सचिव सह ईचागढ़ विधानसभा प्रभारी हरेलाल महतो, बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी, तमाड़ जिला परिषद विजय मानकी, नीमडीह जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, प्रोफेसर रविशंकर मौर्या आदि मौजूद रहे। मिलन समारोह में ईचागढ़ प्रखंड के पूर्व प्रमुख अलोमनी देवी, नीमडीह के पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी एवं भाषा संघर्ष समिति के नेता पवित्र महतो के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने आजसू पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया। सभी लोगों को केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सदस्यता दिलायी और उनका स्वागत किया। सुदेश कुमार महतो ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार स्थानीय नीति और पिछड़ा आरक्षण को लेकर सिर्फ राजनीति कर रही हैं। एक तरफ खतियान की बात तो करती हैं दूसरी ओर बाहरी तत्वों को बढ़ावा दे रही हैं। यह सरकार और पूरा झामुमो समाप्त होने जा रही हैं, इसलिए ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आजसू ही आयेगा। केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो ने कहा कि ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में अबकी बार स्थानीय जनप्रतिनिधि की मांग है। क्षेत्र में मूलभूत आवश्यकताओं की कमी है। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी आवश्यकता भी पूरी नहीं हो रही हैं। जनप्रतिनिधि अपने दायित्वों को पूरा करने में विफल है। इसलिए ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में आजसू का नेतृत्व आना चाहिए। इस मौके पर केंद्रीय सचिव सत्यनारायण महतो, जिलाध्यक्ष सचिन महतो, पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, योगेंद्र नाथ महतो, गुरुपद सोरेन, जसवीर सिंह, दुर्योधन गोप, गोपेश महतो, अरुण महतो, तुलसी महतो, शिवेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

### झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एनके एरिया का धरना-प्रदर्शन 26 को

# डकरा परियोजना में की गेट मीटिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एनके एरिया के द्वारा केंद्रीय दिशा निर्देश के आलोक में अपनी मांगों को लेकर 26 नवंबर को एनके महाप्रबंधक के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जायेगा। साथ ही एनके प्रबंधन को मांग पत्र सौपा जायेगा। धरना प्रदर्शन को लेकर डकरा परियोजना में गेट मीटिंग किया गया। जिसकी अध्यक्षता एरिया अध्यक्ष जगरनाथ महतो एवं संचालन एरिया सचिव रंथू उरांव ने किया। इस दौरान कामगारों को यूनियन की मांगों की जानकारी दी गयी। जिसमें 11वां वेतन समझौता को जल्द से जल्द लागू करने, 44



श्रम कानून को बदल कर 4 श्रम कोड में बदलने का विरोध, रैयत विस्थापितों को नौकरी मुआवजा एवं बेरोजगारों को रोजगार दिलाने सहित अन्य मांगे शामिल है। साथ ही मजदूरों से 26 नवंबर को आयोजित धरना प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गयी। गेट मीटिंग के दौरान मुख्य रूप से एरिया उपाध्यक्ष बालमुकुंद पांडेय, प्रदीप राम, रामेश्वर यादव, अशोक घासी, फिरोज अंसारी, बिनोद गंझू, राजू नोनिया, तापेश्वर मोची, बिरजू महतो, बुल्ला गंझू, बरतु मुंडा, बबलू महतो, सुरेंद्र प्रसाद, जगदीश महतो, करमदयाल उरांव, सुकरा पाहन, बांदों उरांव, मोहनी देवी, तिलेश्वरी कुमारी सहित अन्य कामगार उपस्थित थे।

## बुंडू में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** एक ओर जहां सरकार खेल के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 18 नवंबर से 22 नवंबर 2022 तक का आयोजन किया आज बुंडू मे बच्चों को प्रशस्ति पत्र भी नहीं दिया गया। जिससे छात्र छात्राओं में आक्रोश बना रहा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जयराम प्रसाद से पूछने पर उन्होंने बताया कि प्रशस्ति पत्र बनाने का समय नहीं मिल पाया यह कितनी बड़ी विडंबना है कि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ही बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वैसे रमेश सिंह मुंडा स्मारक +2 उच्च विद्यालय मे खेल का आयोजन किया गया और कोरम पूरा किया गया शाम तक बच्चे प्रशस्ति पत्र के लिये जमे रहे लेकिन उन्हे निराशा ही मिली।

# विधायक ने किया 3.12 करोड़ से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** सिल्ली विधायक सुदेश महतो ने मंगलवार को सोनाहातू प्रखंड हेसाडीह गांव में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 3 करोड़ 12 लाख लागत से साढ़े 4 किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव की मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जायेगा।आमजन को सभी सुविधायें उपलब्ध कराने तथा ग्रामीणों की सभी समस्याओं के समाधान के लिये निरंतर कार्य



किया जा रहा है। इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। बनने वाली सड़क क्षेत्र के लिये लाइफ लाइन साबित होगा। पेयजल, स्वास्थ्य ,ओर शिक्षा को लेकर कई कल्याणकारी योजना पर काम किया जा रहा है। सभी जनहित ओर गांव हित के लिये काम करें। मौके पर ईचागढ़ विधानसभा प्रभारी हरिलाल महतो, बड़कागांव विधनसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह, मुखिया प्रताप सिंह मुंडा, चितरंजन महतो,रमेश मुंडा, शक्ति मुंडा, वरुण सिंह मानकी, लोहरा पातर मुंडा, सुरेश महतो, पुरंदर हजाम, बसंत महतो,दीनानाथ प्रमाणिक सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसबीआइ राहे ने बीमा क्लेम का किया भुगतान

**राहे (आजाद सिपाही)।** एसबीआइ राहे शाखा के ग्राहक सेवा केंद्र राहे के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का दो लाख ओर प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दो लाख का भुगतान किया गया। प्रखंड के रंगामाटी गांव के 30 वर्षीय योगेश्वरी देवी का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया था। जिसने एसबीआइ राहे शाखा में 20 रुपये ओर 436 रुपये का सालाना बीमा कराया था। दुर्घटना में मौत के बाद शाखा द्वारा सामान्य प्रक्रिया के बाद बीमा राशि कुल 4 लाख का भुगतान किया। बीमा भुगतान मृतक के पति त्रिवेणी महतो को किया गया। इस अवसर ओर शाखा प्रबंधक स्वेता मिश्रा ने कहा कि शाखा में दोनों बीमा योजना हर खाताधारकों के उपलब्ध है। सामान्य प्रक्रिया में बीमा से जोड़ा जाता है।

### झारखंड राज्य ओपन कराटे चैंपियनशिप

# खूंटी जिले के खिलाड़ियों ने जीते 22 स्वर्ण सहित 33 पदक

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा खेल गांव, रांची में आयोजित झारखंड राज्य ओपन कराटे चौंपियनशिप में खूंटी जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 स्वर्ण, चार रजत और सात कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया। शीतल टोपनो, निराली गुड़िया, अंजली कुमारी, निखिल सिंह और आर्यन प्रमाणिक काता तथा कुमिते के दोनों इवेंट में डबल स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहे। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में एलिसा केर-




केट्टा, स्मिता जोजो, मुकेश बोदरा, मुचिराय हस्सा, अंकित धान, प्रिंस लुगुन, चंदन नाग, समीर भेंगरा, काशीनाथ मानकी, जयेश राज, आकृत सुरीन तथा अयमान असदक शामिल हैं। रजत पदक जीतने वालों में आदित्य राम, स्मिता, जोजो, माधुरी बोदरा, सुखराम नाग और कांस्य पदक प्राप्त करने वालों में सुरभि सिंह, करण यादव, सत्यम ओहदार, सिमरन टोपनो, सोसन बोदरा, संजीव सांगा तथा सुभाष कुमार शामिल हैं।

### शीतल टोपनो करेगी भारत का प्रतिनिधित्व

खूंटी के जाने माने कराटे खिलाड़ी और लगातार आठ बार झारखन्ड राज्य कराटे चौंपियनशिप के विजेता, पांच बार नेशनल कराटे चौंपियनशिप में पदक जीतने एवं 2022 के नेशनल चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले झारखंड के पहले एवं एकमात्र खिलाड़ी शीतल टोपनो ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में 16 से 20 दिसंबर तक आयोजित एशियन कराटे चौंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधत्व करेंगे। स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड द्वारा आयोजित समारोह में शीतल टोपनो को नकद एक लाख की राशि संघ के महासचिव कृष्ण कुमार सिंह द्वारा दिया गया। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष मानस सिन्हा, शशि पांडेय, रंजीत मेहता, नसीम उद्दीन सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। सभी कराटेकार लोयोला हाई स्कूल परिसर में विश्व कराटे संघ से प्रमाणित कोच सेंसेई हेजाज असदक के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। कराटे खिलाड़ियों की सफलता पर लोयोला हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर आइजक खलखो, लोयोला इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर बिपिन तिर्की तथा लोयोला इंटर कॉलेज के प्राचार्य फादर विमल मिंज, संघ के महासचिव हरीश कुमार, उपाध्यक्ष शादाब खान, सचिन कुमार सहित कई खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

## किसलय विद्या मंदिर पतराटांड़ में बालक बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** किसलय विद्या मंदिर पतरा टांड़ मासू के तत्वावधान में बालक-बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में एफसी टाटीसिलवे की टीम फाइनल मुकाबले में लाल बादशाह तुरूप की टीम को पराजित कर विजेता बनी। वहीं बालिका वर्ग में जीपी हाई स्कूल की टीम ने एफसी सुगनू की टीम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि बीआईटी मेसरा (पॉलिटेक्निक) के निदेशक डॉ विनय शर्मा व विशिष्ट अतिथि सीसीएल के जीएम मित्रजीत चैधरी, आरके मिशन मैनेजिंग कमेटी के सदस्य ओमप्रकाश दुबे आदि ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर फाइनल मैच शुरू कराया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए किसलय विद्या मंदिर ने सराहनीय पहल की है। बाद में विजेता एवं उपविजेता टीमों को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में स्कूल की प्राचार्या कलावती महतो, शंकर महतो, सूरज महतो, विकास महतो, साहिल महतो, ब्रजेश महतो, पारस महतो, बिरसा मुण्डा सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## विश्व प्रसिद्ध शायर सुनील तंग के सम्मान में मुशायरा का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** हास्य-व्यंग के विश्व विख्यात शायर सुनील तंग के सम्मान में गत दिनों अंजुमन प्लाजा हॉल रांची में मुशायरा सह कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। अंजुम बकाए अदब रांची व क्रिएटिव मिशन झारखण्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी हसीब अख्तर एवं विशिष्ट अतिथि क्रिएटिव मिशन के मुख्य सलाहकार बदरे वकार थे। कार्यक्रम में सुनील तंग ने एक से बढ़कर एक शायरी पेश कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं मशहुर शायर सोहैल सईद, बदरे वकार, एजाज अनवर, प्रवीण परिमल, शालिनी शहबा, कनक लता, रिम्मी वर्मा, रूपा कुमारी, मीरा बंधन, नसीर अफसर, नरेश बंका आदि शायरों ने अपने कलाम और रचनाएं प्रस्तुत कर माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नसीर अफसर ने तथा मंच संचालन शायर सोहैल सईद ने किया।

## सशस्त्र सीमा बल की सात कंपनियों में कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ आज

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सशस्त्र सीमा बल 26वीं वाहिनी कैंप अनगड़ा एवं दर्पण सेवा संस्था बुंडू के संयुक्त तत्वावधान में 23 नवंबर को 26वीं वाहिनी के सातों कंपनियों मे एक साथ बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत आयोजित एक माह के इस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ कमांडेंट एसडी शेरखाने के नेतृत्व में किया जाएगा। मुख्यालय सह बी कंपनी अनगड़ा, जी कंपनी तमाड़ और इ कंपनी डुंगीरडीह मे कमांडेंट एसडी शेरखाने, ए कंपनी सताकी में डिप्टी कमांडेंट दिनेश कुमार, सी कंपनी बासुकोचा में सहायक कमांडेंट संजीव कुमार, डी कंपनी उलीहातु और एफ कंपनी हुंट मे डिपटी कमांडेंट अनुराग सिंह प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ करेंगे।

## एसबीएम निदेशक ने रातू के मुरचू गांव में स्वच्छता मिशन योजना का किया निरीक्षण



**रातू (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ भारत मिशन योजना के राज्य निदेशक नेहा अरोड़ा मंगलवार की सुबह नौ बजे सांसद आदर्श ग्राम मुरचू पहुंची। उन्होंने गांव में पेयजल व स्वच्छता को लेकर निमार्णाधीन और प्रस्तावित योजना का निरीक्षण किया। उन्होंने बीडीओ हरिशंकर बारीक को हर चार-पांच घर के बाद एक शॉकपिट बनाने, कंपोस्ट पिट व बायोगैस प्लांट का निर्माण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत तक सांसद आदर्श ग्राम मुरचू में केंद्रीय टीम जायजा लेने आयेगी। इससे पूर्व सभी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने को कहा। मौके पर लघु सिंचाई विभाग के मुख्य कार्यपालक अभियंता शशि शेखर, बीडीओ हरिशंकर बारिक, मुखिया अहिल्या कच्छप, रीता भगत, काली सहित अन्य उपस्थित थे।

## इटकी में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता शुरू

**इटकी (आजाद सिपाही)।** मांडर प्रखंड के टुटकुंदो सरना टोली खेल मैदान में इटकी प्रखंड के शिक्षा विभाग द्वारा दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता की शुरुआत मंगलवार को की गयी। प्रथम दिन कबड्डी, भाला व गोला फेंक सहित अन्य प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अनुराप्पा रानी ने किया। मौके पर बीपीएम पम्मी सिन्हा, राजकुमार रजवाड़, मनी लंग, पंकज दास, अरशद एवं रीता दास सहित अन्य शामिल थे।

## सीएचसी कांके में हुई वित्तीय अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच कराये सरकार : तनवीर आलम



**कांके (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांके में पदस्थापित ब्लॉक अकाउंट मैनेजर प्रियंका कुमारी सिंह द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान की गई वित्तीय अनियमितता, भ्रष्टाचार, स्वास्थ्यकर्मियों के साथ किए गए दुर्व्यवहार की उच्च स्तरीय जांच राज्य सरकार कराये। उक्त बातें कांके क्षेत्र के युवा समाजसेवी तनवीर आलम ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य का स्वास्थ्य विभाग पिछले तीन सालों से कुभंकर्णी निद्रा में सोया हुआ है। केंद्र में कार्यरत ब्लॉक अकाउंट मैनेजर प्रियंका कुमारी सिंह पिछले 12 वर्षों से भी अधिक समय से यहां पदस्थापित हैं। इनके द्वारा कई तरह की वित्तीय अनियमितता की गई है। तनवीर आलम ने कहा है कि प्रियंका कुमारी सिंह को केंद्र से हटाया जाए व निलंबित करते हुए उनके उपर लगे आरोपों की उच्च स्तरीय जांच की जाये। तनवीर आलम ने कहा कि एक पखवाड़े के भीतर इसे केन्द्र से हटाकर जांच नहीं की जाती है, तो सिविल सर्जन रांची के कार्यालय के समक्ष धरना पर बैठ जाएंगे। इस आशय की जानकारी उन्होंने उपायुक्त, सिविल सर्जन रांची को दी है। उन्होंने कहा है कि एंटी करप्शन ब्यूरो झारखंड, मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य सचिव सहित स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को इसकी सूचना और इनके द्वारा किए गए सभी भ्रष्टाचार, वित्तीय अनियमितता के कागजातों सहित सबूत पेश करेंगे और जांच कर विभागीय और कानूनी कार्रवाई की मांग करेंगे।

**कार्यक्रम :** मांडर कॉलेज में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ का गठन, प्रभात तिर्की ने कहा

# आदिवासी छात्र संघ का उद्देश्य युवाओं को एक मंच पर लाना है

> जब समाज का कमान युवा पीढ़ी संभाल लेती है तो उस समाज को कोई बाल बांका नहीं कर सकता है : जिलाध्यक्ष शनि उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** मांडर कॉलेज मांडर में राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात तिर्की की उपस्थिति में मगंलवार को राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ का गठन किया गया।

मौके पर बोलते हुए राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रभात तिर्की ने कहा राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ का नारा है पढ़ेंगे और जीतेंगे। हम आदिवासी समाज को कभी हारने नहीं देंगे। आज हमारे समाज में खास कर युवाओं में जागरूकता काफी कम हो गई है। राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ का उद्देश्य युवाओं को एक मंच पर लाना है।

वहीं रांची जिलाध्यक्ष शनि उरांव ने कहा जब समाज का कमान युवा पीढ़ी संभाल लेती है तो उस समाज को कोई बाल बांका नहीं कर सकता है।

बैठक में सर्वसम्मति से भरतदेव मुंडा को अध्यक्ष, सुमित उरांव को कार्यकारी अध्यक्ष, सचिव मंजेश उरांव को, उपसचिव बिरस्मानी कच्छप को, मीडिया प्रभारी सुनील उरांव को तथा प्रवक्ता रोबिन मिंज को बनाया गया।

कार्यकारिणी सदस्य में सोमनाथ उरांव, संजू उरांव, सुभाष उरांव, कार्तिक उरांव, जितेन खलखो, सुषमा उरांव, किरण कुजूर, बैजू उरांव, विजेता उरांव, किरण उरांव, सोनाली उरांव को नियुक्त किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शनि उरांव तथा मंच का संचालन सुशांत तिर्की ने किया।

मौके पर राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के राष्ट्रीय सचिव संदीप उरांव, बलकेश्वर उरांव, रिंकी कुमारी, राजू उरांव, अजीत उरांव, सूरज मोनी कुमारी, बबलू उरांव, परमेश्वर भगत सहित अन्य छात्र मौजूद थे।

## कस्तूरबा गांधी स्कूल में खेलो झारखंड के तहत खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

> खेलों में शारीरिक व्यायाम के साथ अपार संभावनाएं : शिल्पी नेहा तिर्की



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी स्कूल में मगंलवार को समग्र शिक्षा अंतर्गत खेलो झारखंड 2022-23 मुख्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेलकूद में भी ध्यान देना चाहिए। आज खेलकूद में धोनी झारखंड के साथ पूरे देश का नाम रौशन कर रहे हैं। आप तमाम बच्चे भी उनके जैसा खेल में कड़ी मेहनत करके आगे आयें और झारखंड के साथ देश का नाम रोशन करें। अगर आपको कोई समस्या हो तो आप मुझसे मिले मैं आपकी मदद करूंगी। मौके पर दक्षता प्राप्त खिलाड़ियों को पुरस्कृत भी किया गया।

इससे पहले बच्चों ने पारम्परिक तरीके से स्वागत करते हुए मंच तक मुख्य अतिथि को लाया, साथ ही पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश कुमार ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीपीओ, बीईओ, प्रखंड के सभी शिक्षकगण एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## कंबल वितरण सह आंख जांच शिविर आयोजन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** नवागढ़ पंचायत के बड़कीगोड़ांग गांव में ग्रामीण श्रमदान से डेढ़ किमी रोड का निर्माण कर रहे हैं, को देखते हुए रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची ने 40 महिला-परूष के बीच कम्बल का वितरण किया एवं उपस्थित लोगों की आंख जांच भी की गई। मौके पर रामकृष्ण मिशन आश्रम मोराबादी रांची के ब्रह्मचारी देवात्म चैतन्य महराज, राजीव चैतन्य महराज, नवागढ़ पंचायत मुखिया भुवनेश्वर बेदिया, चिरंजीवी मण्डल, जयराम बेदिया, पोदीना मुण्डा, ललकू बेदिया, जगरनाथ बेदिया, बालसाय मुण्डा, जगदीश भोगता, ललसाय मुण्डा, सुगन देवी, सोनी कुमारी, सुदिप्ता सत्पती आदि उपस्थित थे।

## सद्भावना फुटबॉल टूर्नामेंट कमेटी का गठन

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** 9वीं सद्भावना चैंपियन फुटबॉल ट्रॉफी 2022 -2023 टूर्नामेंट को लेकर मंगलवार को स्वर्णरेखा फुटबॉल क्लब सिकिदिरी की बैठक सिकिदिरी फुटबॉल मैदान में की गई। जिसमें कमेटी का पुनर्गठन किया गया। अध्यक्ष राजेश पाहन, सचिव प्रकाश यादव, कार्यकारी अध्यक्ष बलराम साहू, रंथुवा मुंडा उपाध्यक्ष चिंता साहू, श्याम सुंदर बेदिया प्रवक्ता शिवधर रजवार सहित अन्य लोगों चुना गया। मैच का उदघाटन 21 दिसंबर को सुनिश्चित किया गया है। मुख्य संरक्षक कांके प्रमुख सोमनाथ मुंडा को बनाया गया है। बैठक में राजेंद्र बेदिया, सलखु महतो, चमरू बेदिया, बलराम कुमार साहू, नंदलाल राम, अनिल कुमार राज, शिबु महतो, पवन महतो, जयनंद सिंह, राजनंदन साहू, मनोज साहू, प्रेम बेदिया, भागीरथ भोगता, अशोक रजवार सहित अन्य लोग शामिल थे।

## झारखंड प्रदेश चुनाव में हुई गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस प्रतिनिधिनिधमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

> राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जांच कर उचित कार्रवाई का दिया आश्वासन


आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड से कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल झारखंड प्रदेश में संगठनात्मक चुनाव में हुई गड़बड़ी को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिला। प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को बिना कारण बताये हुए हटा दिया गया है। इस संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्रखंड कांग्रेस कमेटी के निर्वाचन पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रदेश डेलीगेट को विभिन्न प्रखंडों से सर्वसम्मति से चयनित करके नाम भेजा गया था। उन लोगों का नाम हटाकर अपने स्तर से दूसरे व्यक्तियों को प्रदेश डेलीगेट सदस्य बना दिया गया है। इन सबके बारे में भी अध्यक्ष को अवगत कराया गया था। इसके साथ साथ संगठनात्मक चुनाव में जो गड़बड़ी हुई है उसके बारे में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। प्रतिनिधि मंडल के द्वारा अवगत कराये जाने के बाद अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी। जिन प्रखंड अध्यक्षों को हटाया गया है और प्रदेश डेलीगेट सदस्य को हटाया गया है, उनका नाम इस प्रकार है- प्रखंड अध्यक्ष अनगड़ा एतवा उरांव, विजय टोप्पो नामकुम, सलीम अंसारी इटकी, शिव उरांव चानहो, नागेश्वर महतो सिल्ली, कृजीवन महतो नगड़ी एवं निर्वाचित प्रदेश डेलीगेट सदस्य सुरेश प्रसाद साहू ओरमांझी, अशोक कुमार मिश्रा नामकुम, शिवदास गोस्वामी अनगड़ा, मदन कुमार महतो कांके एवं कई अन्य को हटाकर उनकी जगह बिना चुनाव किए हुए मनमाने तरीके से पदभार दे दिया गया है। संगठनात्मक चुनाव में भारी गड़बड़ी हुई है, जिसकी जांच कर पहले से संगठनात्मक चुनाव में जो निर्वाचित हुए थे उन्हीं को बनाये जाने की मांग की गयी। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से रमेश उरांव महासचिव व प्रवक्ता सह कार्यालय प्रभारी जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी रांची, शमीम अख्तर आजाद, अशोक कुमार मिश्रा, शिव उरांव, सलीम खान इत्यादि शामिल थे।

**बैठक :** बीडीओ ने की सावित्रीबाई फुले योजना की समीक्षा कर पदाधिकारियों को दिये निर्देश

# योग्य लाभुकों की जांच कर लाभ देना सुनिश्चित करें

> बेड़ो प्रखंड में अभी तक कुल 3334 लाभुकों का निबंधन हो चुका है, जिसकी जांच आंगनबाड़ी स्तर पर जारी है



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को बीडीओ डा प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में सावित्रीबाई फुले योजना की समीक्षा की गई। जिसमें अब तक इस योजना के तहत किए गए कार्य की प्रगति की जानकारी ली गई। उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि अभी तक कुल 3334 लाभुकों का निबंधन हो चुका है जिसकी जांच आंगनबाड़ी स्तर पर जारी है। बीडीओ ने पदाधिकारियों को जांच कर योग्य लाभुकों को इसका लाभ देना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

विदित हो कि झारखंड सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं को शिक्षा में प्रोत्साहन करने हेतु सावित्री बाई फुले बालिका समृद्धि योजना लाई गई है, जिसके तहत सरकारी एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय में पढ़ने वाले प्रथम दो संतान को कक्षा आठवीं नवमी में ढाई-ढाई हजार एवं 10वीं, 11वीं, 12वीं में पांच-पांच हजार प्रति वर्ष सहायता दी जाएगी। साथ ही 18 वर्ष पूर्ण होने पर 19 वर्ष में एकमुश्त 20,000 कुल मिलाकर 40,000 रु. का अनुदान दिये जाने का संकल्प है। समीक्षा के क्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नायाब जेबा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील केसरी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## विधायक और उप महापौर ने विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** खिजरी विधायक राजेश कच्छप और रांची उप महापौर संजीव विजयवर्गीय ने वार्ड 12 के पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग की उपस्थिति में मंगलवार को वार्ड में विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इसमें वार्ड अंतर्गत ऊपर कोचा से मरियानिष्ट स्कूल तक काला रोड, पीसीसी पथ का सुधारा एवं आरसीसी नाली निर्माण शामिल है। मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र में विकास उनकी प्राथमिकता है। उप महापौर ने कहा कि ग्रामीणों की चाहत और विकास का माप दंड उसे पूरा करने का काम करेंगे। उन्होंने अधिकारियों और ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से विकास कार्यों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। विकास कार्यों के शिलान्यास के बाद ग्रामीणों में हर्ष का माहौल देखा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, वार्ड पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग, संरपंच एलेक्स लकड़ा, सरना समिति उपाध्यक्ष चंपा कुजूर, पार्षद प्रत्याशी गुदलीबा डुंगडुंग, महावीर मंदिर संरक्षक वनमाली मंडल, गोपाल लोहिया, अजेला रुंडा, किशोरी लकड़ा, सिस्टर समा रानी, किशोर कुजूर, नवीन कुजूर, पैतरुस लकड़ा, जुगनू साहू, विशुन कुजूर, मेरी कुजूर, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक सहित कई लोग मौजूद थे।

## विधायक की पत्नी ने विकास योजनाओं का किया शिलान्यास



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को खिजरी विधान सभा क्षेत्र में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप की पत्नी रिया तिर्की ने किया। जिसमें वार्ड 37 में सुरेन्द्र सिंह के घर से मौसीबाड़ी मंदिर तक पीसीसी पथ वार्ड 37 में लाल बहादुर मिंज के घर से राज नायक के घर तक पीसीसी पथ, वार्ड 37 में मौसीबाड़ी खटाल में दीपक यादव के घर से संतोष यादव के घर तक पीसीसी पथ, वार्ड 40 में क्वार्टर सं 12 से राजकिशोर सिंह के घर पीसीसी पथ, वार्ड 40 में सेक्टर 3 सीडी 163 से सीडी 174 तक नाली निर्माण, वार्ड 39 में नाला पार खटाल में पीसीसी पथ का निर्माण कार्य शामिल है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सतीश पंडा, धुर्वा प्रखंड अध्यक्ष रंजन यादव, परमेश्वर सिंह, हटिया प्रखंड अध्यक्ष काजल भट्टाचार्य, जगन्नाथपुर प्रखंड अध्यक्ष पिकलू चटर्जी, राजकिशोर सिंह, सोनल कुमारी, अम्बरीष पांडेय, बजरंग महली, शुभम तिवारी, संजय चौबे, राजेश, विनोद दोहरा, पंचू तिर्की, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक आदि लोग उपस्थित थे।

## चाड़ू पंचायत सचिवालय में आधार सेवा केन्द्र का उदघाटन

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चाड़ू पंचायत सचिवालय में मंगलवार को आधार सेवा केंद्र का उदघाटन किया गया। आधार सेवा केंद्र के संचालक बबलू महतो ने बताया कि नया आधार कार्ड बनाने, आधार में पता, फोटो, बायोमेट्रिक, मोबाइल नम्बर, ईमेल, आधार डाउनलोड, कलर प्रिंट आदि कार्य किये जायेंगे। उदघाटन पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार महतो फीता काटकर किया। मौके पर उप मुखिया प्रितम महतो, जयलाल करमाली, मनीष महतो, नरेश महतो, उमाशंकर महतो, मोहित महतो, प्रेमचंद महतो, दीपक उरांव आदि लोग शामिल थे।

## उरूगुटू लैंपस में गेहूं और चना बीज वितरण का शुभारंभ

**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** कांके प्रखंड के उरूगुटू लैंपस में मंगलवार को बीज विनिमय वितरण योजना के तहत 90 फीसदी अनुदानित दर पर गेहूं और चना बीज वितरण का शुभारंभ किया गया। वितरण का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, मुखिया पूजा किस्पोटा, पंचायत समिति सदस्य तारा देवी, उपमुखिया मैनूल अंसारी, लैंपस के रजब अंसारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर विकास कुमार ने कहा कि सरकार के द्वारा किसानों के हित के लिए कई योजना चलायी जा रही है। किसान इसका लाभ उठाये। लैंपस में 10 किसानों के बीच बीज का वितरण किया गया। मौके पर प्रदीप कुमार सरकार, बरतु पाहन, बीटीएम सहित अन्य मौजूद थे।

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव का आयोजन



**रातू (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद् के तत्वावधान में मंगलवार को रातू डायट परिसर में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, ज्यूरी सदस्य विनय भूषण मुंडू, किशोर तिड़ु, मृणाल पाठक, देवराज सेन गुप्ता, चंद्रशालिनी कुजूर, ब्रजेश कुमार, राम बाबू प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बालक-बालिका वर्ग में लोक गायन, वादन, नृत्य, दृश्यकला का प्रदर्शन किया गया। संचालन जॉय होरो ने किया। कला उत्सव में राज्य के सभी जिला के 500 प्रतिभागी शामिल हैं। मौके पर उप निदेशक प्रदीप चौबे, सहायक निदेशक बांके बिहारी सिंह, अभिलाषा कुमारी, सीमा प्रसाद, अर्चना कुल्लू, दिनेश कुमार, सतीश चंद्रा, जयंत कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## झामुमो नगड़ी एवं रातू प्रखंड समिति की बैठक में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



**पिस्का नगड़ी (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा नगड़ी एवं रातू प्रखंड समिति का संयुक्त बैठक रांची जिला उपाध्यक्ष एवं प्रभारी कलाम आजाद की अध्यक्षता नायसराय में हुई। बैठक में पूर्व में लगातार आंदोलन एवं प्रखंड कमेटी संगठन पर भी विस्तार से चर्चा हुई। आंदोलन में दोनों प्रखंड की सफल भूमिका एवं आगे के रणनीति पर भी चर्चा की गयी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि दोनों प्रखंड कार्यकर्ता पूर्व की तरह ही बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायेंगे संगठन को और मजबूत करने की दिशा में ईमानदारी निष्ठा एवं समर्पित भावना से काम करेंगे। सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि 26 नवंबर शनिवार को नगड़ी प्रखंड कार्यालय में समय 11:00 दिन एवं रातू प्रखंड में दिन 2:00 बजे प्रखंड स्तरीय बैठक रखी गई है। बैठक में पंचायत के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से नगड़ी प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, रातू प्रखंड अध्यक्ष बिलाल अंसारी, सचिव रवि कुमार, धुचु तिर्की, बांदे उरांव, सचिन उरांव, पूजा देवी, राखी देवी, सोमारी उरांव, नीलम देवी, कालीचरण महतो, फिरोज अंसारी, बबलू मिंज, आसिफ अंसारी शामिल हुए।

# सारे चौक चौराहे सजाए जाएंगे : महापौर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर ।** नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर एवं उपमहापौर मंगल सिंह ने सामूहिक रूप से मंगलवार को लगभग एक करोड़ की लागत से बनने वाला चार चौक चौराहे भारत माता चौक (साहित्य समाज चौक) शहीद चौक (कचहरी चौक) 20 फुटा पुल चौक एवं स्वामी विवेकानंद चौक शाहपुर का शिलान्यास किया। महापौर ने कहा कि इसके अलावा 8 चौक चौराहे जिसमें सेवा सदन चौक का नाम महाराजा अग्रसेन चौक, जेलहता चौक का नाम लोकनायक जयप्रकाश नारायण चौक, रेडमा चौक का नाम चंद्रशेखर आजाद चौक, बाजार स्वर्गीय गनौरी लाल अग्रवाल आवास चौक का नाम स्वर्गीय गनौरी लाल अग्रवाल चौक, कॉपरेटिव चौक का नाम स्वर्गीय लता मंगेशकर चौक वेलवाटिका चौक का नाम₹ स्वर्गीय गणेश लाल वर्मा चौक के सुंदरीकरण का भी जल्द शिलान्यास किए जाएंगा। महापौर ने कहा कई मार्ग का नाम भी हम लोगों ने बदला है जिसमें प्रमुख बाईपास रोड का नाम श्री रामचरित पथ, शिव मंदिर मुख्य मार्ग से शहीद लेफ्टिनेंट के घर तक ₹वीर अमर शहीद पथ सिंगरा हाउसिंग कॉलोनी का नाम अटल नगर पत्रकार रामेश्वरम जी के घर वाले मार्ग का नाम पत्रकार रामेश्वरम पथ जायंट्स क्लब रोड का नाम पत्रकार एसएस रुबी पथ चंद्रवंशी मोहल्ला पथ का नाम स्वर्गीय विनोद चंद्रवंशी पथ रांची टेंट हाउस मोड का नाम स्वर्गीय गनौरी ठाकुर चौक प्रधान डाकघर से टाउन हॉल जाने वाले मार्ग का नाम स्वर्गीय प्रकाश चंद जैन मार्ग चंद्रा रेसिडेंसी के बगल वाले कॉलोनी का नाम गणपति नगर कोपरेटिव चौक से डॉक्टर आरपी सिन्हा चौक तक का नाम स्वर्गीय ब्रह्मदेव पांडे मार्ग स्वर्गीय रामचंद्र भगत चौक से डां आरपी सिन्हा चौक तक का नाम श्री ज्ञान चंद पांडे मार्ग मवेशी अस्पताल चौक का नाम स्वर्गीय मनी लाल वर्मा चौक मवेशी अस्पताल से मेयर आवास तक का नाम स्वर्गीय योद्धा सिंह नामधारी मार्ग रांची टेंट हाउस से इंदर सिंह नामधारी तक जाने वाले मार्ग का नाम स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद सिंह मार्ग₹ मेयर आवास से नामधारी गुरुद्वारा जाने वाले मार्ग का नाम स्वर्गीय राम अवतार लाल सर्राफ मार्ग एवं निमिया दुर्गा मंडप कन्हाई राम के घर से होते मोहन जी शर्मा के घर तक वाले मार्ग का नाम स्वर्गीय जगदीश प्रजापति मार्ग बोर्ड द्वारा नोटिफाइड किया गया है। इसके अलावा अगली बोर्ड हेतु प्रस्तावित रांची रोड से पाकी रोड सुरेश सिंह चौक तक का नाम स्वर्गीय रामदास तिवारी मार्ग एवं दो नवंबर टाउन इनकम टैक्स रोड का नाम स्वर्गीय चिंतामणि उपाध्याय मार्ग कनीराम चौक का नाम तथा बेल वाटिका गुरुद्वारा से कुंजड़ा पट्टी मार्ग तक जाने वाले रोड का नाम श्री गुरु सिंह सभा मार्ग रखने की अनुशंसा महापौर द्वारा की गई है।




## साक्षरता कर्मियों ने की 12 माह के बकाया मानदेय भुगतान की मांग

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत प्रखंड साक्षरता कार्यालय हुसैनाबाद में धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक की गई। जिसमें प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक संजय कुमार रवि ने प्रेरकों को वीजीवीएस के पलामू जिला व राज्य स्तर के पदाधिकारियों की सरकार के साथ हुई वार्ता व कार्य की रुपरेखा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत कई कार्य करने के दिशा निर्देश के साथ क्रियान्वयन भी शुरू कर दिया गया है। इसमें पृष्ठभूमि निर्माण, संगठनात्मक संरचना, प्रौढ़ निरक्षरों का सर्वेक्षण, वीटी की पहचान, मैचिंग – बैचिंग के तहत विद्यालयों के पोषक क्षेत्र के तहत 8 – 10 वयस्कों का एक केन्द्र स्थापित करने सहित प्रेरकों से लेकर वीटी, बीपीएम, स्वयं शिक्षकों के प्रशिक्षण कराने के निर्धारित कार्यक्रम की जानकारी दी गई। बैठक उपरांत बीडीओ रतन कुमार सिंह के नाम प्रखंड के सहायक उर्दू अनुवादक मोहम्मद शमीम को ज्ञापन देकर साक्षरता कर्मियों ने 12 माह के बकाया मानदेय भुगतान कराने की मांग की। उन्होंने इस प्रखंड में वर्ष 1995 से संचालित साक्षरता कार्यक्रम के तहत वर्ष 2018 तक सेवा दी। इसके बाद उनके कहीं समायोजन नहीं होने से परिवारों के जीविकोपार्जन संकट में है। बैठक में मुख्य रूप से मीना देवी, अनीता देवी, संजू देवी, मंजू देवी, सोनमति कुमारी, संजय चौधरी, सुरेश प्रसाद, विनय सिंह, हसन खलीफा, नागेन्द्र राम सहित कई प्रेरक शामिल हैं।



# विकास को तरस रही हरिहरगंज प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र, आस जोह रही जनता

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज प्रखण्ड के ऐसे कई सुदूरवर्ती क्षेत्र आज भी विकास के लिए तरस रहा है।वहीं रिंग रोड बनाने और विकास पुरुष का दावा फेल होता दिख रहा है।जिसमें ढकचा, सलैया, सरसोत, खड़गपुर, कटैया तुरी और कुलहिया पंचायत में आज भी एक अच्छी सड़क के लिए आस जोह रहा है।ज्ञात हो की इनमें कई क्षेत्र नक्सलियों का अति प्रभावित क्षेत्र रहा है। वहीं विकास के नाम पर जनप्रतिनिधि भोली भाली जनता को बर्गलाने का काम करते आ रहे हैं और सभा में जनता को विकास की बखान सुनाई जाती है।अगर देखा जाए तो कहीं कच्चे सड़क तो कहीं उबड़ खाबड़ और सड़क गड्ढे में तब्दील जन प्रतिनिधियों को मुंह चिढ़ाती रही है। वहीं क्षेत्र के जनता आस जोह रहे हैं कि आखिर कब हमें बेहतर सड़क और पुल मिलेगा।ज्ञात कराते हुए हरिहरगंज प्रखण्ड के ढकचा मोड़ से इमलिया टांड़ तक सड़क जर्जर है।सलैया पंचायत के ढकचा मोड़ से मझिगांवा होते बघना तक सड़क की हालत गंभीर बनी हुई है।यहां के ग्रामीण जनता नेताओं के ठगी का शिकार बने हुए हैं।चुनावी दौर में विकास के नाम बड़े बड़े वादे किए जाते हैं, पर सड़क का विकास नहीं हुआ।सरसोत पंचायत क्षेत्र के एनएच 98 सरसोत मोड़ से सरसोत चार मुहान तक सड़क जर्जर। खड़गपुर के बघउत थान से भांवर तक सड़क आज भी जर्जर स्थिति में। कटैया पंचायत क्षेत्र के वनस्पति बटानी नदी पुल से कजरू खुर्द तरवन के सड़क गड्ढे में तब्दील।यह सड़क पत्थरा पुलिस पीकेट होते हुए बिहार राज्य को जोड़ता है।साथ ही हरिहरगंज प्रखण्ड मुख्यालय के दो अंग ढकचा और सलैया पंचायत भी शामिल है।हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के अररुआ कला और तूरी पंचायत के बिचो बिच बटाने नदी का पुल आज भी अधूरा पड़ा है। जबकि यहां के ग्रामीणों ने कई बार जनप्रतिनिधियों और सम्बंधित अधिकारियों को अवगत कराया पर सुनवाई नहीं हुई।कुलहिया पंचायत के लादी गांव स्थित बतरे नदी पर भी अब तक पुल नहीं बना। यहां के ग्रामीणों को बरसातों में कई मश्किलों का सामना करना पड़ता है। जबकि इस संबंध में पूर्व एवं वर्तमान प्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया गया और सिर्फ आज तक जनता को आश्वासन मिला है।सोचा जा सकता है की रिंग रोड और विकास पुरुष का दावा फेल है या नहीं।



# डीसी कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे के जनता दरबार में मंगलवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों ने समस्याएं सुनायी। इस दौरान 40 से अधिक आवेदन आये। सभी आवेदनों को एक-एक कर देखने तथा आवेदक से बात करने के उपरांत उन सभी आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए निर्देशित किया। आज के जनता दरबार में पाटन से आई राजकली कुमारी ने डीसी के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि वे दिव्यांग युवती है उन्हें रहने के लिए कोई घर नहीं है। अतः उन्होंने डीसी से प्रधानमंत्री आवास दिलाने की इच्छा प्रकट की जिसे डीसी ने डीडीसी को अग्रसारित करते हुए निर्देशित किया। वहीं दूसरी तरफ शहर के भट्ठी मोहल्ला से आई शोभा देवी ने बताया कि उनके पति के द्वारा नगर निगम के माध्यम से एक दुकान लिया गया था। किंतु उनके पति की मृत्यु के बाद अपने घर और छोटे-छोटे बच्चों के देखरेख करने हेतु उस दुकान को उन्होंने किसी दूसरे व्यक्ति को दे दिया और अब उनसे खाली करने की बात बोलने पर वह खाली नहीं कर रहे हैं। जिसकी वजह से वे काफी मानसिक रूप से अपने आप को तनावग्रस्त महसूस कर रही है। अतः उन्होंने डीसी के समक्ष अपना आवेदन देते हुए उस दुकान को किराएदार से खाली कराने हेतु अनुरोध किया। जिसे डीसी ने उनके इस आवेदन को नगर आयुक्त को अग्रसारित कर दिया। पाटन से आए ग्रामीणों ने अपना आवेदन डीसी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा कि उनके यहां पावर ग्रीड का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें अति निम्न स्तर के सामानों का उपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों के कहने के बावजूद भी ठेकेदार के द्वारा उस निर्माण कार्य में कोई परिवर्तन नहीं किया जा रहा है। अतः डीसी से उन लोगों ने अनुरोध किया कि वह स्थल का जांच करवाते हुए दोषियों पर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु सुनिश्चित करें। जिसके उपरांत डीसी ने उनके इस आवेदन को विद्युत विभाग को अग्रसारित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वही बढ़कागांव से आयी कलिंदा देवी ने अपना आवेदन डीसी को देते हुए बताया कि उनकी दो गाड़ियां त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022 में उपयोग में लिया गया था जिसकी अभी भी क्षतिपूर्ति की राशि नहीं दी गई है। मुझे इस राशि की अति आवश्यकता है जिससे कि मैं अपने पुत्र का इलाज करा सकूं। अतः उन्होंने डीसी से निवेदन किया कि वे उनकी राशि की भुगतान करवाएं। उनके इस आवेदन को उपायुक्त ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को अग्रसारित कर जांचोपरांत भुगतान करने हेतु निर्देशित किया।



## हुसैनाबाद में खेलो झारखंड प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** खेलो झारखंड 2022 –23 का प्रखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन बक्सी उच्च विद्यालय हुसैनाबाद के मैदान में किया गया, जिसका शुभारंभ प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, हुसैनाबाद रामनरेश राम के द्वारा फीता काटकर किया गया। खेलो झारखंड प्रतियोगिता में हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत सभी मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालयों से छात्र–छात्राओ ने भाग लिया। सिसमे विभिन्न खेलों में भाग लिए हुए प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को जिला स्तरीय ₹खेलों झारखंड प्रतियोगिता ₹में भाग लेने हेतु चयनित किया गया। प्रखंड स्तरीय ₹खेलो झारखंड 2022 23 ₹प्रतियोगिता का आयोजन प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयराम मेहता एवं विनोद कुमार के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से खेल शिक्षक जीनत परवीन ,जगदीश यादव, मिथुन सरकार ,कुमारी रागिनी, विनय कुमार सिंह ,सुशील कुमार, सिंह कविंद्र कुमार पासवान ,धर्मेंद्र कुमार एवं रंजीत कुमार के साथ बीआरसी कर्मी रंजन सिंह,अभय सिंह ,सनी कुमार,एंव रामदेव ठाकुर आदि सक्रिय रहें। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से झारखंड कबड्डी टीम कोच मनोज शर्मा ,वरीय फुटबॉल खिलाड़ी श्री मानिक चंद्र सिंह एंव सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।



## आरपीएस स्कूल में इंटर हाउस विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में इंटर हाउस विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर एवं सब जूनियर ग्रुप के छात्रों के बौद्धिक विकास के लिए किया गया। विज्ञान प्रश्नोतरी प्रतियोगिता बड़े ही रोचक ढंग से स्मार्ट बोर्ड एवं पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के द्वारा संपन्न की गई। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विज्ञान के प्रश्नों को बड़े ही रूचि के साथ बता कर वैज्ञानिक ज्ञान के स्तर को प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के राउंड का समावेश था। इस प्रतियोगिता के बीच बीच में श्रोताओं के लिए भी प्रश्न रखे गए। जिनमें उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्राचार्य मनुज शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि हमें अपने ज्ञान को एक वैज्ञानिक की तरह हमेशा प्रयोग में लाते रहना है।प्रतियोगिता में जूनियर ग्रुप प्रथम स्थान पर 46 अंकों के साथ कक्षा–8 के अमृत कुमार मित्तल कक्षा–6 के प्रसन्न कुमार, कक्षा–7 के अभिषेक प्रजापति रहें , द्वितीय स्थान पर 44 अंकों के साथ कक्षा–8 के सुभ कश्यप ,कक्षा–6 के आशुतोष सिंह कक्षा –7 के जानवी चौधरी रहे वही तृतीय स्थान पर 30 अंकों के साथ कक्षा–8 के हर्ष सिंह, कक्षा , वैष्णवी सिंह कक्षा–6, कक्षा–7 के प्रार्थना का नाम शामिल है।सब जूनियर ग्रुप प्रथम स्थान पर 59 अंकों के साथ आदित्य सिंह कक्षा 5, मयंक राज कक्षा –4, शिवेश कुमार गुप्ता कक्षा– 3 , द्वितीय स्थान पर 32 अंकों के साथ सूयार्शु कुमार कक्षा– 5, मयंक कुमार 4 अद्विक सिंह कक्षा– 3 और तृतीय स्थान पर 22 अंकों के साथ शौर्य कुमार ,नमन कुमार आर्यन,अदिव्य कुमार रहे।




# मतदाता सूची पुनरीक्षण अवधि में जहां कम प्राप्त हुए हैं आवेदन वहां घर-घर चलायें अभियान : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेश पर 9 नवंबर 2022 से 8 दिसंबर 2022 तक चलाये जा रहे फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 के तहत मंगलवार को झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग के सचिव के रवि कुमार पलामू पहुंचे। उन्होंने स्थानीय सर्किट हाउस सभागार में पलामू के विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप प्रकाशन की अवधि के दौरान जिन मतदान केंद्रों पर 0 से 10 तक अथार्त कम आवेदन प्राप्त हुए हुए हैं, वहां के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को घर-घर अभियान चलाकर फॉर्म संग्रह कराने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ने संबंधी फॉर्म संग्रह कराएं, ताकि किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से नहीं छूटे। उन्होंने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 में लगे बीएलओ की समीक्षा करने तथा योग्य नागरिकों का फॉर्म संग्रह में तेजी लाने एवं कम प्राप्त फॉर्म वाले स्थानों पर अत्यधिक मेहनत करने का निदेश दिया, ताकि स्वच्छ एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची का निर्माण सुनिश्चित कराई जा सके। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदाता विवरणी का आधार से लिंक करने का कार्य 73 प्रतिशत से बढ़ाकर शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने का भी निदेश दिया। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अलावा मतदाता सूची प्रेक्षक-सह-आयुक्त जटा शंकर चौधरी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, उप निर्वाचन पदाधिकारी-सह- नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह सहित पांकी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-आपूर्ति पदाधिकारी शब्बीर अहमद,डालटनगंज के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह सदर एसडीओ पदाधिकारी राजेश कुमार साह,विश्रामपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,छतरपुर के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह एसडीओ एनपी गुप्ता, 79-हुसैनाबाद के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह एसडीओ कमलेश्वर नारायण सहित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।



### 8 दिसंबर 2022 तक चलेगा अभियान

फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम, 2023 9 नवंबर 2022 से शुरू है, जो 8 दिसंबर, 2022 तक चलेगा। इस दौरान दिनांक 1 जनवरी 2023, 1 अप्रैल 2023, 1 जुलाई 2023 एवं 1 अक्टूबर 2023 की अहर्ता तिथि को मतदाता बनने की योग्यता रखने वाले नागरिक मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रपत्र 6 में रंगीन फोटो एवं आयु तथा निवास प्रमाण पत्र के साथ अग्रिम आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कराने हेतु प्रवासी भारतीय प्रपत्र 6क में आवेदन समर्पित कर सकते हैं।? मतदाता सूची में नाम विलोपन करने के लिए प्रपत्र 7 में आवेदन जमा किए जा रहे हैं। मतदाता सूची में प्रविष्टियों का सुधार, ईपीक प्रतिस्थापन, दिव्यांगन, चिन्हांकित करने, विधानसभा क्षेत्र के अंदर अथवा बाहर निवास स्थानांतरण हेतु प्रपत्र 8 में आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन बीएलओ के पास/ विधानसभा के संबंधित क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय/ निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

# जिला परिषद बोर्ड की बैठक

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू जिला परिषद बोर्ड की बैठक मंगलवार को समाहरणालय के ब्लॉक-सी के सभागार में जिप अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई। सभागार में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह व उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी मेघा भारद्वाज,समेत सभी सदस्य सहित विभिन्न पदाधिकारी शामिल हुए। सर्वप्रथम बैठक में 7 जुलाई को संपन्न हुए बैठक में लिये गये निर्णयों एवं अनुपालन के विषय पर चर्चा किया गया। इसके पश्चात विभिन्न विभागों की विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी जिसमें सुखाड़ राहत योजना के तहत किसानों को निबंधित कराने एवं आवेदन कराने हेतु सभी जनप्रतिनिधियों को संसूचित किया गया। प्रत्येक प्रखंड में एक-एक नोडल पैक्स बनाने हेतु सहकारिता पदाधिकारी को विभागीय स्तर से अनुमोदन प्राप्त करने के लिये निर्देशित किया गया।

**लहरबंजारी पंचायत भवन को सामुदायिक भवन में किया जाएगा शिफ्ट**

बैठक में लहरबंजारी पंचायत भवन को सामुदायिक भवन में किया शिफ्ट करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह 13 जिला परिषद के दुकान,1 बस पड़ाव,4 हाट बाजार व 1 नावघाट के बंदोबस्ती का अनुमोदन प्रदान किया गया। वहीं 15वें वित्त आयोग मद से जो भी योजनाएं प्रारंभ नहीं हुई है उनका लाभुक समिति बदल कर कार्य प्रारंभ कराने का निर्णय लिया गया.पाटन एवं छतरपुर में अवस्थित जिला परिषद द्वारा निर्मित दुकानों का किराया का निर्धारण किया गया। इसी तरह रेहला में केसरे हिंद जमीन पर अवैध निर्माण की जांच हेतु अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में जांच दल का गठन किया गया। इसी तरह सामाजिक सुरक्षा,बिजली विभाग,शिक्षा विभाग,समाज कल्याण, भूमि संरक्षण, कृषि विभाग, आपूर्ति विभाग व अन्य विभागों की समीक्षा की गयी।



## लोगों का मिल रहा है अपार जनसमर्थन : पूनम

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम चुनाव की सरगर्मी बढ़ती जा रही है झारखंड सरकार अभी तक चुनाव की घोषणा नहीं की है, हालांकि कयास लगाया जा रहा है कि किसी भी समय सरकार चुनावी घोषणा कर सकती है। इधर वार्ड पार्षद से लेकर महापौर तक के प्रत्याशी जनता तक पहुंच कर अपने पक्ष में मतदान करने का अपील कर रहे हैं। मंगलवार को महापौर की भावी प्रत्याशी पूनम सिंह चैनपुर के कई क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। वहीं चैनपुर के वार्ड नंबर 34 मोहन गैरेज रोड, हरिजन टोला,बाजार क्षेत्र में लोगों से मुलाकात कर समर्थन मांगा। वही लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि निगम में विकास की बात तो छोड़ दीजिए मूलभूत सुविधा भी नहीं है। वही पूनम सिंह ने कहा कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो मेदिनीनगर निगम को मॉडल मेदिनीनगर नगर निगम बनाने का काम करूंगी। उन्होंने कहा कि पहले भी काम करके मेदिनीनगर को दिखाया है, आगे मौका मिला तो विकास की गंगा बहाने का कार्य करुगी। इस जनसंपर्क अभियान में नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, समाजसेवी जीवन सिंह, संजय पांडे, गुड्डू विश्वकर्मा,अमृत चौधरी,जितेंद्र सिंह,रौनक सिंह,ज्योति कुमारी, गुड्डू चंद्रवंशी,नीलम चंद्रवंशी,विनय कुमार, चंदन कुमार,अमित सिंह,राकेश पासवान,इमाम खान, मिथुन सिंह,बोतल चंद्रवंशी,अयूब अंसारी इत्यादि लोग शामिल थे।

# स्पोर्ट्स



भारतीय सीनियर महिला हॉकी टीम में चयनित होना एक सपना था: ब्यूटी डुंगडुंग

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा टी-20 टाई, भारतीय टीम ने श्रृंखला 1-0 से जीती

**नेपियर।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जा रहा तीसरा और अंतिम टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच बारिश के कारण ड्रा समाप्त हुआ। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम ने 9 ओवर में 4 विकेट पर 75 रन बना लिए थे, तभी बारिश शुरू हो गई, जब बारिश शुरू हुई उस समय भारतीय टीम डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस) स्कोर (9 ओवर में 75/4) स्कोर के बराबरी पर थी। मैच फिर से शुरू होने के लिए कोई समय नहीं बचा था, जिसके बाद अंपायरों ने खेल को खत्म करने का फैसला किया और मैच ड्रा के रूप में समाप्त हुआ। इसके साथ ही भारत ने तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला 1-0 से जीत ली। भारत ने दूसरा टी-20 65 रन से जीता था, जबकि पहला मैच बारिश के कारण रद्द हो गया था। 161 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही और भारत ने केवल 21 रनों के कुल योग पर ईशान किशन (10), रिषभ पंत (11) और श्रेयस अय्यर (00) के विकेट खो दिये। इसके बाद सूर्यकुमार यादव और कप्तान हार्दिक पांड्या ने टीम का स्कोर 50 के पार पहुंचाया। 60 के कुल स्कोर पर सूर्यकुमार यादव 13 रन बनाकर ईश सोढ़ी का शिकार बने। इसके बाद दीपक हुड्डा (नाबाद 9) और हार्दिक पांड्या (नाबाद 30) ने 9 ओवर में टीम का स्कोर 4 विकेट पपर 75 रन पहुंचाया, तभी बारिश शुरू हो गई और मैच फिर शुरू नहीं हो सका। न्यूजीलैंड की तरफ से कप्तान टीम साउदी ने 2 और एडम मिल्ने व ईश सोढ़ी ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। न्यूजीलैंड की टीम डेवोन कॉनवे (59) और ग्लेन फिलिप्स (54) के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत 19.1 ओवर में 160 रनों पर सिमट गई। जब कॉनवे और फिलिप्स बल्लेबाजी कर रहे थे, तो लगा कि कीवी टीम 200 के ऊपर का स्कोर बनाएगी, लेकिन इन दोनों का विकेट गिरने के बाद न्यूजीलैंड की पारी ताश के पत्तों की तरह ढ़ह गई। न्यूजीलैंड ने आखिरी के सात विकेट मात्र 14 रनों पर खो दिये।



# निकोलस पूरन ने वेस्टइंडीज के कप्तानी पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली ।** निकोलस पूरन ने 2022 टी 20 विश्व कप में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद वेस्टइंडीज के सफेद गेंद टीम के कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है। पूरन ने पिछले साल 10 जुलाई को ग्रोस आइलेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टी20 में कीरोन पोलार्ड (हैमस्ट्रिंग की चोट) की अनुपस्थिति में वेस्टइंडीज का नेतृत्व किया था। यह एक ऐसी श्रृंखला थी जिसे वेस्टइंडीज ने 4-1 से जीता था। जब पोलार्ड 2021-22 में लगातार हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पाकिस्तान दौरे से बाहर हुए तो उन्होंने सफेद गेंद टीम का नेतृत्व किया। अनुभवी ऑलराउंडर पोलार्ड के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद 3 मई, 2022 को, पूरन ने आधिकारिक तौर पर टीम की बागडोर संभाली। उनके नेतृत्व में, वेस्टइंडीज ने 17 एकदिवसीय मैचों में से सिर्फ चार और 23 टी20 में से केवल आठ जीते हैं। हाल ही में समाप्त हुए टी 20 विश्व कप में, वेस्टइंडीज ने जिम्बाब्वे को हराया लेकिन आयरलैंड और स्कॉटलैंड दोनों से हार गया और सुपर 12 चरण के लिए भी क्वालीफाई करने में असफल रहा। पूरन ने कहा, मैंने टी20 विश्व कप की भारी निराशा के बाद से कप्तानी पर काफी विचार किया है। मैंने बड़े गर्व और समर्पण के साथ भूमिका निभाई और पिछले एक साल में इसे पूरी तरह से सब कुछ दिया है। टी 20 विश्व कप एक ऐसी चीज है जो हमें परिभाषित नहीं करना चाहिए और मैं आगामी समीक्षाओं में आसानी से शामिल हो जाऊंगा। मैं सीडब्ल्यूआई को मार्च और उसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले मैचों की तैयारी के लिए काफी समय देना चाहता हूं। मैं हार नहीं मान रहा हूं।

## आक्रोशित ग्रामीणों ने रोका पेवर ब्लॉग बिछाने का कार्य



**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद छह नंबर कैंटीन के समीप नगर निगम के द्वारा अधूरा पेवर ब्लॉग बिछाये जाने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने मंगलवार को विरोध जताते हुए कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय पार्षद के भाई की देखरेख में मोहल्ले के रास्ते एवं अन्य जगहों पर अधूरा पेवर ब्लॉग बिछाया गया है। पार्षद के भाई ने छुटे हुए जगहों पर पेवर बिछवा देने की बात कही थी। अब कहने के बावजूद भी अधूरे काम को पूरा नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि जब तक अधूरे काम पूरा नहीं किया जाता है तब तक सड़क के किनारे पेवर ब्लॉग बिछाने नहीं दिया जायेगा। विरोध का नेतृत्व कर रहे प्रीतम कुमार नोनियां ने पार्षद के आवास के अंदर का विडियो मीडिया कर्मियों को सौंपते हुए कहा कि पार्षद द्वारा अपने घर के एक एक कोने में पेवर ब्लॉग बिछाया है जबकि ग्रामीणों के आवास के सामने अधूरा छोड़ दिया गया है। जानकारी के अनुसार नगर निगम द्वारा लोयाबाद मोड़ से लोयाबाद रेलवे फाटक तक सड़क के दोनों किनारे पेवर ब्लॉग बिछाया जा रहा है। पार्षद महाबीर पासी से उसका पक्ष लेने के लिए फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। वही निगम के अभियंता दीपक कुमार ने पूछे जाने बताया कि पहले की क्या योजनायें थीं वह नहीं जानते। पार्षद के भाई द्वारा जो आश्वासन दिया गया वह समझे। ग्रामीणों को समझाने बुझाने का काम किया जा रहा है। जल्द काम शुरू हो जायेगा। विरोध करने वालों में रिंकू खान, करण कुमार, रोहन बेलदार, पारो देवी, सरफरोज खान आदि लोग शामिल थे।

## जनता का आशीर्वाद मिला तो सभी अधूरे कार्य पूर्ण किये जायेंगे: वीना अग्रवाल



**कतरास (आजाद सिपाही)।** निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल अपनी पत्नी मेयर प्रत्याशी वीना अग्रवाल के साथ कतरास लिलोरी मंदिर पहुंच कर पुजा अर्चना की। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए मेयर प्रत्याशी वीना अग्रवाल ने कहा कि हमारे पति ने अपने कार्यालय में विकास की नई गाथा लिखी है। कुछ विकास कार्य अभी भी बाकी है अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो निश्चित रूप से सभी अधूरे कार्य पूर्ण किये जायेंगे। वहीं निवर्तमान मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि हमारे कार्यकाल का काम धरातल पर दिख रहा है हमें गिनाने की आवश्यकता नहीं है। विकास कार्य कर के एक बार फिर मै जनता के बीच में जा रहा हूं। मौके पर निवर्तमान पार्षद छोटू सिंह, प्रभात मिश्रा, मनमोध स्वर्णकार, पंकज सिंह, राजकुमार प्रमाणिक आदि मौजूद थे।

## डीएवी-6 के दसवीं के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर 6 के दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र पेटरवार ले जाया गया। कृषि विज्ञान केंद्र जाकर छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिकों के साथ विचार विमर्श किया। अनेक प्रकार के उपकरणों का ज्ञान हासिल किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के फसलों के उत्पादन के बारे में जानकारियां हासिल की। खरीफ एवं रबी फसल को काफी बारीकियों से बच्चों ने देखा। विभिन्न प्रकार के पुष्प उद्यान तथा फलोद्यान की जानकारियां हासिल की। विभिन्न प्रकार के बीज निर्माण संबंधी रख रखाव के बारे में बताया गया। कृषि से संबंधित विशेष ज्ञान प्राप्त हुआ। पौधरोपण संबंधित ज्ञान के बारे मं जानकारियां प्राप्त की। बच्चों ने धान के विभिन्न प्रकारों को नजदीक से देखा। बच्चों ने उत्सुकता पूर्वक बहुत से उत्पादक विषयों की भी जानकारियां हासिल की। शैक्षणिक भ्रमण में दसवीं कक्षा के सभी छात्र-छात्राओं ने अपने ज्ञान कौशल को बढ़ाया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक स्वरूप कुमार नाथ, आलोक कुमार सिंह, किरण सिंह एवं विकास मिश्रा का पूर्ण सहयोग रहा। प्राचार्य एसके मिश्र ने कहा कि शैक्षणिकभ्रमण से छात्रों में जानने की प्रवृत्ति विकसित होती है।

# वर्तमान सरकार में खनिज संपदा कोयला लोहा, बालू की चोरी चरम पर: ढुल्लू महतो

### विधायक ढुल्लू महतो और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के प्रति मृतक के परिजनों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के बेनीडीह साइडिंग मे सीआइएसएफ और कोयला चोर के बीच हुई हिंसक झड़प की घटनाक्रम के तीसरे दिन मंगलवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो मृतको के परिजन से मिलकर दुख जाताया और हर संभव सहयोग करने का वादा किया। हालांकि मृतकों के परिजनों के बीच बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के प्रति आक्रोश व्याप्त है, घटनाक्रम के दिन ये कहा थे और आज मिलने आये है। परिजनों ने विधायक के समक्ष आक्रोश व्यक्त नहीं किया। बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने घटना को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में जिस प्रकार झारखंड राज्य में खनिज पदार्थ कोयला, लोहा, बालू की चोरी, डकैती, लूट अति चरम सीमा पर पहुंच गई है। जिसका शिकार शिक्षित बेरोजगार युवक, गरीब मजदूर और वर्ग के लोग हो रहे है। बेनीडीह की घटना पर राज्य की सरकार के राज्य मंत्री बन्ना गुप्ता और पूर्व विधायक सह कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो कहते है कि यह केंद्र की बात है, लेकिन उन्हें यह अहसास होनी चाहिए कि सीआइएसएफ की गोली से जिस गरीब का बेटा एवं भाई मरा है उसके दर्द से इनलोगों को कोई मतलब नहीं है। अगर इनमे सही मे हिम्मत है तो इस घटना की जांच सीबीआई से करायें और जो भी दोषी व्यक्ति है उसे फांसी की सजा दिलाने का काम करें।

### बीजेपी सरकार में हजारों लोगों को रोजगार दिलाया गया था

कोयला चोरी में अब तक हजारों लोगों की जान जा चुकी है। गरीब, बेरोजगार लोगों का पेट भरने के लिए, कई कंपनियां संचालित है लेकिन एक भी स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार नहीं मिला। विधायक ने दावा करते हुए कहा कि बीजेपी सरकार के समय मेरे द्वारा हजारों लोगों को रोजगार दिलाया गया था। लेकिन इस सरकार में झारखंड से युवा वर्ग पलायन कर किसी और राज्य मे रोजगार के लिए भटक रहे है।

### बलियापुर के रांगामाटी में अपराधियों का धावा

## 27 हजार नगद समेत 3 लाख के जेवरात पर किया हाथ साफ



आजाद सिपाही संवाददाता

**बलियापुर।** बलियापुर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 55 अंतर्गत रांगामाटी आरएमएल-2 निवासी सह सीमेंट व्यवसायी पवन सर्खेल के घर का ताला तोड़कर चोरों ने 27 हजार नगदी समेत 3 लाख के सोने व चांदी के आभूषण चुरा लिए। घटना सोमवार रात की है। सूचना पर बलियापुर पुलिस मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। भुक्तभोगी पवन सर्खेल ने पुलिस को बताया कि वो सपरिवार सोमवार की शाम अपने किसी रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में गए हुए थे। दूसरे दिन मंगलवार की सुबह वापस लौटने पर देखा की सभी कमरों के ताले टूटे हुए हैं। सामान बिखरे पड़े हैं। अलमारी के ताले भी टूटे हुए हैं, और उसमें रखे 27 हजार नगद एवं 5 भरी सोने और ढाई सौ ग्राम चांदी के आभूषण समेत अन्य कीमती सामान चोरी हो गये हैं उन्होंने आभूषण की कीमत लगभग 3 लाख आंकी है। तत्पश्चात घटना की सूचना बलियापुर पुलिस को दिया।

### पुलिस बल तैनात करने की मांग

वार्ड 55 के निवर्तमान पार्षद साहेब राम हेंब्रम ने लगातार हो रही चोरी की घटना को देखते हुए आसपास के मैदानों में रात को बैठकी लगा कर शराब पीने वालों पर कार्रवाई करने और बगल के टीओपी में पुलिस बल तैनात करने की मांग प्रशासन से की है। वही भुक्तभोगी ने बलियापुर पुलिस को लिखित शिकायत दे घटना को अंजाम देने वालों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### लोयाबाद में मनायी पूर्व मंत्री ओपी लाल की पुण्यतिथि

## कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कांग्रेस नेता सह पूर्व मंत्री ओपी लाल की पुण्यतिथि पर लोयाबाद में कांग्रेस नेता रवि चौबे के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक, धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह सहित सभी कांग्रेसजनों ने 2 मिनट का मौन रखकर एवं उनके तैल-चित्र पर माल्यार्पण अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो एवं पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक ने संयुक्त रूप से कहा की स्व. ओपी लाल साहब राजनीति के एक स्तंभ थे। वे एक जुझारू नेता थे एवं उनका स्वभाव सरल,मृदुभाषी एवं संगठन के प्रति समर्पण का रहा, उनके जाने से कांग्रेस पार्टी को अपूरणीय क्षति हुई है। वही जिलाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि स्व ओपी लाल एक सच्चे, शालीन, हंसमुख और काफी मिलनसार व्यक्ति थे, वे जुझारू नेता एवं पक्ष विपक्ष सभी के दिलों में हमेशा बसे रहे, उनका निधन निश्चित रूप से पार्टी एवं जनता को हमेशा खलेगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री एके झा,झारखंड प्रदेश कांग्रेस डेलिगेट सुल्तान अहमद एवं वैभव सिन्हा, रवि चौबे, रामप्रीत यादव, शकील अहमद,लगनदेव यादव, जितेश सिंह, असलम मंसूरी, राजकुमार महतो, हाकिम खान, राकेश सिंह, चांद खान, के-के पांडे, तारीक आबिद, इम्तियाज अहमद, गुड्डू मिश्रा, गया प्रसाद, धनेश मिश्रा, मोहम्मद सज्जाद, सर्वेश चौहान, रंजीत नोनिया पप्पू शर्मा, नगेंद्र राय, मुन्ना बख्शी, विनोद दास समेत लोग उपस्थित थे।

## मोबाइल दुकान में सेंधमारी कर 5 लाख की चोरी, जांच में जुटी चिरकुंडा पुलिस



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा थाना अंतर्गत सोमवार की रात चोरों ने सीएस कंयुनिकेशन मोबाइल दुकान में सेंधमारी कर मोबाइल और नगद 2 लाख 31 हजार रुपये चुरा लिये है। भुक्तभोगी उर्फ सिंलटू ने बताया कि रोज की तरह सोमवार की रात दुकान बंद कर मैं अपने घर चला गया। मंगलवार की सुबह जब दुकान खोला तो पाया की दुकान का सारा सामान बिखरा पड़ा है और महंगे मोबाइल गायब हैं। दीवार में सेंधमारी कर घटना को अंजाम दिया गया। काउंटर में रखे 2 लाख 31 हजार रुपया नहीं है। दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे को भी चोरों द्वारा विपरीत दिशा में घुमा दिया गया एवं दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को भी तोड़ दिया गया है। कुछ-कुछ कैमरे चोरों द्वारा छूट गये हैं जिसका फुटेज निकाला जायेगा। सूचना मिलते ही चिरकुंडा पुलिस घटनास्थल पहुंचकर निरीक्षण किया। घटना के इस संबंध में चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है आगे की कार्रवाई जारी है।

## मेयर प्रत्याशी डॉ शिवानी का अभिनंदन समारोह आयोजित




**कतरास (आजाद सिपाही)।** अटल क्लिनिक सामुदायिक भवन मे छाताबाद वार्ड संख्या 2 के नागरिकों के द्वारा मेयर प्रत्याशी डॉक्टर शिवानी झा का भव्य स्वागत सह अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शौकत अली तथा संचालन गौतम मंडल एंव धन्यवाद ज्ञापन छोटू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में वार्ड 2 के पुरुष एंव महिलाओं के द्वारा डॉ शिवानी झा का भव्य स्वागत किया गया। छाताबाद के लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनबाद नगर निगम चुनाव में डॉ शिवानी झा के समर्थन में सहयोग की अपील की गई एंव उपस्तिथ नागरिकों ने हाथ खड़े कर अपनी सहमति जताई। वार्ड संख्या 2 से डॉ शिवानी झा का आगाज हैं। जो वार्ड स्तर पर निरंतर कार्यक्रम जारी रहेगा। सभा को संबोधित करते हुए कई गणमान्य ने कहा कि वार्ड 2 से डॉ शिवानी झा को 90 फीसदी मत प्राप्त होने की संभावना हैं। जिसके लिए वार्ड 2 के नागरिकों का भरपूर समर्थन हैं। डॉ शिवानी झा ने सबों के संबोधन को सुना एवं वार्ड की समस्या से भी अवगत हुई। उन्होंने कहा कि वे आम जनता के बीच में से ही हैं। वे आम जनता की समस्या से अवगत हैं। छाताबाद वार्ड 2 में कई समस्याएं हैं लेकिन, प्रमुख रूप से पानी की समस्या को सर्वप्रथम दूर करने का काम करेंगी। वहीं पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय झा ने अपने संबोधन में कहा कि आज बेरोजगार युवा कोयले को ही अपना रोजगार मान रहें हैं। उन्होंने बाघमारा डुमरा में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) और कोयला चोरों के बीच मुठभेड़ में 4 लोगों के मौत की घटना की निंदा की। वहीं मृतकों के लिए मौन धारण कर श्रद्धांजली दी गई। वार्ड 2 के नागरिक प्रखरता से डॉ शिवानी झा के समर्थन में हैं और उपस्थित वार्ड 2 के नागरिकों ने एक स्वर में कहा कि वे इस बार गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, कोयला, लोहा माफिया मुक्त समाज के लिए सहयोग करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उदय कुमार सिंह,विनय पासवान, रामाशंकर तिवारी, दीपा कुमारी, डॉक्टर उषा चौधरी अनुज कुमार सिन्हा, प्रदीप पांडे, अरविंद सिन्हा, प्रोफेसर इरफान, सुदाम गिरी, रणधीर ठाकुर, डॉ नेहा प्रियदर्शी, अनंत कृष्णा, शिव प्रसाद वर्मा, बलदेव यादव, शंकर चौहान, मेवालाल चौधरी, परवेज आलम, अधिवक्ता ऐनुल हक, रणधीर ठाकुर, दक्षिणेश्वर कुंभकार, शिवाधार सिंह, जिआउल हक, मनोरमा देवी, परजाना परवीन, सोनी खातून, बाली देवी, खुशबू देवी, नुरेशा खातून, कंचन देवी, शिवेंद्र सिन्हा, राजेश सिह, कल्याणी मिश्रा, सोनी झा, गीता देवी, डॉ. विनय, डॉ. महेंद्र प्रजापति, शिव प्रसाद वर्मा, आशुतोष पांडेय, प्रदीप वर्मा, रंजन मिश्रा सहित अन्य सैंकड़ों लोग मौजूद थे।

## संजय वर्मा को मातृ शोक, क्षेत्र में शोक की लहर

**झरिया (आजाद सिपाही)।** झरिया के युवा भाजपा नेता सह समाजसेवी संजय वर्मा की 80 वर्षीय माता सरस्वती देवी का मंगलवार की अहले सुबह निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। आसपास के लोग सहित विभिन्न राजनीतिक दलों से जुड़े शुभचिंतक और क्षेत्र के प्रबुद्धजन युवा नेता के घर पहुंच दुख संवेदना प्रकट करते हुए परिजनों को ढाढस बंधाया। परिजनों के अनुसार माता कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी, सोमवार की रात उनकी तबियत अचानक बिगड़ गई, अहले सुबह माता ने अंतिम सांसे ले ली।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग**
(email-districtboardhazaribag@gmail.com, Phone No. 06546-261407)

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :- 29/2022-23**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट निधि अन्तर्गत Rate Contract for Lake/pond cleaning using In-situ Bioremediation technology with 3 years maintenance and livelihood generation with community engagement in the District of Hazaribag का कार्य किया जाना है, जिसके लिए इच्छुक निविदादाता (Bidders) से सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि 26.11.2022
2. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय 26.11.22 से 03.12.2022 अपराहन् 5:00 बजे तक।
3. जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि जमा करने की तिथि एवं समय 05.12.2022 अपराहन् 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने का स्थान- जिला परिषद, हजारीबाग।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 06.12.2022 पूर्वाहन् 11:00 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता - जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546 261406 ई-मेल - districtboardhazaribag@gmail.com
8. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक जो सचिव, जिला परिशद, हजारीबाग के पदनाम से देय हो देना होगा। साथ ही निविदा प्राप्ति की तिथि को कम से कम दो माह की वैद्यता होना अनिवार्य है।

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग

PR 283019 District(22-23)#D

# डीएसइ ने महुदा कॉलेज का किया निरीक्षण

## संसाधन और अन्य कागजातों की जांच की

**प्रोफेसर श्यामलाल महतो एवं सचिव दीप नारायण शर्मा ने डीएसइ से निरीक्षण रिपोर्ट जल्द भेजने का आग्रह किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार ने महुदा इंटर महाविद्यालय महुदा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने महाविद्यालय का पठन-पाठन के अलावा शिक्षक, छात्र उपस्थिति पंजी, नामांकन पंजी के साथ ही शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों से शिक्षण स्तर की जानकारी ली। वहीं वे महाविद्यालय के उपस्थित पंजी, संसाधन एवं अन्य कागजातों का जांच पड़ताल किया। उन्होंने महाविद्यालय के बच्चों से रूबरू हुए तथा उपस्थिति देख प्रसन्नता जाहिर की। महाविद्यालय के पुस्तकालय में आधुनिक तथा सामयिक पुस्तकों की उपलब्धता देख व्यवस्था की प्रशंसा की। वहीं शिक्षा अधिकारी ने बताया महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा जैक को पत्र लिखकर सीटो की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया था। उसी के निरीक्षण में आया हूं, इस दौरान महाविद्यालय में मौजूद कमरो का निरीक्षण किया। निरीक्षण की रिपोर्ट वे जैक को भेजेंगे। वे महाविद्यालय में मौजूद कमरो को देखते हुए प्रसन्नता जाहिर करते हुए सीटो की संख्या बढ़ाने की बात कही साथ ही कहा इसका निर्णय जैक को करना है। वहीं प्रोफेसर श्यामलाल महतो एवं सचिव दीप नारायण शर्मा ने डीएसइ से निरीक्षण रिपोर्ट जल्द भेजने का आग्रह किया। महाविद्यालय में काफी संख्या में छात्र नामांकन के लिए आते हैं, परंतु सीट की अनुमति नहीं रहने के कारण उनलोगो का नामांकन नहीं हो पा रहा है। दीपनारायण शर्मा ने बताया कि जैक रांची को आवेदन देकर महाविद्यालय में सीटों की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया था। उन्हीं के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी जांच करने पहुंचे है। हमलोगों ने यहां की समस्या बतायी कि सीटों की संख्या कम होंने के कारण छात्रों को धनबाद बोकारो शिक्षा प्राप्त करने जाते है। बल्कि हमारे यहां के आचार्य गण अच्छी शिक्षा दे रहे है। परंतु सीटों की संख्या कम होने के कारण नामांकन नहीं कर पा रहे है। इसलिए शिक्षा पदाधिकारी ये दो अनुपात सीटों की संख्या बढ़ाने का अनुरोध किया था।

## गोली चलाकर निर्मम हत्या का विरोध किया

**ललपनिया (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत ललपनिया मे एक्टू से संबद्ध झारखंड जेनरल मजदूर यूनियन शाखा टीटीपीएस ललपनिया ने बाघमारा मे सीआइएसफ द्वारा कोयला मजदूरों के उपर गोली चलाकर निर्मम हत्या का विरोध किया किया है। यूनियन के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश राम ने कहा कि किसी भी सूरत में मजदूरों के उपर गोली चलाकर उनकी निर्मम हत्या करना न्याय उचित नहीं है इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। यूनियन के सचिव सुरेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि जिस तरह से बाघमारा कोयले अवैध कालाबाजारी की जा रही है उसमें बडे नेता से अधिकारी की पूरी संलिपता है। सीआईएसफ द्वारा जिस प्रकार बेकसूर चार कोयला मजदूरों को गोली चलाकर निर्मम हत्या की गई और कई लोग अभी लापता हैं। यूनियन के सचिव सुरेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा झारखंड सरकार इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी करवाई करे। मौके पर रामू यादव, रामजी मुर्मू, नागेशवर यादव, आनंद बेसरा, पुरन महतो, शिवचरण मांझी, बुधन बेसरा, बासुदेव महतो, नकुल, कालीचरण मांझी, जलधर महतो ढेना मांझी इत्यादि उपस्थित थे।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग।**

**खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु अति अल्पकालिन निविदा सूचना।**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खुदरा उत्पाद नियमावली 2022 के कंडिका 32 (i) एवं झारखंड राज्य विवरेजेज कॉरपोरेशन लि0, झारखंड, रॉची के पत्रांक-1419 (अनु0) दिनांक-11.10.2022 द्वारा निर्गत नियम / शर्त्तो के साथ हजारीबाग जिलान्तर्गत JSBCL के माध्यम से संचालित खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून (बडा/छोटा) के निष्पादन हेतु जिला स्तर पर निविदा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार आमंत्रित किया जाता है:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त उत्पाद , हजारीबाग में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की प्रारंभिक तिथि। | दिनांक 28.11.2022 |
| 2 | खुदरा उत्पाद दुकानों से खाली कार्टून के निष्पादन हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग में मुहरबंद निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि। | दिनांक 06.12.2022, अपराहन् 04:00 बजे तक |
| 3 | मुहरबंद निविदा खुलने की तिथि | दिनांक 07.12.2022 प्रातः 11:30 बजे से |

उक्त नियमावली के तहत आवेदन करने हेतु निविदा की शर्ते / नियम, आवेदन प्रपत्र, शपथ पत्र, पात्रता की शर्ते, समर्पित किये जाने वाले कागजातों की विवरणी एवं प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत सूचना का अवलोकन हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग में संपर्क किया जा सकता है, तथा जिला वेबसाइट https://hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

नोटः- उक्त निविदा कार्यालय सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग (स्थान- पुराना समाहरणालय परिसर) में खोली जायेगी।

उपायुक्त,
हजारीबाग।

PR 283072 Excise(22-23)D

# असम-मेघालय बॉर्डर पर हिंसा फायरिंग में छह लोगों की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुवाहाटी।** असम-मेघालय सीमा पर लकड़ी की तस्करी को रोके जाने के दौरान मंगलवार तड़के हिंसा भड़क गयी। हिंसा में वन रक्षक समेत छह लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि असम-मेघालय सीमा पर पुलिस ने अवैध लकड़ी के ट्रक को रोका था, जिसके बाद हिंसा भड़क गयी। एहतियात के तौरे पर 7 जिलों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गयी है। मेघालय के मुख्यमंत्री कॉनराड सांग ने मंगलवार को ऐलान किया है कि इस हिंसा में मारे गये प्रत्येक व्यक्तियों के आश्रितों को 5 लाख रुपये, एक अनुग्रह राशि (मुआवजे) के तौर पर दी जायेगी।

## वन रक्षकों ने तीन लोगों को पकड़ा

पश्चिम कार्बी आंगलोंग के पुलिस अधीक्षक इमदाद अली ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि असम वन विभाग ने मेघालय सीमा पर ट्रक को रोका था। ट्रक चालक ने भागने की कोशिश की। उसे रोकने के लिए वन रक्षकों ने फायरिंग कर दी। अधिकारी ने आगे बताया कि फायरिंग में ट्रक का टायर पंक्चर हो गया। वन रक्षकों ने ट्रक चालक समेत तीन लोगों को पकड़ लिया। हालांकि, अन्य भागने में कामयाब रहे।

## हथियार समेत पहुंची भीड़

अधिकारी ने बताया कि घटना के बारे में नजदीकी पुलिस थाना में जानकारी दी गयी और अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की। सुबह पांच बजे पुलिस के पहुंचते ही कुछ स्थानीय लोग हाथों में हथियार लिए वहां पहुंच गए। भीड़ ने तस्करों को छोड़े जाने की मांग को लेकर वन रक्षकों और पुलिस को घेर लिया। बचाव में भीड़ पर गोली चलानी पड़ी।

## वन रक्षक समेत छह लोगों की मौत

गोलीबारी में वन रक्षक की मौत हो गयी। उसके अलावा मेघालय के पांच लोगों की भी मौत हुई है। हिंसा में घायल हुए लोगों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। वन रक्षक की मौत की वजह का पता नहीं चल सका है। घटना की जांच शुरू कर दी गयी है।

## सात जिलों में इंटरनेट सेवा बंद

उधर, एहतियात के तौर पर मेघालय के सात जिलों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। सीएम कोनराड संगमा ने बताया कि मामले में मेघालय पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# नवीन पटनायक ने किया 25 करोड़ की छह परियोजनाओं का लोकार्पण

## मालकानगरी मेरे लिए हमेशा खास रही: पटनायक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मंगलवार को मालकानगरी जिले के लिए 6 महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसके लिए 25 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से जिले का सामाजिक और आर्थिक विकास आगे बढ़ेगा। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए परियोजना का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मालकानगिरी मेरे लिए हमेशा खास रही है। मालकानगिरी के विकास कार्य से मुझे सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। मुझे पूरा विश्वास है, मालकानगिरी की पहचान भविष्य में और भी उज्वल होगी। मालकानगिरी राज्य के अग्रणी जिले के रूप में विकास के नक्शे पर अपनी स्थिति और मजबूत करेगी।

उद्घाटन की परियोजनाओं में से अन्वेशा कार्यक्रमों में शिक्षा ग्रहण करते हुए अनुसूचित जनजाति और जाति के बच्चों के लिए दो छात्रावास हैं। इसमें 600 लड़के और 600 लड़कियों के ठहरने की व्यवस्था की गयी है। मोटू ट्राई जंक्शन पर बीजू पटनायक अंतरराज्यीय बस टर्मिनल। इसने जिले के साथ-साथ छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश के लिए गमना गमन की सुविधा प्रदान की है। इसके अलावा, मालकानगरी को बंड़ा क्षेत्र से जोड़ने वाला एक उच्च-स्तरीय पुल और बालीमेला में तमसा नदी पर बीजू सेतु, खेल विकास के लिए एक जूडो अकादमी और बच्चों के लिए एक आश्रय स्थल।

मुख्यमंत्री ने मालकानगिरी जिले में त्वरित विकास कार्यक्रम की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि मालकानगिरी के लोग आज विकास के साथ से जुड़े हैं। विकास कार्यों में आपके सहयोग ने हमें हमेशा प्रोत्साहित किया है। जिले में शिक्षा और जागरूकता का प्रसार किया गया है। संचार में सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने भुवनेश्वर के सर्वश्रेष्ठ सरकारी महिला विश्वविद्यालय में पढ़ रही बंडा घाटी की एक लड़की करमा मुदुली का उदाहरण देते हुए कहा कि शिक्षा अवसर लाती है और शिक्षा ने यह परिवर्तन लाया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित छात्रों को पाठ पढ़कर अपनी एक पहचान बनाने की सलाह दी। इस अवसर पर चित्रकुंडा विधायक पूर्णचंद्र बाका और जिला परिषद अध्यक्ष समारी टांगलू प्रमुख भाषण दिया और मालकानगिरी जिले के तेजी से विकास के लिए मुख्यमंत्री के मजबूत नेतृत्व की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री के 5 टी सचिव वीके पांडियन कार्यक्रम का संचालन किया। बैठक में विभिन्न विभागों के मुख्य सचिव और सचिव मौजूद थे।

# एमसीएल जागृति महिला मंडल ने 14 महिलाओं को दिया प्रमाण पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुर्ला।** एमसीएल जागृति महिला मंडल द्वारा जागृति महिला मंडल सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र, जागृति विहार, बुर्ला में अपने स्ववलंबन परियोजना के तहत 6 महीने की सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण की ट्रेनिंग दी गयी थी। 14 महिलाओं को निःशुल्क सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। यह ट्रेनिंग पूरी होने के बाद अब इन्हें सर्टिफिकेट प्रदान किये गये, जिससे वे अब खुद का बिजनेस कर सकेंगी यानी सिलाई केंद्र खोल सकेंगी। इतना ही नहीं, सिलाई उद्योग से संबंधित कई कंपनियों में जॉब भी कर सकेंगी।

जागृति महिला मंडल एक कार्यक्रम के दौरान 6 महीने तक सिलाई की ट्रेनिंग लेने वाली 14 बेटियों और महिलाओं को जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह तथा उपाध्यक्षा रश्मि बेहुरा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सिलाई केंद्र की मेकला सेलवान ने संचालक का दायित्व निभाया, जबकि जागृति महिला मंडल की सचिव बिनीता सिंह एवं संयुक्तत सचिव अलका मेहरा के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ।

# भाई राहुल का साथ देने मैदान में उतरेंगी प्रियंका

## पहली बार भारत जोड़ो यात्रा में होंगी शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता




**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही 'भारत जोड़ो यात्रा' कल यानी बुधवार को मध्य प्रदेश में प्रवेश कर जाएगी। मध्य प्रदेश में राहुल गांधी का साध देने के लिए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी यात्रा में शामिल होंगी। ऐसा पहली बार होगा जब प्रियंका गांधी वाड्रा राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी। कांग्रेस पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार को एक ट्वीट कर प्रियंका गांधी के यात्रा में शामिल होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी मध्य प्रदेश में चार दिनों के लिए भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होंगी। उन्होंने कहा, भारत जोड़ो यात्रा के लिए बुधवार को यात्रा बुरहानपुर के पास मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी।


पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

ई–निविदा सूचना संख्याः

एस०जी०/डी०एस०ई०/ओ०टी०/07/22

वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता, पूर्व मध्य रेल, राष्ट्रपति के तरफ से ई–निविदा, अनुभवी ठेकेदार से निर्मित फार्म में नीचे दिए गए कार्यो के लिए आमन्त्रित करती हैः (1) **कार्य का नाम एवं स्थानः** अल्टरेशन ईन एग्जिस्टिंग सिमेन्स एमके–II ईआई इन कनेक्शन विथ प्रोविजन ऑफ सैंड हम्प/ट्रैप पॉइंटस ईन एडभान्स ऑफ स्टॉप सिग्नलस ईन अप लूप लाईन एंड डाउन लूप लाईन एट सीडीएमआर स्टेशनः अल्टरेशन ईन एग्जिस्टिंग सिमेन्स एमके–II ईआई इन कनेक्शन विथ सिफ्टिंग ऑफ एस एंड टी यूटिलिटीस फॉर कन्सट्रक्शन ऑफ आरओबी इंटरलॉक्ड ट्रैफीक गेज नं० 72 ए एट एसवाईजे स्टेशन। (2) **कार्य का अनुमानित मूल्यः** रू० 95,62,844.36/– (पनचान्वे लाख बासठ हजार आठ सौ चौआलीस रूपये एवं छत्तीस पैसे मात्र)। (3) **धरोहर राशिः** रू० 1,91,300/–(एक लाख इकान्वे हजार तीन सौ रूपये मात्र) (4) **ई–निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 15.12.2022 को 12:30 तक। (5) **वेब साईट का पता जहाँ से ई–निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता हैः** www.ireps.gov.in

स०सं० एवं दू०सं०अभि०

पूर्व मध्य रेल, पं०दी०द०उपा०

पीआर/01511/डीडीयू/एसएण्डटी/टी/22–23/36


# आइसीक्यूसीसी-22: जिंदल स्टील एंड पावर ने जीते 5 स्वर्ण पदक



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल जाकार्ता इंडोनेशिया में आयोजित क्वालिटी कंट्रोल सर्कलस-22 (आइसीक्यूसीसी) पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। 15 और 18 नवंबर के बीच आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में जेएसपी अंगुल प्रकल्प से 4 टीम और टेनसा से एक टीम ने भाग लेकर विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया और 5 स्वर्ण पदक जीते। आइसीक्यूसीसी क्वालिटी कंट्रोल सर्कल के क्षेत्र में विश्व स्तर पर स्वीकृत मानक है और 14 देशों के 757 इंजीनियरों ने इस सम्मेलन में भाग लिया और अपने अद्वितीय कौशल का प्रदर्शन किया।

जेएसपी में टोटल प्रोडक्टिव मेंटेनेंस (टीपीएम) हमेशा किया जाता है। टीपीएम एक जापानी प्रक्रिया है, जिसमें प्लांट के सभी कर्मचारी निरंतर सुधार के लिए काम करते हैं।

इस के साथ जेएसपी के कार्यरत भुवन प्रताप - एवीपी और हेड (टीपीएम), सेंट्रल टीक्यूएम, एनर्जी मैनेजमेंट, आइसीक्यूसीसी के लिए एक प्रमाणित न्यायनिर्णायक के रूप में मान्यता प्राप्त की है।

# उत्तरी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट बोले सेना पीओके पर कार्रवाई को तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्रीनगर।** उत्तरी कमांड के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा- भारत सरकार जब आदेश देगी, सेना पीओके पर कार्रवाई करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि पीओके के विषय पर संसद में प्रस्ताव पास हो चुका है। भारतीय सेना सरकार के हर आदेश के लिए पूरी तरह से तैयार है। सरकार जब भी आदेश देगी सेना अपनी पूरी तैयारी के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने यह भी बताया कि भारत में घुसपैंठ के लिए पाकिस्तानी लॉन्चपैड पर करीब 160 आतंकी मौजूद हैं। हम उनके मंसूबे कामयाब नहीं होने देंगे। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर में हो रही टार्गेट किलिंग पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि, राज्य में आतंकवाद को रोकने के लिए काफी काम किया गया है। जिससे बौखलाए आतंकियों की तरफ से कभी पिस्टल कभी हथियार इस तरह भेजने के प्रयास किये जाते हैं और निहत्थे लोगों को टारगेट किया जाता है। लेकिन आतंकी अपने मंसूबों में कभी कामयाब नहीं हो पायेंगे। उन्होंने बताया कि, लॉन्चपैड पर लगभग 160 आतंकवादी बैठे हैं जिनमें पीर पंजाल के 130 उत्तर और पीर पंजाल के दक्षिण में 30 हैं। पूरे भीतरी इलाकों में कुल 82 पाकिस्तानी आतंकवादी और 53 स्थानीय आतंकवादी बैठे हैं।


DADI PLASTIC & KITCHENWARE

Home & Kitchen

Deals in : Specially in Plastic & Cleaning

(WHOLESALE & RETAIL)

MILTON cello BRW ARISTO TECHNO DEEPAK PARAS CUBO

North Market Road, Upper Bazar, Ranchi - 834001 (Jharkhand) Mob. : 9693000799, 7979703432

रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता

ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र

ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • हस्त रेखा • अंक शास्त्र

पंडित शशि कांत मिश्रा

पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, अपोजिट-भूतपूर्व बारगेन बाजार, रांची

फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761


# एएसओ परीक्षा पारदर्शी तरीके से ली गयी : सत्यजीत महांती

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** ओपीएससी के अध्यक्ष सत्यजीत महांती ने एएसओ परीक्षा में व्यापक अनियमितता के आरोपों का खंडन किया है। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि इस वर्ष एएसओ परीक्षा का आयोजन पारदर्शी तरीके से किया गयी थी। किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। इसलिए इसे लेकर अपप्रचार फैलाना और सोशल मीडिया पर पोस्ट करना ठीक नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि हर शिकायत की अनुध्यान की जायेगी। अगर उनके आरोपों में सच्चाई है, तो हम निश्चित तौर पर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान परीक्षा के लिए 2 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने अपना नाम पंजीकरण किये थे। इसमें से करीब 1 लाख बच्चों ने परीक्षा दी। वर्तमान परीक्षा में सामान्य वर्ग के लिए 40 प्रतिशत अंक और एसीबीसी, एसी, एसटी वर्ग के लिए 30 प्रतिशत अंक निर्धारित किये गये थे, जिन लोगों को लगता था कि हमने अच्छे नंबर डाल दिये हैं, असल में उन्होंने क्वालिफाई नहीं किया होगा। साथ ही शिकायत करने वालों की भी जांच होनी चाहिए। हम हाइकोर्ट के आदेश के मुताबिक काम करेंगे। हम 2022 में पहली बार परिणाम प्रकाशित कर रहे थे, लेकिन हाईकोर्ट ने 2016 में ऐसा करने का आदेश दिया है। इसी के साथ सत्यजीत महांती ने कहा कि हम हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार परिणाम प्रकाशित करेंगे।

उम्मीदवारों ने ओडिशा लोक सेवा आयोग (ओपीएससी) द्वारा आयोजित एएसओ परीक्षा को लेकर शिकायत की थी। इसको लेकर एएसओ परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवारों ने भी धरना दिया था। ओपीएससी अधिकारी के अनुसार, कटऑफ ओपीएससी नियमों के अनुसार अंतिम परिणाम के बाद प्रकाशित किया जायेगा, लेकिन अब हाईकोर्ट ने यह फैसला दिया है कि इसे 2016 की नीति के अनुसार प्रकाशित किया जायेगा।


study MBBS in ABROAD

RUSSIA GEORGIA POLAND EGYPT KAZHAKASTAN UZBEKISTAN

Get Direct Admission in Top Government Medical Universities of ABROAD.

UNIVERSITY FLY

Call Now ! +91-7903149721

www.universityfly.com

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| * Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | * Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| * Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | * Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| * Mathematics Practical | ₹ 60 | | |
| * Science Practical | ₹ 60 | | |
| * S. Science Practical | ₹ 60 | | |
| * Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 | * Hindi Vyakaran– I | ₹ 60 |
| * English Grammar– I | ₹ 60 | * English Grammar– I | ₹ 60 |
| * Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 | * Sanskrit Vyakaran– I | ₹ 50 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

अविराम ए ग्रुप ऑफ इंस्टीटयुशंस

(मान्यता एवं संबद्धता रांची वि.वि., जैक, एनपीयू, पी.सी.आई., JSPC, JNRC एवं चिह्नित NCTE भुवनेश्वर उड़ीसा)

टिको, कुडू, लोहरदगा एवं हुटाप, चंदवा, लातेहार (झारखंड)

इंटर एवं स्नातक पास बालक/बालिकाएं शीघ्र प्रवेश लें एवं B.ed के अतिरिक्त अन्य में सीधे प्रवेश हेतु आवेदन करें

झारखंड स्टेट एवं रांची विश्वविद्यालय में टॉपर देने वाले संस्थान में प्रवेश का सुनहरा अवसर

ए.एन.एम A.N.M | डी.फार्मेसी D.Pharmacy | बी.एड. B.Ed. | बी.एस.सी. नर्सिंग B.Sc Nursing | डी.एल.एड D.El.Ed

FACILITIES : SCHOLARSHIP ◆ BUS & HOSTEL FACILITY ◆ CAMPUS PLACEMENT ◆ WELL EQUIPPED LAB ◆ ONLINE ADMISSION PAYMENT & ONLINE CLASS FACILITY

Coming Soon Paramedical Courses

◆ Diploma in Operation Theater

◆ DMLT ◆ Dresser

URGENT REQUIREMENT

◆ B. Sc Nursing/ M.Sc Nursing Pass

◆ D. Pharma/ B. Pharmacy Pass

◆ B.Ed & M.Ed in (Science/Literature Social Science)

Send resume within 3 days in 7782054270

संपर्क कीजिए : 7782054270, 8987470640 | www.aviramcollege.com, www.aviramcollegeofnursing.com bedcollege2011@gmail.com/aviram.gv@gmail.com



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**